सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-226 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 07 फरवरी 2025
08 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## राज्यसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम मोदी, डिपोर्ट मामले में हंगामा

# कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट : मोदी

- हमने संतुष्टिकरण का मॉडल दिया
- आज जातिवाद का जहर फैलाने के लिए भरपूर प्रयास हो रहा
- कांग्रेस का साथ छोड़ भाग रहे हैं उनके साथी
- बाबा साहब अम्बेडकर के सपने को पूरा करने का कार्य हमने मुद्रा योजना से किया : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' उनकी सरकार का मूलमंत्र रहा है जबकि कांग्रेस का मूलमंत्र 'परिवार प्रथम' रहा है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि उसने राजनीति का एक ऐसा मॉडल तैयार किया था, जिसमें 'झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार परिवारवाद, तुष्टीकरण आदि का घालमेल था। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के मॉडल में 'परिवार प्रथम' ही सर्वोपरि है। इसलिए, उनकी नीति-रीति, वाणी-वर्तन उस एक चीज को संभालने में ही खपता रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवंत मीडिया और लोकतंत्र वाले देश ने उन्हें तीसरी बार देश की सेवा का मौका दिया और यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि जनता ने विकास के उनके मॉडल को परखा, समझा और समर्थन दिया है। उन्होंने कहा, ''इस मॉडल को हमें एक शब्द में समझना है तो यह है 'राष्ट्र प्रथम'। इसी भावना और समर्पित भाव से हमने लगातार अपनी नीतियों में, अपने कार्यक्रमों में, वाणी-वर्तन के माध्यम से देश की सेवा करने का प्रयास किया है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में भारत की उपलब्धियों के बारे में, दुनिया की भारत से अपेक्षाओं के बारे में और भारत के सामान्य जन के आत्मविश्वास, विकसित भारत के संकल्प जैसे सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की है।

### कांग्रेस ने फ्रीडम ऑफ स्पीच को कुचला

कांग्रेस ने आजादी के तुरंत बाद ही उनकी भावनाओं की धज्जियां उड़ा दी थीं। जब देश में चुनी गई सरकार नहीं थी, तब जो बैठे थे महाशय, उन्होंने संविधान में संशोधन कर दिया आते ही। चुनी हुई सरकार आने तक का भी इंतजार नहीं किया। उन्होंने, फ्रीडम ऑफ स्पीच को कुचला। अखबारों पर लगाम लगाई और डेमोक्रेट का टैग लगाकर घूमते रहे दुनिया में। ये संविधान की भावना का पूरी तरह अनादर था। नेहरू जी प्रधानमंत्री थे, पहली सरकार थी और मुंबई में मजदूरों की एक हड़ताल हुई। उसमें मजरूह सुल्तानपुरी ने एक कविता गाई थी, कॉमनवेल्थ का दास है, इसके जुर्म में नेहरू जी ने उन्हें जेल भेज दिया। बलराज साहनी एक जुलूस में शामिल हुए थे, उन्हें जेल में बंद कर दिया गया था। लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर ने वीर सावरकर पर एक कविता आकाशवाणी पर प्रसारित से रोक दिया गया, उन्हें आकाशवाणी से बाहर कर दिया गया।



# क्लैट से जुड़ी सभी याचिकाएं दिल्ली हाईकोर्ट ट्रांसफर

**तीन मार्च को होगी सुनवाई**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुसंगत निर्णय सुनिश्चित करने के लिए 2025 क्लैट परिणामों को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को विभिन्न उच्च न्यायालयों से दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया। कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (सीएनएलयू) की याचिकाओं को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के साथ-साथ न्यायमूर्ति संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने निर्देश दिया कि सभी याचिकाओं पर 3 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा सुनवाई की जाएगी।

सामान्य कानून प्रवेश परीक्षाओं, पीजी और यूजी से संबंधित मामलों को दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ में स्थानांतरित किया जाएगा जहां एक पत्र पेटेंट अपील लंबित है। रिकॉर्ड को सात दिनों के भीतर शीघ्रता से स्थानांतरित किया जाना है। पिछले साल दिसंबर में आयोजित कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट 2025, भारत भर के राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर कानून कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। विभिन्न उच्च न्यायालयों में कई याचिकाएँ दायर की गई, जिनमें दावा किया गया कि परीक्षा में कई प्रश्नों में त्रुटियाँ थीं। पीठ ने किसी अन्य उच्च न्यायालय में लंबित किसी अन्य मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का सर्वव्यापी निर्देश भी पारित किया। पीठ ने कहा कि हम एक सर्वव्यापी आदेश पारित करने के इच्छुक हैं कि किसी अन्य उच्च न्यायालय या किसी अन्य मामले में, प्रतिवादी/सीएनएलयू मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के लिए उच्च न्यायालय के समक्ष इस आदेश की एक प्रति दाखिल करने का हकदार है।

## न्यूज डायरी

### धनंजय मुंडे पाए गए दोषी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के खाद्य और नागरिक आपूर्ति



मंत्री धनंजय मुंडे को घरेलू हिंसा मामले में दोषी पाया गया है। बांद्रा फैमिली कोर्ट ने शिकायतकर्ता करुणा शर्मा के पक्ष में फैसला सुनाया है। मजिस्ट्रेट एबी जाधव ने एक आदेश जारी कर मंत्री को अंतिम फैसला आने तक शिकायतकर्ता को प्रति माह 1.25 लाख रुपये और उनकी एक बेटी को 75,000 रुपये प्रति माह का भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, अदालत ने आवेदन की लागत को कवर करने के लिए मुआवजे के रूप में 25,000 रुपये दिए।

### एक्टर सोनू सूद की बढ़ी मुश्किलें

**लुधियाना।** लुधियाना की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट



रमणप्रीत कौर ने बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह वारंट सूद के अदालत में गवाही देने के लिए बार-बार समन भेजे जाने के बावजूद कोर्ट में पेश न होने के कारण जारी किया गया है। इस मामले में लुधियाना के वकील राजेश खन्ना ने मोहित शुक्ला के खिलाफ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है, जिसमें उसे नकली रिजिका सिक्का में निवेश करने के लिए लालच दिया गया था और इस शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### रेपो दर में कटौती की उम्मीद

**मुंबई।** आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा



की अगुवाई में हो रही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की घोषणा शुक्रवार सुबह की जाएगी। विशेषज्ञों ने ऐसी संभावना जताई है कि एमपीसी लगभग पांच साल के अंतराल के बाद रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का फैसला कर सकती है। रेपो दर दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछली बार मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी।

# भारत ने चार विकेट से इंग्लैंड को पहले वनडे में हराया

- हर्षित-जडेजा के बाद आया श्रेयस-शुभमन और अक्षर का तूफान
- जीत के साथ भारत ने बनाई 1-0 से बढ़त



**नागपुर।** भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इससे पहले टीम इंडिया ने इंग्लैंड को पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से हराकर सीरीज अपने नाम की थी। गुरुवार को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 47.4 ओवर में 248 रन बनाए। जवाब में भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। वनडे विश्व कप 2023 के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने आठ में से सात वनडे मैच गंवाए हैं। अब टीम इंडिया की नजर दूसरे वनडे में जीत के साथ अजेय बढ़त बनाने पर होगी। यह मुकाबला कटक में नौ फरवरी को खेला जाएगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। यशस्वी जायसवाल (15) और रोहित शर्मा (02) 19 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद मोर्चा शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 गेंदों में 94 रनों की साझेदारी हुई।

# आत्मनिर्भरता से ही विकसित होगा उत्तराखंड : योगी

## मुख्यमंत्री योगी तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे, किसान मेले का किया उद्घाटन

- सीएम योगी ने की कृषि को पारंपरिक रूप से जोड़ने की अपील




**पौड़ी गढ़वाल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे, जहां उन्होंने यमकेश्वर स्थित गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ जी महराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही, देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। किसान मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और आधुनिक कृषि तकनीकों को करीब से देखा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की कृषि को आत्मनिर्भर और उन्नत बनाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की पावन भूमि को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार के सहयोग से यह महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तराखंड के जीवतंत्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का विशेष उल्लेख किया और बताया कि यह विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा संस्थान है जो कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि 1960 में उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत के नाम पर इस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, जब देश में खाद्यान्न संकट था। इस विश्वविद्यालय ने हरित क्रांति को बढ़ावा देकर देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया। योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी की अन्न योजना का जिक्र करते हुए बताया कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को सरकार मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न सुरक्षा से बड़ी कोई गारंटी इस दुनिया में नहीं हो सकती।

# राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

- वीआईपी के मद्देनजर सुरक्षा रही सख्त



**महाकुंभनगर।** विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में संगम पर लगे महाकुंभ में बृहस्पतिवार को दो राज्यों के राज्यपाल, दो मुख्यमंत्रियों समेत केंद्र और राज्यों के 15 से अधिक मंत्रियों ने डुबकी लगाई। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने संगम में डुबकी लगाकर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।

वीआईपी आमद के मद्देनजर मेला क्षेत्र में चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। राज्यपाल, सीएम, डिप्टी सीएम और अन्य मंत्रियों ने बड़े हनुमान के बाद ज्ञान की गहरी जड़ों के रूप में अक्षयवट के भी दर्शन किए। तीसरे और आखिरी अमृत स्नान के बाद संगम के तट पर आम श्रद्धालुओं के साथ ही वीआईपी का भी तांता लगने लगा है। बृहस्पतिवार को संगमनगरी की सड़कों पर सीएम तक की फ्लीट आगे बढ़ने के लिए मशक्कत करती नजर आई। मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह की फ्लीट को अलोपीबाग चुंगी चौराहे के पास सुरक्षाकर्मियों ने रोक दिया। काफी मशक्कत के बाद उनकी फ्लीट संगम की ओर जा सकी। संगम पर उन्होंने अपने मंत्रियों और परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई। इसी दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी कैबिनेट के मंत्रियों, परिजनों के साथ संगम पर पहुंचे और पुण्य की डुबकी लगाई। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी, पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक, ओडिसा के डिप्टी सीएम कनकवर्धन सिंह ने भी अपनी कैबिनेट के कई मंत्रियों के साथ संगम में स्नान किया। इनके अलावा प्रदेश की कैबिनेट के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, राज्यमंत्री रामकेश निषाद और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु भी संगम पहुंचे।

# सरल भाषा में तैयार हुआ नया आयकर विधेयक

- मंत्रिमंडल की बैठक में आज चर्चा संभव
- छह दशक पुराना है आयकर अधिनियम



**नई दिल्ली।** वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे ने बताया कि अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने वाले नए आयकर विधेयक में लंबे वाक्य, प्रविधान और स्पष्टीकरण नहीं होंगे। नया आयकर विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के लिए तैयार किया गया है।

नए विधेयक पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा होने की संभावना है। नए विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में की थी। इस विधेयक में 2025-26 के बजट में आयकर दरों, स्लैब और स्त्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) संबंधी प्रविधानों में किए गए बदलावों को भी शामिल किया जाएगा। पांडे ने यहां उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर्स आफ कामर्स के एक कार्यक्रम में कहा, जब आप अगले सप्ताह नया आयकर विधेयक देखेंगे, तो आपको एक बहुत ही अलग विधेयक दिखाई देगा। हम जिस तरह से कानून लिखते हैं, उसमें बदलाव हो रहा है। आपको लंबे वाक्य बहुत कम देखने को मिलेंगे, शायद आपको प्रविधान, स्पष्टीकरण देखने को ही न मिलें।

## यूजीसी नियमों के विरोध में उतरे राहुल गांधी

# आरएसएस अपना विचार थोपना चाहती है

- आरएसएस का इरादा राज्यों के इतिहास और संस्कृति को खत्म करना
- शिक्षा को राज्य सूची में वापस लाया जाएगा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का इरादा देश पर एक विचार, एक इतिहास और एक भाषा थोपने का है, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। वह यूजसी के मसैदा नियमों के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर द्रमुक की छात्र इकाई द्वारा आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए। राहुल गांधी ने दावा किया, ''आरएसएस का उद्देश्य अन्य सभी इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं को मिटाना है। यही तो वे हासिल करना चाहते हैं। उनका इरादा देश पर एक ही विचार, इतिहास और भाषा थोपने का है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस विभिन्न राज्यों की शिक्षा प्रणालियों के साथ भी ऐसा ही करने का प्रयास कर रहा है तथा यह उनके एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक और कदम है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''प्रत्येक राज्य की अपनी अनूठी परंपरा, इतिहास और भाषा होती है, यही कारण है कि संविधान में भारत को राज्यों का संघ कहा जाता है। हमें इन मतभेदों का सम्मान करना चाहिए और समझना चाहिए। उनके मुताबिक, तमिल लोगों का हजारों वर्षों से चला आ रहा समृद्ध इतिहास, संस्कृति और परंपरा है। राहुल गांधी ने कहा, ''यह तमिल लोगों और अन्य राज्यों का अपमान है जहां आरएसएस अपनी विचारधारा थोपने की कोशिश कर रही है। यह आरएसएस द्वारा उन सभी चीजों को कमजोर करने का एक प्रयास है। उनका कहना था, ''कांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन में बहुत स्पष्ट है कि हर एक राज्य, हर इतिहास, हर भाषा और हर परंपरा का सम्मान किया जाना चाहिए। उनके साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए, अलग-अलग नहीं। राहुल गांधी ने कहा, ''हमने अपने घोषणापत्र में पहले ही कहा था कि शिक्षा को राज्य सूची में वापस लाया जाएगा। मैं मंच पर मौजूद अपने सभी दोस्तों से कहना चाहता हूं कि आप जो कह रहे हैं हम उसका पूरा समर्थन करते हैं।

# शेख हसीना के बयान पर बौखलाया बांग्लादेश

## भारतीय उप उच्चायुक्त को पत्र लिखकर दर्ज कराया विरोध

**ढाका।** बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी



बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि बांग्लादेश ने भारत में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा दिए गए झूठे और मनगढ़ंत बयानों पर भारत से विरोध दर्ज कराया है। बता दें कि यह घटनाक्रम हसीना द्वारा बुधवार रात सोशल मीडिया के माध्यम से दिए गए भाषण के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने देशवासियों से मौजूदा शासन के खिलाफ संगठित तौर पर प्रतिरोध करने की अपील की थी। मामले में विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त को सौंपे गए विरोध पत्र में बांग्लादेश ने 'गहरी चिंता, निराशा और गंभीर आपत्ति' जताई है। साथ ही बांग्लादेश ने कहा है कि इस तरह के बयान देश के लोगों की 'भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।

# शराब के दामों में अप्रैल से होगा मामूली इजाफा

**कैबिनेट ने 60 हजार करोड़ कमाने का लक्ष्य किया निर्धारित**

**लखनऊ।** नई आबकारी नीति में देशी शराब के दाम में 5 रुपये का इजाफा किया गया है। देसी शराब की 200 एमएल की बोतल में अप्रैल माह से 5 रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। हालांकि आबकारी विभाग ने देसी शराब बनाने वाली डिस्टलरी, थोक कारोबारी और फुटकर कारोबारियों का मार्जिन भी बढ़ाया है। फुटकर दुकानों का कोटा 10 फीसद बढ़ाया गया है। इन कदमों से देसी शराब बनाने से जुड़े उद्योग एवं कारोबारियों का मुनाफा बढ़ेगा, साथ ही विभाग को भी अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। बृहस्पतिवार को कैबिनेट ने नई आबकारी नीति में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 60 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि नई नीति में कंपोजिट दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है, जिसमें विदेशी मदिरा, बीयर, वाइन की बिक्री एक साथ हो सकेगी। यदि कोई कंपोजिट शॉप का लाइसेंसधारक मॉडल शॉप की अर्हताएं पूरी करता है और अपनी कंपोजिट शॉप को मॉडल शॉप में परिवर्तित करने का अनुरोध करता है तो उससे मदिरा पान शुल्क लेकर परिवर्तन करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि नई नीति में शराब का आयात-निर्यात बढ़ाने को तमाम रियायतें भी प्रदान की गई हैं। इसके तहत निर्यात पास फीस और फ्रेंचाइजी शुल्क को कम किया गया है। विदेशी मदिरा के कारोबार को प्रोत्साहन देने के लिए पर्यटकों को डिस्टलरीज और ब्रेवरीज का भ्रमण कराया जाएगा।



## रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** शाहाबुद्दीनपुर अजान स्थित रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में 06 फरवरी दिन वृहस्पतिवार को सीतापुर आँख अस्पताल सीतापुर के चिकित्सकों व उनकी टीम द्वारा एक बृहद निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य व प्रमुख समाजसेवी संदीप वर्मा व प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिसका शुभारंभ थानाध्यक्ष हैदराबाद शिवा दुबे व चौकी इंचार्ज अजान जेपी यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। नेत्र कैंप में सीतापुर आँख अस्पताल सीतापुर की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सोनिया भारद्वाज , कैम्प इंचार्ज राम किशोर शुक्ला, व चिकित्सा टीम से स्नेहा, विनय, सिमिरन, प्रिया, शाहनवाज हुसैन, करन, कश्यप, प्रियाशी, कमाल के कुशल नेतृत्व में 287 मरीजों की आँखों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार चश्में , आई ड्रॉप्स व आपरेशन वाले 157 मरीजों को चिन्हित करके बस द्वारा नेत्र आपरेशन के लिए सीतापुर आँख अस्पताल ले जाया गया। नेत्र कैम्प में निःशुल्क बीपी, मधुमेह, थाईराईड, आदि जांचे भी की गई। नेत्र शिविर में आए हुए क्षेत्र के मरीजों व उनके तीमारदारों ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य व प्रमुख समाज सेवी संदीप वर्मा द्वारा रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कॉलेज में समय समय पर इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों के आयोजन से क्षेत्रवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओ का लाभ मिलता रहता है।

# प्रभारी मंत्री ने खीरी थाने का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** जिले के प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उ0 नितिन अग्रवाल गुरुवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी नेपाल सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ सर्वप्रथम थाना खीरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे थाना परिसर, लॉकअप, मालखाने, मेस, महिला सुरक्षा डेस्क तथा सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण किया अभिलेखों का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित फरियादियों और नागरिकों से पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने मालखाना, विवेचना डायरी, वारंट रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही लिखा-पढ़ी करने वाले पुलिसकर्मियों से काम के दौरान होने वाली व्यावहारिक परेशानी के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को लेकर अफसरो के साथ विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए प्रभारी मंत्री ने खीरी थाने की चाक चौबंद व्यवस्था देखकर प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय की सराहना की तथा संतुष्ट दिखाई पड़े। प्रभारी मंत्री ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने गरीब असहाय गरीब असहाय को न्याय दिलाने की बात कही।

## कार की टक्कर लगने के बाद बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** गोला-अलीगंज मार्ग पर कार की टक्कर लगने के बाद बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद चालक कार मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया कोतवाली क्षेत्र के गांव कंजा निवासी अनिल वर्मा (58) अपने भतीजे मनोज कुमार (34) के साथ बुलेट बाइक से बेटी के घर गांव भदेड़ गए थे। वापस आते समय अलीगंज मार्ग पर उनकी बाइक कार से टकरा गई। इसमें अनिल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज कुमार को सीएचसी में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया हादसे की सूचना मिलने पर सीओ गवेंद्र गौतम, क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र पांडे मौके पर पहुंच गए हैं। हादसा होते ही चालक कार छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। दोनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। अनिल वर्मा अपने पीछे पत्नी ऊषा देवी, एक पुत्र, दो बेटियां छोड़ गए हैं, जिसमें एक बेटी की शादी हो चुकी है। मनोज वर्मा अपने पीछे पत्नी अनुराधा और तीन बेटियों को छोड़ गए हैं।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा जलालपुर मोड़ तिराहा से मु0अ0स0 704/2024 धारा 70(1)/351(2) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त रोनी विश्वास पुत्र विकास कुमार विश्वास नि0 अगैय्या थाना नानपारा जनपद बहराइच गिरफ्तार किया गया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद के ग्राम सुन्दरपुर मे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना हैदराबाद के गांव सुन्दरपुर निवासी सर्वजीत ने अपने घर के कमरे मे कुंडे मे लटककर आत्महत्या कर दी। बताया जाता है कि पत्नी कुछ दिनों से मायके मे थी।

## शुक्रवार और शनिवार को भी तेज हवाएं चलने की संभावना

**लखीमपुर खीरी।** रात से चल रहीं तेज सर्द हवाओं ने सुबह शाम की सर्दी को बरकरार रखा तो वहीं दोपहर को 26 डिग्री सेल्सियस की धूप से भी राहत दिलाई। बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान करीब 18 से 21 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। बसंती हवाओं में युवाओं ने जमकर पतंगबाजी की। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार और शनिवार को भी तेज हवा तापमान में कुछ गिरावट लाएगी। वहीं सुबह शाम को सर्दी भी बढ़ सकती है। बृहस्पतिवार को लोग सुबह के समय गर्म कपड़े पहने नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दो दिनों तक तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। शुक्रवार और शनिवार को भी तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे सुबह और शाम की ठंड और बढ़ सकती है।

## सातवें दिन नहर में उतराता हुआ मिला युवक का शव

**लखीमपुर-खीरी।** घर से लापता हुए एक युवक का शव सातवें दिन नहर में उतराता हुआ मिला है। मौके पर पहुंचीं मितौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा है। शव मिलने से परिजन बेहाल हो उठे हैं। मितौली थाना क्षेत्र के मड़िरया गांव निवासी 40 वर्षीय तीरथराम भीखमपुर चौराहे पर बाल कटिंग की दुकान चलाता था। तीरथराम की पत्नी की आठ साल पहले मौत हो चुकी थी। 31 जनवरी को शाम करीब 5 बजे अपनी इकलौती बेटी नैना को पराग रोड देकर अभी थोड़ी देर में आने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी। नहर में डूबने की आशंका की वजह से लोगों ने नहर में उसकी तलाश की। खाद में पानी बंद कराकर तलाश की गई। लेकिन तीरथराम का पता न चल सका। तीरथराम का शव सीतापुर रजबहा (नहर) में गुरुवार को उतराता मिला है। कस्ता के पास टिकरिया गांव के पास लोगों ने शव नहर में उतराते देखे जाने की सूचना मितौली पुलिस को दी। खबर फैलते ही मौके पर पुलिस व परिजनों सहित काफी लोग मौके पर जमा हो गए।

## एक युवक को चोरी के माल समेत दबोच कर भेजा चालान

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैलानी पुलिस ने एक युवक को चोरी के माल समेत दबोच कर चालान भेजा है। कुकुरा निवासी हसीब खां को पुलिस ने चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से चोरी का एक पुराना गैस चुल्हा, एक पुराना मिक्सीजार, पांच स्टील की प्लेटे, एक ई रिक्शा चार्जर, एक पुराने पंखे की मोटर, एक रिन्च, पुराना एक टूटा पंखा व एक स्कूटी का नया मुड्डा रखा बरामद हुआ। पकड़े गए युवक का चालान भेज दिया गया है।

## किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया युवक

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस के एक गांव मे एक युवक को किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। पुलिस ने परिजन की तहरीर पर पाक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज करके आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

## गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक कार पर पलटा, चालक की मौत

**सहारनपुर।** थाना सरसावा क्षेत्रान्तर्गत नकुड़ रोड स्थित पंचकुला देहरादून नेशनल हाईवे पुल के समीप एक ढाबे पर खड़ी कार के ऊपर गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक पलटने से कार के अंदर बैठे चालक की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना गंगोह क्षेत्रान्तर्गत नागल निवासी नईम पुत्र जमशेद व शहजाद पुत्र यामीन निवासी ग्राम समसपुर थाना सरसावा आज यमुना नगर से नई अल्टो कार लेकर आ रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह करीब 3 बजे हाइवे पर स्थित गांव अहमदपुर सादात के पास न्यू हिमाचल शुद्ध वैष्णो ढाबे पर पहुंचे, तभी सामान लेने के लिए शहजाद गाड़ी से उतर गया तथा नईम गाड़ी के अंदर ही था। तभी पीछे से आ रहा गन्ने से भरा ट्रक कार पर पलट गया, जिसमें नईम दब गया। सूचना लगते ही मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बड़ी मशक्कत के बाद गन्ने को हटाकर नईम को घर अवस्था में कर से निकाल एंबुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल पहुंचा, जहां पर ईलाज के दौरान नईम की मौत हो गई।

## महापौर ने निर्माण सामग्री के सैंपल लेकर दिए जांच के निर्देश

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने निगम के ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण कार्य करें अन्यथा निगम छोड़कर कहीं अन्यत्र काम करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। महापौर ने निर्माणाधीन नाला व सड़क निर्माण कार्य स्थल से निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर डॉ. अजय कुमार ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों के दृष्टिगत रखते हुए आज निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, सहायक अभियंता रतन पाण्डेय व अवर अभियंता अनुज को साथ लेकर वार्ड नंबर 28 में चल रहे नाला निर्माण कार्य तथा वार्ड 33 में बन रही सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता में काफी कमियां पायी गयी। जिस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्माण सामग्री से तत्काल सैंपल लेकर जांच कराने ओर दोषी ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि निगम के विकास कार्यों में कोई लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि निगम से सम्बंधित ठेकेदार निगम में गुणवत्तापूर्ण कार्य करें अन्यथा निगम छोड़कर अन्यत्र जाकर काम करें। इस दौरान महापौर के साथ पार्षद आसिफ, दिग्विजय चौहान, पार्षद संदीप चौधरी, पूर्व पार्षद रेखा रोहिला व भाजपा नेता शुभम कश्यप आदि मौजूद रहे।

## चोरी की बाईक के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना गंगोह कोतवाली पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को दबोचकर हरियाणा में हुयी बाईक चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी की दो बाईक, फर्जी नम्बर प्लेट बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गंगोह कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी रोजन्त त्यागी व उपनिरीक्षक हरिओम सिंह के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान नकुड़ चौराहे से दो शातिर वाहन चोरों अजय पुत्र पालाराम निवासी घीड थाना कुन्जपुरा जिला करनाल हरियाणा व राजन पुत्र शिव कुमार निवासी मौ.सराय कस्बा व थाना गंगोह को गिरफ्तार कर लिया।

# जिलाधिकारी ने की बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना की समीक्षा

## बाल विवाह कराने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाईः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी स्कूलों में जाकर छात्रों को सोशल मीडिया के दुष्परिणामों एवं आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस के बारे में जागरूक किया जाये।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढाओ, जिला बाल कल्याण समिति, बाल विवाह की रोकथाम तथा जिला टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिये कि छात्राओं को यह भी बताया जाए कि उनके साथ दुर्व्यवहार होने पर बिना किसी डर के किसको जानकारी देनी है। इसके लिए उन्होंने पुलिस एवं प्रोबेशन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर स्कूलवार रोस्टर बनाते हुए जागरूकता कराने के निर्देश दिए।

बाल विवाह प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सुनिश्चित किया जाए कि जनपद में कहीं भी बाल विवाह न हो। अगर कहीं बाल विवाह की जानकारी मिलती है तो ऐसा कराने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बाल विवाह की रोकथाम के लिए आमजन को विभिन्न माध्यमों से जागरूक भी किया जाए।

जिलाधिकारी ने राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख महिला संगठन में रहने वाली अविवाहित संवासिनियों की इच्छा जानते हुए उनका विवाह सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कराने के निर्देश दिए। बाल गृह में निवासरत बालिकाओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। बाल गृह में रहने वाली बालिकाओं का नियमित मेडिकल चेकअप कराने के निर्देश एसीएमओ को दिए।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी नन्दलाल प्रसाद, एडीआईओएस मो.दानिश, प्रोग्रेसिव स्कूल सोसायटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, बाल कल्याण समिति एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गोबर बहाकर गंदगी फैलाने वाली डेरियों से निगम ने जुर्माना वसूला

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम ने गंदगी फैलाने वाली डेरियों के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए शहर की दो पशु डेरियों के चालान किये तथा सड़क पर पशु बांधकर गंदगी फैलाने पर भी एक पशु पालक का चालान किया। कुल 44 हजार रुपये से अधिक जुर्माना वसूला गया। निगम अधिकारियों ने डेरी स्वामियों को चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में नालियों में गोबर बहाते हुए पाया गया तो उनके पशु जब्त कर एफआईआर भी दर्ज करायी जायेगी। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में निगम अधिकारियों ने नालियों में गोबर बहाने व सड़कों पर पशु बांधकर गंदगी फैलाने वाले पशु पालकों एवं डेरी वालों के खिलाफ अभियान चलाया। चंद्रनगर में गोबर बहाकर गंदगी फैलाने वाली एक डेरी पर 25 हजार दो सौ रुपये तथा 62 फुटा रोड की एक पशु डेरी पर भी गंदगी फैलाने पर 14 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। गलीरा चौक के निकट एक पशु पालक द्वारा सड़क पर पशु बांधकर गंदगी फैलाने पर इक्यावन सौ रुपये जुर्माना वसूला गया।

पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि पशु डेरी मालिकों को चेतावनी दी गयी है कि यदि भविष्य में नालियों में गोबर बहाते हुए पाया गया तो उनके पशु जब्त कर एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। उन्होंने पशु पालको से सड़कों पर पशुओं को खुला न छोड़ने और सड़क पर पशु न बांधने की अपील की है। उन्होंने डेरी स्वामियों को चौंबर बनाने का सुझाव भी दिया है ताकि गोबर मिश्रित पानी उसमें जमा होने के बाद गोबर नीचे बैठ जाए और पानी बाहर नालियों में निकल सके।

## सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसाइटी की पत्रिका पथ प्रदर्शक का विमोचन संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित पत्रिका विमोचन समारोह में वरिष्ठ नागरिकों से अपने अनुभवों से समाज का मार्ग दर्शन करने का आह्वान किया गया।

स्थानीय प्रताप मार्केट स्थित सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष बंसल, सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक केएल अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि व प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान, मंडल अध्यक्ष सीएम एण्डले, अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, महासचिव अनिल तलूजा, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया

तत्पश्चात सभी अतिथियों ने सोसाइटी की पत्रिका पथ प्रदर्शक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को




संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभवों से युवाओं को नई दिशा देने का काम करें, ताकि समाज का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसाइटी का प्रयास सराहनीय है, क्योंकि संगठन बनाना आसान है। परंतु उसे निरन्तर चलाए रखना है। उन्होंने कि इस सोसायटी से अलग-अलग क्षेत्रों के अनुभवी वरिष्ठ नागरिक जुड़े हुए हैं, जिनके अनुभव से समस्याओं के समाधान में सहायता मिल सकती है। उन्होंने समाज में लगातार संस्कारों में आ रही गिरावट व तलाक के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए भी वरिष्ठ नागरिकों को आगे आना चाहिए, ताकि इस तरह के मामलों में कमी आ सके। उन्होंने सोसाइटी द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। सोसाइटी के संस्थापक व वरिष्ठ उद्यमी केएल अरोड़ा ने सोसाइटी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों व समाज हित में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ नागरिक रमेश चंद शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए माता-पिता भरण पोषण संबंधी समिति की प्रत्येक तीन माह में अनिवार्य रूप से बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया। इस दौरान सोसाइटी के पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर व सम्मान पत्र भेंट कर जिलाधिकारी मनीष बंसल को सम्मानित किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी मनीष बंसल के साथ फ़ोटो लेकर वरिष्ठ नागरिकों प्रफुल्लित नजर आए। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी राकेश शर्मा ने किया।

# रात में दुकानों के शटर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 2 चोर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** आगरा के थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा रात्रि के समय दुकानों के शटर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 2



अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह चोर विभिन्न तरह के औजारों का उपयोग कर रात के अंधेरे में ताले तोड़ कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार थाना सिकन्दरा क्षेत्र अंतर्गत 2 फरवरी 2025 की रात को कुछ अज्ञात चोरों द्वारा पश्चिम पुरी स्थित दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान में चोरी की घटना की। बुधवार को थाना सिकन्दरा पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत नेशनल हाइवे पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर कैलाश मन्दिर के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी में मौजूद रितेश और राहुल नामक 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी में से 1 रिन्च, 1 सब्बलनुमा टोमी (एल टाइप) व 1 सब्बल एवं अभियुक्तों के कब्जे से रु0 41,191, 1 घड़ी, 2 मोबाईल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रितेश पुत्र राजेश निवासी कैलाश मोड़, सरोज विहार, थाना सिकन्दरा आगरा है तो वही दूसरा राहुल अग्रवाल पुत्र गोपाल अग्रवाल निवासी नगला बूढ़ी, दयालबाग, थाना न्यू आगरा आगरा है।

वही पुलिस द्वारा अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि वो लोग इसी गाड़ी से दिनांक 02/03.02.2025 की रात को शास्त्रीपुरम सिकन्दरा गये थे। जहां उन्होंने एक दुकान के शटर का ताला तोड़कर गल्ले से करीब रू0 70,000/- की चोरी कर ली थी। कुछ पैसों उन लोगों ने खर्च कर दिए, शेष को पुलिस टीम द्वारा उनसे बरामद किया गया। गाड़ी से बरामद औजारों का उपयोग वो लोग ताला तोड़ने में करते थे।

## मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजनान्तर्गत बैठक हुई




अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** आज मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजनान्तर्गत बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रों पर चर्चा की गयी तथा सभी बैंकों को स्वीकृति एवं वितरण हेतु लम्बित आवेदन पत्रों की शाखावार सूची उपायुक्त, उद्योग आगरा एवं उपायुक्त एन0आर0 एल0 एम0 को आज ही उपलब्ध कराते हुए सभी बैंकों को ऋण वितरण में आ रहे कारणों का विवरण लाभार्थी वार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए । प्रतिभा सिंह द्वारा प्राइवेट बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रों के निस्तारण में किये जा रहे असहयोग पर रोष व्यक्त किया गया।

# आगरा में धूमधाम से शादी और विदाई, फिर लूटेरी दुल्हन ऑटो रिक्शा में बैठकर हुई फुर्र

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** आगरा में एक ऐसा मामले सामने सामने आया है जिसे सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। आगरा निवासी एक युवक की दिन में शादी हुई और शाम को दुल्हन भाग गई। दूल्हा दुल्हन का इंतजार करता रहा लेकिन दुल्हन वापस नहीं आई। शेरवानी पहने दूल्हा थाने पहुंच गया और पूरे मामले की शिकायत की। दुल्हन के फरार हो जाने के बाद दूल्हा के परिजनों ने शादी कराने वाले बिचौलिया और दुल्हन के जीजा को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

दरअसल मामला आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के सीता नगर का है। यहां एक युवक का बुधवार को मंदिर में रिश्ता तय हुआ, दोपहर में दूल्हा-दुल्हन ने अग्नि के सामने सात फेरे लिए, शादी पूरे रीति रिवाज के साथ हुई। शादी के फोटो सामने आए है जिसमें दूल्हा दुल्हन शादी की रस्मो को पूरा कर रहे है। दुल्हन हाथों में मेंहदी लगाए बैठी दिखाई दे रही है। शादी की रस्मो को पूरा करने के बाद विवाद सम्पन्न हुआ और



दुल्हन की विदाई की घड़ी आ गई ,लेकिन दुल्हन की विदाई नहीं हो सकी, उससे पहले ही दुल्हन भाग गई। दूल्हा दुल्हन का इंतजार करता रहा पर दुल्हन वापस नहीं आई। दूल्हे के घरवालों ने पीछा करके शादी कराने वाले युवक और दुल्हन के जीजा को पकड़ लिया , दोनो को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के सीता नगर निवासी सनी डेकोरेशन का काम है। बताया गया है कि कुछ दिन पहले पास के युवक ने उसकी शादी के लिए एक युवक से बात की थी। उस युवक ने कहा कि शादी हम करा देंगे, पर उसके लिए 35 हजार रुपये खर्च करने होंगे। इस पर वह तैयार हो गए। युवती को देखने के लिए बुधवार का दिन तय किया गया। सनी के परिवार वाले रामबाग स्थित एक मंदिर में आ गए, युवती के साथ शादी कराने वाले युवक के साथ साथ रहिता उसकी बहन और जीजा भी आए थे।

युवती को पसंद कर दुल्हा पक्ष ने युवती को सोने की अंगूठी पहना दी, इसके बाद पंडित को बुलाकर सात फेरे भी ले लिए और शाम को परिवार के लोग घर आ गए।

## खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के कुआं खेड़ा खास में खाना बनाते समय लगी अचानक गैस सिलेंडर में आग आग लगने से लगने से हुआ हादसा। पड़ोसियों ने मदद कर सिलेंडर घर से बाहर फेका ग्रामीण शुएब पुत्र ताहिर अली की पत्नी खाना बना रही थी तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गई सिलेंडर लुढ़ककर भैंस के पास जा पहुंचा जिससे भैंस भी जल गई वही रखी परचून की दुकान मे भी आग लग ने से काफी नुकसान हुआ।

## गुंडा टैक्स वसूलने का प्रयास किया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बालू लेने जा रहा ट्रक को कार सवार 5 युवकों ने रोक लिया जीपीएस सिस्टम तोड़कर चालक को बंधक बनाकर गुंडा टैक्स वसूलने का प्रयास किया तथा ट्रक को अपने साथ ले गये। ट्रक मालिक की शिकायत पर पुलिस ने कार सवार 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिला इटावा के थाना चौबिया के ग्राम निबरी निवासी गजेन्द्र सिंह पुत्र सहदेव सिंह ने बताया कि उनके 22 चक्का ट्रक यूपी 75 बीटी 5055 का स्वामी है। इस ट्रक हर्षित यादव पुत्र कुलदीप सिंह यादव निवासी पम्मा पुरवा उसरी कानपुर देहात चलाता है, ट्रक मौरंम लेने डकोर घाट जा रहा था। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर छिरिया सलेमपुर कट के पहले समय करीब 3 बजे एक सफेद स्कारपियो बिना नम्बर की गाडी ने ट्रक को रोक लिया। स्कार्पियो से 5 अज्ञात लोग उतरे और गाडी में लगा जीपीएस सिस्टम तोडकर वहीं फेंक दिया तथा ड्राइवर का मोबाइल लेकर स्विचआफ कर दिया तथा जबर गुण्डा टैक्स वसूली करने लगे। चालक द्वारा पैसे न देने पर ड्राइवर को बन्धक बनाकर मय गाडी के कालपी ले गये। कालपी में ड्राइवर को गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सब रजिस्ट्रार रविकांत यादव की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा भारी आक्रोश

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** तहसील सदर के उपनिबंधक कार्यालय में




तैनात सब रजिस्ट्रार रविकांत यादव के खिलाफ तहसील सदर के अधिवक्ताओ का आरोप है कि रविकांत यादव तहसील सदर के उपनिबंधक कार्यालय मे सब रजिस्ट्रार के पद पर तैनात हैं और वह समाजवादी मानसिकता से काम करते हुए, भाजपा सरकार, के कानून और प्रशासन के साथ खिलवाड़ धड़ल्ले से कर रहे हैं, जिससे फर्रुखाबाद की भोली-भाली जनता को काफ़ी लूटने का काम कर रहे है। अधिवक्ताओं का कहना है कि सब रजिस्ट्रार रविकांत यादव की कार्यशैली अत्यधिक खराब है। खासकर,दस्तावेजों के पंजीकरण में मनमानी और भेदभावपूर्ण तरीके अपनाए जा रहा हैं। सब रजिस्टार रविकांत यादव लाभ के चक्कर में ही 4 बजे के बाद भी पंजीकरण कर दिया जाता है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अतर सिंह कटियार, सचिव अतुल मिश्रा, उपाध्यक्ष योगेश चन्द्र दीक्षित, कोषाध्यक्ष अमित यादव, उमाशंकर सक्सेना,होशियार सिंह राजपूत, धुर्व सक्सेना, नवीन कटियार, नितीश शुक्ला, मुन्ना यादव, फिरोज अली,अजय मिश्रा,विकास वर्मा, राजीव यादव, मनोज कुमार यादव, सुनील सक्सेना, उमाशंकर सक्सेना,संजीव शाक्य, राजीव चौहान, सुनील सक्सेना, जनार्दन राजपूत, नवीन कटियार,राजीव यादव, अमित यादव अजय मिश्रा, होशियार सिंह राजपूत,रविनेश यादव पूर्व सचिव व मनोज यादव, रजत यादव अधिवक्ताओं का कहना है सब रजिस्ट्रार रविकांत यादव के खिलाफ जांच कर यह मामला तहसील सदर में लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है।

## गोवंश आश्रय स्थल की बैठक का आयोजन



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आज दिनांक 6 फरवरी को अपराह्न 4=30 बजे गोवंश आश्रय स्थल की बैठक का आयोजन किया गया, आयोजित बैठक में गौशालाओं के समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया की प्रत्येक दिवस गौवंशो को भूसा दाना व हरे चारे खिलाने की फोटो ग्राफ गोपालक से लेकर जनपद पर उपलब्ध कराई जाएं। बड़े गोवंशों को छोटे गोवंश से अलग रखा जाए, छायादार वृक्ष लगाए जाएं, सीसी टीवी कैमरे लगवाए जाएं गौशाला में गोवंश की संख्या के अनुसार गोपालक की तैनाती की जाए साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक माह उनके मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित करें कि ग्राम सचिव प्रत्येक दिवस गौशालाओं में जाएं।

# प्रदेश के इकलौते आयुष विवि का बढ़ा क्रेज ओपीडी से अब तक करीब एक लाख मरीज हो चुके हैं लाभान्वित

- मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है आयुष विश्वविद्यालय
- जल्द ही आईपीडी में भी रोगियों को मिलने लगेगी चिकित्सा सुविधा

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** चिकित्सा क्षेत्र को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक और प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय की ओपीडी का क्रेज बढ़ रहा है। लोग आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी जैसी हानिरहित चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों के परामर्श और यहां मिल रही मुफ्त दवाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। विश्वविद्यालय का निर्माण फिनिशिंग लेवल पर है और इसके पूर्ण होते ही यहां आईपीडी की सुविधा मिलने लगेगी।

भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आकर कई बार निर्माण कार्य का जायजा ले चुके हैं। अब इसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। फिनिशिंग से संबंधित जो कुछ कार्य शेष हैं, वह भी जल्द पूर्ण हो जाएंगे। विश्वविद्यालय के औपचारिक उद्घाटन से पूर्व ही ओपीडी की सेवाएं मिल रही हैं। आयुष विश्वविद्यालय में आयुष ओपीडी का शुभारंभ 15 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। तब से प्रतिदिन यहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी की ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज परामर्श लेते हैं। काय चिकित्सा, शल्य चिकित्सा के विशेषज्ञों के परामर्श के साथ ही मरीजों को पंचकर्म चिकित्सा की भी महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हो रही है। ओपीडी शुभारंभ के बाद अब तक करीब एक लाख आयुष चिकित्सकों से परामर्श लाभ ले चुके हैं। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह बताते हैं कि आयुष विश्वविद्यालय में आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी विधाओं की पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध हैं जिनका भंडारण व्यवस्थित तरीके से किया जाता है। सभी रोगियों को चिकित्सकों के परामर्श के अनुरूप ये दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जाती हैं। यह ध्यान दिया जाता है कि एक भी रोगी मुफ्त दवा पाने से वंचित न रहे। कुलपति के अनुसार आयुष विश्वविद्यालय में अंतरंग रोगियों की सेवा के लिए भी युद्ध स्तरीय प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही अंतरंग रोगियों को भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिलने लगेगी। प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति, जिन्हें समन्वित रूप में आयुष कहा जाता है, के लिए अलग-अलग संस्थाएं रही हैं। पर, सत्र 2021-22 से प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब आयुष विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 97 आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज/संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने से आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की संभावनाएं भी सृजित होंगी। इस पर गंभीरता से काम किया गया तो प्रदेश के इस पहले आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। आयुष विश्वविद्यालय के पूर्णतः क्रियाशील होने से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## मिशन मंझरिया से 28 हजार मरीजों को मिली चिकित्सा सुविधा



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** एक शिक्षण संस्था नियमित पाठ्यक्रमों से शिक्षा के प्रसार के साथ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की चिकित्सा सेवा भी कर सकती है, इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है महाराणा प्रताप महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) जंगल धूसड़ ने। इस कॉलेज के बीएड विभाग ने मंझरिया गांव को गोद लेकर इस गांव को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2016 से 'मिशन मंझरिया' नामक एक सामाजिक प्रकल्प शुरू किया है। इस मिशन के तहत लगने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर के जरिये अब तक 28 हजार मरीज चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर चुके हैं महाराणा प्रताप महाविद्यालय में बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह बताती हैं कि महाविद्यालय के संरक्षक एवं मार्गदर्शक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से मंझरिया गांव में शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए 'मिशन मंझरिया' की शुरुआत की गई। इस मिशन के तहत गांव के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था है तो लोगों को चिकित्सा सुविधा देने के लिए गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग निशुल्क शिविर आयोजित किए जाते हैं। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में चिकित्सा शिविर सप्ताह में दो दिन बुधवार और गुरुवार को लगाए जाते हैं।

## ओला इलेक्ट्रिक ने ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स सीरीज़ के साथ मोटरसाईकल सेगमेंट में हलचल मचाई



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज अपनी रोडस्टर एक्स सीरीज़ के साथ इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल सेगमेंट में प्रवेश किया। ये मोटरसाईकल बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ राईडिंग का रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं। कंपनी के स्केलेबल मोटरसाईकल प्लेटफॉर्म पर बनाई गई रोडस्टर एक्स सीरीज़ में रोडस्टर एक्स को 74,999 रुपये, 4.5kWh रोडस्टर एक्स+ को 1,04,999 रुपये और 9.1kWh रोडस्टर एक्स+ (4680 भारत सेल के साथ) को 1,54,999 रुपये में बाजार में उतारा गया है। ये हर चार्ज में 501 किलोमीटर की बेहतरीन रेंज प्रदान करती हैं। ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स 2.5kWh, 3.5kWh, और 4.5 kWh वैरिएंट्स में क्रमशः 74,999 रुपये, 84,999 रुपये और 94,999 रुपये में पेश किया गया है। रोडस्टर सीरीज़ में 3 साल/50,000 किलोमीटर की स्टैंडर्ड वॉरंटी मिलती है। रोडस्टर सीरीज़ की डिलीवरी मार्च के मध्य से शुरू होगी।

ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा, ''भारत में मोबिलिटी के लिए मोटरसाईकल सबसे अहम भूमिका रखती हैं। हमारी इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल भारत में मोबिलिटी को इलेक्ट्रिक बनाने की मुहिम को और ज्यादा तेज करेंगी। स्कूटर बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ाने के बाद हम अपनी रोडस्टर सीरीज़ की मोटरसाईकल लेकर आए हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की मुहिम को और ज्यादा तेजी से आगे बढ़ाएंगी और इलेक्ट्रिक वाहन को भारत में हर राईडर की पसंद बना देंगी। रोडस्टर सीरीज़ शहरों और गाँवों, दोनों जगह मोबिलिटी में परिवर्तन ला देंगी।

## पीटीए मार्ग के अलीगढ़-पलवल सेक्शन में भू-अर्जन से प्रभावित 16 ग्रामों में आज से बंटेगा प्रतिकर

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया है कि राष्टीय राजमार्ग संख्या-334 अलीगढ़-पलवल सेक्शन के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू-अर्जन से प्रभावित तहसील खैर के 16 ग्रामों कमशः अर्राना, इतवारपुर, जलालपुर, बांकनेर, जरारा, बुलाकीपुर, नगला अस्सू, रेसरी, गनेशपुर, हीरपुरा, उसरह रसूलपुर, खेड़िया बुजुर्ग, रसूलपुर, स्यारौल, हामिदपुर एवं डोरपुरी के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित की जानी है। उन्होंने बताया कि भू-अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि हामिदपुर एवं रसूलपुर में 07 व 10 फरवरी को, डोरपुरी व स्यारौल में 11 व 13 फरवरी को, नगला अस्सू व बांकनेर में 14 फरवरी को, रेसरी एवं गनेशपुर में 15 फरवरी को, जलालपुर व इतवारपुर में 17 फरवरी को, हीरपुरा व बुलाकीपुर में 18 फरवरी को शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्यासि अमीन एवं भूमि अध्यासि सहायक को निर्देशित किया है।

## हमारा उद्देश्य व्यापारी और उद्यमियों की मदद करना और उनको आत्मनिर्भर बनाना : संतोष गुप्ता



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक कैंप का आयोजन जिला उद्योग केंद्र एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में स्थान श्री बजरंग होटल जिला परिषद रोड उरई में किया गया।

सहायक आयुक्त उद्योग श्री शरद सिंह जी ने उपस्थित सभी को योजना के बारे में जानकारी दी। लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोगों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की बैंक या अन्य लोन संबंधित समस्या हो तो विभाग में संपर्क कर सकते हैं। आप सभी की समस्या को तत्काल मौके पर उच्च अधिकारियों द्वारा संपर्क कर निस्तारण किया जाएगा। जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनाकर देश की अर्थव्यवस्था में अपना अपना योगदान देना है। उत्कृष्ट व्यापारिक सेवाओं के लिए सहायक अधिकारी द्वारा जिला कोषाध्यक्ष श्री रोहित अग्रवाल जी को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अरुण त्रिपाठी जी जिला महामंत्री श्री प्रदीप द्विवेदी जी श्री संजीव सिपोलिया जी जिला महामंत्री संगठन श्री बबलू दुबे जी जिला उपाध्यक्ष श्री बलवीर जादौन जी श्री धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ जी जिलाध्यक्ष महिला बिंग श्री मती निशा राजपूत जी जिला मंत्री श्री अंकित त्रिपाठी जी नगर उपाध्यक्ष श्री रमेश यादव जी युवा नेता श्री गौरव राठौर जी श्री उत्कर्ष गुप्ता जी एवं अन्य बंधु उपस्थित रहे।व्यापार मंडल द्वारा सहायक आयुक्त उद्योग श्री शरद सिंह की को भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया।

## बजट में कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव पर एएमयू में पैनल चर्चा

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्र एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग (एईबीएम) द्वारा केंद्रीय बजट के कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण करने के लिए 'भारतीय बजट 2025-26 और कृषि' विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।

अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. शौकत हसीन, डॉ. दस्तगीर आलम, कृषि विज्ञान संकाय के डीन और एईबीएम विभाग के अध्यक्ष प्रो. अकरम अहमद खान, एईबीएम विभाग के प्रो. सगीर अहमद अंसारी, डॉ. शमसुज्जमा और डॉ. राहिल अख्तर उस्मानी इस चर्चा में शामिल हुए। पैनल के सदस्यों ने भारतीय बजट 2025-26 में पेश किए गए प्रमुख आवंटन और नीतिगत उपायों पर चर्चा की और कृषि ऋण आवंटन, कृषि अनुसंधान, उर्वरक सब्सिडी, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नीति सुधार और कृषि बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। चर्चा में कृषि में स्थिरता के महत्व पर भी जोर दिया गया और अधिकतम प्राप्त उपज से काफी कम बेहतर उत्पादकता के लिए तकनीकी वृद्धि की मांग की गई। पैनल ने प्रगतिशील तरीके से कर संरचना को और अधिक बदलने के उपायों पर चर्चा की और कृषि क्षेत्र में बजटीय कार्यान्वयन में सुधार का भी आग्रह किया।

पैनलिस्टों ने कृषि बीमा तंत्र को मजबूत करने, बेहतर रसद और निर्यात नीतियों के माध्यम से बाजार पहुंच का विस्तार करने, कृषि अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) को बढ़ाने और क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## पानी के बिना जीवन की कल्पना असम्भव


**उरई (जालौन)।** सेठ बद्री प्रसाद स्मृति महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा द्वितीय सामान्य एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें जल संरक्षण विषय को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। स्वयंसेविका दीपा ने कहा कि पृथ्वी पर सभी जीव धारियों के जीवन के लिए पानी बहुत ही आवश्यक है। खाना खाए बगैर तो कुछ दिनों तक जीवित रहा जा सकता है लेकिन पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। यदि आज जल का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी का जीवन मुश्किल में होगा। महाविद्यालय के कोऑर्डिनेटर कन्हैया नीखरा और प्रभारी प्राचार्य ब्रजेंद्र सिंह ने भी भविष्य को देखते हुए जल संरक्षण के प्रति लोगों को खुद जागरूक रहते हुए दूसरों को भी जागरूक करने पर बल दिया। इस दौरान राधेश्याम पटेल, धर्मेंद्र निरंजन, राघवेंद्र, रामदेव सिंह, इशांत कुमार, संतोष कुमार कदीम, दिनेश बाबू, मनोज कुमार, मनोज श्रीवास्तव, पूनम देवी, सत्यप्रकाश, दीपक, संजय कुमार, संदीप कुमार, राजकुमार गुप्ता, अजय कुमार, अक्षय, रुबीना, शचेंद्र, रक्षा, रिया, प्रशांत, आलोक, पंकज, ओमजी आदि रहे।

# निजी जमीन पर नगर पंचायत द्वारा आरसीसी निर्माण कराने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर निवासी एक पीड़ित महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस हाटा में शिकायती पत्र देकर निजी जमीन पर नगर पंचायत द्वारा आरसीसी रोड निर्माण कराने का आरोप लगाया है।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर निवासी संतोषी देवी पत्नी जितेंद्र कुशवाहा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है कि हम प्रार्थी आने जाने के लिए खुद की जमीन पर गाटा संख्या



निजी जमीन पर कराया गया आरसीसी रोड

487/0.069 हेक्टेयर रास्ता छोड़ा है। जिसमें नगर पंचायत द्वारा जबरदस्ती मेरे जमीन में आरसीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। पीड़ित महिला ने यह अभी आरोप लगाया है कि मेरे अगल बगल के रहने वाले व्यक्ति जबरन मेरे जमीन को रास्ता बताकर पिछले दिनों मारपीट कर लिए थे। इस संबंध में थाने में तहरीर भी दिया है। इन्हीं लोगों के कहने पर नगर पंचायत के जिम्मेदार लोगों द्वारा मेरे खुद के जमीन में आधा रास्ता का निर्माण करा दिया गया है। निर्माण रोकने पर संबंधित जेई व नगर के अन्य जिम्मेदारों ने मौके से निरीक्षण किया लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। पीड़ित महिला ने अविलंब उक्त प्रकरण को जांचकर मेरे जमीन में बनाए गए आरसीसी हटवाने की मांग किया है।

## एआरटीओ सुभाष राजपूत द्वारा रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने पर 6 वाहन सीज, 2 का चालान कर लगाया 75000 का जुर्माना

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी फर्रुखाबाद आशुतोष




कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग डिवाइडर रोड पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग करते हुए 6 वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया तथा इन पर रु 75000 का जुर्माना लगाया गया। यह वाहन सेंट्रल जेल से बघार के बीच रॉन्ग साइड में वाहन लेकर जा रहे थे। पकड़े गए वाहनों में दो ट्रैक्टर ट्रॉली, एक ट्रक तथा तीन हल्के भार वाहन शामिल है। जनपद में पांचाल घाट पुलिस चौकी से बघार तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर डिवाइडर बनाया गया है परंतु कुछ वाहन स्वामी रॉन्ग साइड में वाहन चलाते हैं जिससे अन्य वाहनो के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है । इन वाहन स्वामियों को यह चेतावनी भी दी गई कि यदि ये पुनः रॉन्ग साइड में वाहन चलाते हुए पकड़े जाते हैं तो भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 के अंतर्गत एफ आई आर दर्ज करा दी जाएगी जिसमें 6 महीने तक का कारावास हो सकता है।

# योगी सरकार में दबंगों के खौफ से ब्राह्मण परिवार गांव छोड़ने को मजबूर

- सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है पीड़ित की कहानी और गांव छोड़ने की वजह

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** सूबे के योगी सरकार में दबंगों के खौफ से एक ब्राह्मण परिवार गांव से अपना पुश्तैनी आशियाना बेचकर अपने कुनबे के साथ पलायन करने की घोषणा की है। पीड़ित परिवार ने बकायदे अपने मकान पर बैनर चस्पा कर रखा है जिस पर मुख्यमंत्री से गुहार के साथ घर छोड़ने के वजह लिखा गया है यह मामला सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

रामकोला थाना क्षेत्र के सिंगहा गांव के निवासी हेमन्त मणि त्रिपाठी का कहना है कि वह बीते 8 जनवरी को अपने मकान के चारो तरफ आठ फीट ऊंचा बीम के साथ बाउंड्री चला रहे थे तभी गांव के दबंग अज्जू, धीरज पुत्रगण अरुण, सत्यम उर्फ मृत्युंजय पुत्र मनोज, अनुपम उर्फ मार्कण्डेय पुत्र मनोज, मनोज पुत्र मुरलीधर आदि हाथ मे हथौड़ा, कुदाल, लोहे का रॉड लेकर गोल बनाकर मौके पर पहुंचे और हल्ला बोलते हुए बाउंड्री तोडकर चारो तरफ लगे सागौन का पेड़ काट ले गए। पीड़ित का कहना है कि वह लोग कुछ समझ पाते इससे पहले, दबंग अज्जू हाथ मे कट्टा लहराते और ललकारते हुए अपने साथियों के साथ घर पर हमला कर दिया। इसके बाद घर घुसकर कमरे का ताला तोडकर मां के सोने-चांदी के गहने और बक्से में रखे बीस हजार रुपए लूट ले गए। इस दौरान जब पत्नी ने विरोध किया तो अज्जू ने गाली देते हुए पत्नी की साडी खिंचकर अर्धनग्न कर दिया और गले से मंगलसूत्र खिच लिया। जाते समय अज्जू और राहुल ने धमकी दिया कि थाने पर शिकायत की तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़ित ने कहा कि डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद वह रामकोला थाने मे लिखित शिकायत किया किन्तु थानाध्यक्ष रामकोला ने दबंगो के खिलाफ कोई कार्रवाई नही किया। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही किए जाने के कारण दबंग अज्जू और राहुल सहित उसके अन्य साथियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि वह सब मिलकर अब तक पांच बार उनके घर पर हमला कर उनको और उनकी पत्नी व बहन को बेरहमी से मारपीट कर लहुलुहान कर चुके है। पीड़ित का कहना है कि वह हर बार मेडिकल कराकर रामकोला थाने पर तहरीर दिया किन्तु थानाध्यक्ष रामकोला ने आज तक कोई कार्रवाई नही किया। पीड़ित हेमन्त मणि त्रिपाठी ने रामकोला थानाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि दबंगों को थानाध्यक्ष का संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि दबंगों द्वारा उनके घर पर पांच बार हमला कर उनको और उनके परिवार को बेरहमी से मारा-पीटा गया है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने की कॉलेज परिसर की साफ-सफाई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय साफ सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसएस इकाई ए की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवक छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में व्यापक स्तर पर साफ सफाई की। साफ सफाई के उपरांत संस्कृत विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. मधुरलता द्विवेदी ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. ओमप्रकाश यादव ने मानव जीवन में साफ सफाई की अहमियत पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. लवकेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता से ही हम अपने प्रांगण, संस्था, समाज और देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ बना सकते हैं। इस दौरान प्रो. महेंद्रनाथ मिश्रा सहित स्वयंसेवकों में सृष्टि चतुर्वेदी, संतोषी, प्रज्ञा, दीपिंति, मुस्कान, रोली, प्रतिज्ञा, सौम्या, अंकिता, अंजलि, शैलजा, हनी अग्रवाल, हार्दिक पटेल, रजा, सक्षम अग्रवाल, रूपेश तिवारी, अंकित पटेल, अरशद, आदित्य, इरशाद अहमद, यश कुमार, शुभ पाटकार, शिवांश तिवारी, कृष्णा केवट, अभिनव, जुनैद आदि उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-AY-WRL-82-24-1 (Pay and Use - Lounges/ Waiting / Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.02.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.02.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-AY-WRL-81-24-2 (Pay and Use - Lounges/ Waiting / Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.02.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.02.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-AY-OH-465-23-1 (Advertising - Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.02.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.02.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-AYC-OH-466-23-1 (Advertising - Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.02.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.02.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PFM-OH-546-25-1 (Advertising - Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.02.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.02.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 403/25

# घायल कार्यकर्ता का हाल चाल लेने पहुंचे भाजपा नेता

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** घायल भाजपा कार्यकर्ता बब्बन तिवारी का हालचाल जिला अस्पताल पहुंचकर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय समेत अन्य भाजपा नेताओं ने लिया। बब्बन तिवारी लखनऊ से लौटते समय अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए खण्डासा गये हुए थे। यहां सपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने उनके उपर जानलेवा हमला कर दिया। गम्भीरावस्था में उनका जिला अस्पताल में चिकित्सकां ने इलाज किया। जिसके बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।

मुलाकात के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अपने रिश्तेदारी में गये थे। जब वहां से वह वापस जा रहे थे। तो रास्ते में सपा के कार्यकर्ताओं ने इसके उपर हमला कर दिया। इन्हें बुरी तरह से पीटा। जिससे इन्हें काफी चोट आयी है। प्रशासन मामले में सख्त कार्रवाई कर रहा है। डबल इंजन की सरकार में अपराध व अपराधियों का कोई



स्थान नहीं है।

पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि मारपीट में घायल बब्बन तिवारी गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के हैदरगंज के निवासी है। जिनकी सपा के लोगों ने पिटाई की है। उनका हालचाल लिया। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार है। घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सपा भारी मतों से चुनाव हार रही है। अपनी हार की हताशा को छिपाने के लिए सपाई अराजकता फैला रहे है।

पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि सपा का स्वभाव अराजकता का रहा है। समाज में भय व्याप्त करना व लोगो को गुमराह करना उनकी पुरानी आदत है। बब्बन तिवारी के साथ हुई घटना निंदनीय है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है। प्रशासन अपनी कार्रवाई कर रहा है। भाजपा की सरकार में किसी भी प्रकार के अपराध करने वाले बक्शा नहीं जाएगा। हर व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है।

पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि चुनाव में अराजकता फैलाना सपा का पुराना इतिहास रहा है। इस तरह की घटना को अंजाम देकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को भयभीत करने की उनकी सोच है। लेकिन पूरे मामले में ऐसी कार्रवाई होगी, जो नजीर बनेगी।

## मांगों को लेकर मुखर हुए वित्तविहीन शिक्षक संगठन सभापति और माध्यमिक शिक्षा निदेशक को भेजा ज्ञापन



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** वित्तविहीन शिक्षक महासभा, उत्तर प्रदेश की महराजगंज इकाई ने गुरुवार को शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सभापति और माध्यमिक शिक्षा निदेशक को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। जिसमें शासनादेश के तहत शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष सोनू कुमार पटेल ने बताया कि शासनादेश के तहत शिक्षकों को राहत देने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। 10 सितंबर 2024 को शासन स्तर पर बैठक के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, जिससे शिक्षकों में रोष है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजय नाथ उपाध्याय मोहन मदन, पुरुषोत्तम गुप्ता, अरविंद यादव प्रदेश सचिव मोहर पांडे जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर पटेल, जिला महासचिव राहुल तिवारी, विनय चौरसिया जंत्री शर्मा समेत अनेक शिक्षक कर्मचारी सम्मिलित थे।

## थाने में बंद कर युवक को दिया थर्ड डिग्री, लाइन हाजिर



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** निचलौल थाना क्षेत्र में एक सब इंस्पेक्टर पर थर्ड डिग्री के तहत पीटने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित युवक राज मद्धेशिया ने आरोप लगाया है कि थाने में तैनात एसआई रितेश गौंड व पंकज यादव ने उसे बेरहमी से पीटा। घटना के बाद पीड़ित ने विधायक सिसवा को पत्र लिखकर अपनी आपबीती सुनाई है। पीड़ित के अनुसार, उसे साइकिल चोरी के आरोप में थाने बुलाया गया था। उसने बताया कि थाने में तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे फोन कर बुलाया था और जैसे ही वह थाने पहुंचा, उसे हवालात में बंद कर दिया गया। वहां एसआई रितेश गौण ने उसे थर्ड डिग्री के तहत बेरहमी से पीटा। पीड़ित का कहना है कि एक लड़की ने उसे साइकिल चोरी के आरोप से इंकार किया था, फिर भी उसे आरोपित किया गया। इस घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया और पूरे मामले की जांच सीओ निचलौल अनुज सिंह को सौंप दी है। एसपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। यह मामला पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाता है, जहां आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

## विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 9 फ़रवरी को

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत निशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ विद्यालय चौक बाजार महाराजगंज में आगामी 9 फरवरी सुबह 9 बजे से 3 बजे दोपहर तक रहेगा। इसकी जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजीव नयन ने योजना बैठक में दी। प्रचारक ने बताया कि भारत नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में कुल 50 स्थानो पर निशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा । जिसमें निशुल्क दवा दी जाएगी और गंभीर बीमारी की चपेट में आए मरीजों को चिन्हित कर अपने संस्थान में उपचार के लिए ले जाएंगे। सह ज़िला प्रचारक सूर्यप्रभात ने बताया कि योजना रचना बैठक में विभिन्न कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप गई। कैंप में केजीएमयू, पीजीआई, मेडिकल कॉलेज, लोहिया संस्थान में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे।

## नमित पार्षदों के नामों की घोषणा को लेकर हुई बैठक

**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या में नामित पार्षदां की घोषणा को लेकर भाजपा कार्यालय सहादतगंज में कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने नामित पार्षदों के नामों पर चर्चा की।

क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अयोध्या नगर निगम में नामित पार्षदों की घोषणा होनी है। जिसके लिए नामों पर चर्चा की गई। ऐसे कार्यकर्ताओं को नामित पार्षद बनाया जाएगा जो समाज में लगातार एक्टिव रहते हों। जिससे सरकार के विकास से लोग जागरूक हों तथा योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल सके। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया चर्चा के उपरांत सूची तैयार की गई है। जिसे प्रदेश महामंत्री को सौंप दिया गया है। नामित पार्षदों को घोषणा प्रदेश स्तर से की जाएगी।

## तीन ग्राम प्रधान व 44 ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय चन्द्र विजय सिंह ने जनपद में रिक्त 03 ग्राम प्रधान और 44 ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा की है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। चुनाव प्रक्रिया को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की ब्लॉकवार ड्यूटी लगाई गई है।

# सीएचसी परिसर में लगे शीशम के पेड़ को काट कर हटा दिए जाने का मामला



*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगंज -अयोध्या।** सीएचसी परिसर में लगे शीशम के पेड़ को काट कर हटा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है । शिकायत पर वन दरोगा ने जांच के नाम पर खानापूर्ति कर मामले को दबा दिया है । इसके पूर्व में भी शीशम के पेड़ को काटकर गायब कर दिया गया था । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पारा राम हैदरगंज की है । जहां परिसर में लगे शीशम के पेड़ को बीते दिनों अज्ञात ठेकेदार से कटवा दिया गया । लोगों को जानकारी होने पर शीशम की लकड़ी को हटवा दिया गया । जिसकी शिकायत वन क्षेत्राधिकारी बीकापुर एसपी सिंह से हुई तो वन दरोगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पारा राम पहुंच गए । जहां पर अधीक्षक महिपाल से स्वास्थ्य केंद्र के काम से पेड़ काटने की बात को लिखवा कर किस्सा ही खत्म कर दिया गया । बिना किसी लिखित आदेश के परिसर में लगे पेड़ को कटवाने में नियमों को ताक में रख दिया गया है । वन क्षेत्राधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी । मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन के अधीक्षक डॉक्टर अंशुमन गुप्ता ने बताया कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है ?। मामले में जानकारी ली जा रही है ।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां**

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 07.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं,, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डीदीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., जलगाँव जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 07084 | आज़मगढ़ | 19:45 | मचिलीपट्णम | 09:00 | शाहगंज जं., वाराणसी जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बैतूल, नागपुर जं., चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम एवं विजयवाड़ा जं. स्टेशन |
| 08587 | गोरखपुर जं. | 17:45 | विशाखपट्टणम | 15:55 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 04814 | पाटलिपुत्र | 04:30 | भगत की कोठी | 13:45 | दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूंडला जं., अलीगढ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट., गुड़गांव, रेवाडी, जं., महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू, सादुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, छोटी खाटू, बड़ी खाटू, डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन एवं जोधपुर जं. स्टेशन |
| 04493 | पटना जं. | 20:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 14:00 | दानापुर, आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी, टूंडला जं., अलीगढ़ जं. और गाजियाबाद स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |

**दिनांक 08.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड, गढ़मक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मोरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मक्श्वर, हापुड, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जंक्शन, राजपुरा जं., सरहिंद जं., ढंडारी कलां, जालंधर सिटी और ब्यास स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन |
| 04612 | फिरोजपुर कैंट | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिंडा, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 08791 | दुर्ग | 13:50 | वाराणसी | 10:00 | रायपुर जं., भाटापारा, उसलापुर, पेन्ड्रा रोड, अनुपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और बनारस स्टेशन |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलुरु, ताडेपल्लिगुडेम, निडदवोल जं., राजमुंद्री, समालकोट जं., अन्नवरम, इलामंचिली, अनाकापल्ले, दुव्वाडा, पेंदुर्ती, कोट्टावलसा, विजयनगरम जं., बोब्बिली, पार्वतीपुरम, रायगढ़ा, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी जं., बरका काना, तोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी स्टेशन। |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# हमारा विधायक ईमानदार है इसलिए संपर्क कार्यालय बनने में देर हुई : सुप्रिया श्रीनेत

**अवधनामा संवाददाता**



**फरेंदा, महराजगंज।** गुरुवार को कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के फरेंदा स्थित मुख्य जन संपर्क कार्यालय का उद्घाटन विधिविधान से संपन्न हुआ। पूजन अर्चन कस्बे के प्रख्यात पुजारी अशोक तिवारी ने संपन्न कराया। जन संपर्क कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर कांग्रेस की राष्ट्रिय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने किया। इस मौके पर जिले भर से आम जन व कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति खास रही।

बता दें कि कांग्रेस विधायक श्री चौधरी का फरेंदा कस्बे में कोई संपर्क कार्यालय नहीं था। लोगों को उनसे मिलने उनके गांव करीब 15 किमी दूर जाना पड़ता था। विधायक श्री चौधरी को यह कष्टकर लगता था। उन्होंने जनता की इस समस्या को देखते हुए फरेंदा कस्बे में जनसंपर्क कार्यालय हेतु साल भर पहले तैयारी शुरु कर दी जो अब जाकर फलीभूत हुआ। जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पार्टी की राष्ट्रिय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए यह आवश्यक होता है कि वह जनता के करीब रहे। हमारे विधायक चूंकि कमीशनखोर नहीं हैं,इसलिए एक जनसंपर्क कार्यालय बनने में इतना वक्त लगा। बाकी के तो विधायक हुए नहीं कि ठेकेदारों ने ही उनकी सारी व्यवस्था कर दी। उन्होंने कहा कोई बात नहीं थोड़ी देर जरूर हुई लेकिन इमानदारी के पैसे से बना इस कार्यालय से बहुत ही इमानदारी से जनता की सुनवाई होगी, यह भरोसा मैं अपनी ओर से जनता को देना चाहूंगी। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि मैं अब यहीं उपलब्ध रहुंगा और अपनी जनता से यहीं मिलकर उनकी सेवा करुंगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक जिसको भी मेरे आवास पर दूर जाकर मिलने में कष्ट हुआ उन सभी लोगों से क्षमा प्रार्थी हूं। इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष बबलू सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष झिनकू चौधरी, राम प्यारे प्रसाद, समाज सेवी अरविंद चौधरी,सदस्य पीसीसी विजय सिंह, डा. राम नारायन चौरसिया, राजेश मौर्या, सपा जिलाध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन मोहम्मद अली, विनोद गुप्ता सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

**अब आसानी से कर सकूंगा जनता की सेवा : वीरेंद्र चौधरी**

## राजकीय मेडिकल कालेज का होगा डिजिलाईज़ेशन

**अंबेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। इसको लेकर शासन ने मंजूरी देने के साथ बजट भी जारी कर दिया है। इससे मेडिकल कॉलेज में नेटवर्किंग की सुविधा बढ़ाई जाएगी और आवश्यकता के अनुसार कंप्यूटर भी लगाए जाएंगे। राजकीय मेडिकल कॉलेज में नेटवर्किंग के साथ कंप्यूटराइजेशन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। इसके लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों की खरीद प्रस्तावित है। पूर्व में इसका प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजा गया था। संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा को पत्र लिखकर इसकी मंजूरी दे दी है। इसमें मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर को 15 लाख रुपये का बजट मुहैया कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ कन्नौज, जालौन, सहारनपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेजों के लिए भी बजट को मंजूरी मिली है।नेटवर्किंग और कंप्यूटर की व्यवस्था दुरुस्त होने से मेडिकल कॉलेज के स्टाफ के अलावा यहां अध्ययनरत एमबीबीएस और नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को भी सहूलियत मिल सकेगी।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र/ माय भारत के जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के निर्देश पर दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता अर्चिष्मान मिश्र व विशिष्ट अतिथि रंजय यादव प्रधानाचार्य आर बी आर कन्या इंटर कॉलेज, सतेन्द्र सिंह जिला संमन्वयक पिरामल फाउंडेशन (निति आयोग), योगेन्द्र मोहन प्रोग्राम लीडर पिरामल फाउंडेशन मौजूद रहे व विराट सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख मनोज यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुरुआत मंचस्थ अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में सहयोगी के भूमिका में विभिन्न विकास खंडो से आए दीपक कुमार व रूपेश मिश्रा द्वारा अतिथियों को बैच अलंकृत किया गया। खेल प्रतियोगिता का प्रारंभ 100 मीटर साइकलिंग बालिका वर्ग के साथ किया गया तत्पश्चात बालक वर्ग के 400 मी दौड़, बालिका वर्ग कबड्डी, बैडमिंटन बालिका वर्ग, कुश्ती बालक वर्ग सहित खेलों का आयोजन प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम में विभिन्न विकास खण्डों से आए हुए विजेता प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की गई। शुक्रवार को जनपद स्तरीय वॉलीबॉल खेल का आयोजन एवं समस्त विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान मंच संचालन रुपेश मिश्र, रेफरी मनोज चौरसिया सहित दीपक एवं करन कुमार कार्यालय से ओंकारनाथ मिश्र के साथ ही साथ विभिन्न विकास खंडो से आए हुए युवा मौजूद रहे।

# मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन 17 फरवरी तक

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत सेवा निवृत्त कार्मिक को संविदा के आधार पर 65 वर्ष की आयु सीमा तक अथवा पूर्णकालिक (सेवा/स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति) कार्मियों की तैनाती होने, जो भी पहले हो, के लिए सेवायें प्रदान करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 17 फ़रवरी समय 4 बजे अपरान्ह तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदनपत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। कनिष्ठ सहायक, पद की संख्या-1, वेतन/मानदेय/पारिश्रमिक-सेवा निवृत्त कार्मिक की संविदा के आधार पर चयन, इस शर्त के अधीन किया जायेगा कि सेवा निवृत्त कार्मिक को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि सम्बन्धित कार्मिक के अन्तिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेन्शन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो) को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर प्रतिमाह मानदेय, देय होगा। जिला न्यायालय/केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार/ सरकारी संस्था/सरकारी विभाग/ बोर्ड इत्यादि के समान कार्यानुभव रखने वाले सेवा-निवृत्त कर्मचारी। नोट-जिला न्यायालय से सेवा निवृत्त कर्मचारी को वरीयता दी जायेगी। आवेदन करने के लिए आयु 1 फरवरी 25 को 60 से 65 वर्ष के बीच होगी। 31 जनवरी तक सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारीगण ही, आवेदन के अर्हय होगें। उपरोक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र (जिसमें नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, स्व-प्रमाणित फोटो एवं सम्पूर्ण पता, मोबाईल नम्बर आदि स्पष्ट उल्लेख हो) के साथ आवश्यक अभिलेख, यथा शैक्षिक प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, सेवा-निवृत्त पेन्शन प्रपत्र इत्यादि संलग्न कर, कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर के पते पर प्रेषित करें। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले, किसी भी आवेदनपत्र पर विचार नही किया जायेगा। चयन हेतु गठित समिति के अध्यक्ष को, समस्त आवेदन-पत्रों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार होगा। साक्षात्कार कार्य हेतु अभ्यर्थियों को उनके मोबाइल पर सूचना दी जायेगी। उक्त जानकारी पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर अरविन्द राय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

# समाजवादी पार्टी ने पथरपुरवा में किया पीडीए चर्चा कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा 306 डुमरियागंज अंतर्गत बनकटी चौराहे के ग्राम सभा पथरपुरवा में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। पीडीए चर्चा कार्यक्रम में पधारे सभी लोग ने संविधान की रक्षा व बाबा साहब के सम्मान को बचाने के लिए संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डुमरियागंज विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के हर मोर्चे पर विफल सरकार है भाजपा सरकार राम के नाम पर अपनी नाकामियों को छुपाना चाहती है और देश की जनता को झूठ बोलकर गुमराह करने का काम कर रही है आज देश में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार और किसानो की बदहाली पर सरकार बात नहीं कर रही है। डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि भाजपा सरकार में कमर तोड़ महंगाई से देश की जनता बेहाल है आज पिछडो और दलितों के आरक्षण के साथ-साथ बाबा साहब का संविधान भी खतरे में है समाज में सभी वर्गों के सम्मान और बराबर हिस्सेदारी के लिए जातिगत जनगणना आवश्यक है। पीडीए कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं जिला पंचायत सदस्य बेचई यादव, एडवोकेट ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अफसर रिजवी, बच्चा राम बौद्ध, लोहिया वाहिनी जिला उपाध्यक्ष अफजल खान, बालकृष्ण वोझा, इकबाल मलिक, अहमद, पप्पू मलिक, पप्पू सिद्दीकी, महफूज मलिक, राकेश मौर्य, मतीबुल्लाह, नसीम खान डुमरियागंज, ओम प्रकाश बर्मा, जालिम भाई बीडीसी, राम भवन बर्मा, मो रऊफ, रिंकू चौहान, इनमुल्लाह पूर्व प्रधान, रईस भाई, गौतम, रामलखन, हरिराम बर्मा, राज किशोर बीडीसी आदि मौजूद रहे।

## जैतपुर गाँव में सेवा समिति का गठन

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर जैतपुर गांव में गुरुवार को ग्रामीणों द्वारा ईश्वरपुर सेवा समिति का गठन किया गया। हेमंत यादव की निगरानी में ग्रामीणों ने संगठन के प्रति समर्पित होने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तम सिंह के आवास पर हुआ। जिसका संचालन कर रहे मास्टर सच्चेष यादव ने समिति के तमाम बिंदुओं पर गहनता से चर्चा किया। बताया कि संगठन शिक्षा स्वास्थ्य और सफाई सर्वपरी रखते हुए हर जरूरतमंदों को यथासंभव सहयोग करेगी।

वहीं मौजूद ग्रामीणों की सर्वसम्मति से हेमंत यादव को समिति का अध्यक्ष व केदारनाथ सिंह को कोषाध्यक्ष एवं डॉ अतुल सिंह, विकास सिंह, आशु सिंह, सुधीर यादव अंबुज यादव को उपाध्यक्ष के साथ- साथ मीडिया प्रभारी उत्तम सिंह, सचिव सुधीर यादव, बजरंग सिंह, और संतोष विश्वकर्मा बने। साथ ही 50 लोगों को समिति का सदस्य बनाया गया।

## विधानसभा प्रभारी शोहरतगढ़ के नेतृत्व में पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुनी में सपा जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी शोहरतगढ़ डॉक्टर धीरेंद्र यादव के नेतृत्व में पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक (मुस्लिम) समाज के लोगों से एकजुट होकर पीडीए विरोधी ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया। सपा जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी शोहरतगढ़ डॉक्टर धीरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के सत्ता में रहने से संविधान, आरक्षण और पीडीए के लोगों के हक व अधिकार और मान- सम्मान को खतरा बना हुआ है। जिसे बचाने के लिए उन्होंने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में लड़ाई लड़कर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आवाहन किया। अंत में उन्होंने क्षेत्र की जनता के सुख- दुख में डॉक्टर धीरेंद्र यादव सदा आप सब के साथ खड़ा होने का भरोसा भी दिया। कार्यक्रम के आयोजक सुजीत यादव रहे। इस दौरान डॉक्टर धीरेंद्र यादव,सुजीत यादव, राम मिलन भारती, कृष्णानंद, राम प्रकाश चौरसिया, राम प्रसाद पासवान,वशिष्ठ तिवारी, जगराम चौधरी, सुदामा यादव, सद्दाम खान, बजरंगी, भूलन, महेश, जाकिर, धर्मराज, सदाबृक्ष, सुरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## शिविर लगाकर निःशुल्क चिकित्सा किया गया प्रदान




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी लोहटी के कार्यक्षेत्र में बनचौरा गाँव में ओपीडी तथा मानव चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क चिकित्सा प्रदान किया गयाद्ध 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा भारत- नेपाल सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गाँवो मे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनेक जन कल्याणकारी कार्यक्रम और कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है द्ध इसी क्रम में बृहस्पतिवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ कल्याणी स्वेन, सहायक कमान्डेंट (चिकित्सा), 43वी वाहिनी के द्वारा सीमा चौकी लोहटी के कार्यक्षेत्र के बनचौरा गाँव में ओ.पी.डी. तथा शिविर लगाकर निःशुल्क मानव चिकित्सा सेवा प्रदान किया गया द्ध शिविर के माध्यम से सीमाई क्षेत्र के लोहटी, बनचौरा, चंदई और बोहली गाँव के 26 पुरुष, 37 महिला और 9 बच्चों के साथ कुल 72 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया द्धडॉ0 कल्याणी स्वेन के द्वारा ग्रामीणों को खान पान और साफ सफाई के बारे में सतर्कता बरतते हुए पौष्टिक भोजन का सेवन करने, ठंढ से खुद को और अपने परिवार जनों को बचाने तथा नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया द्धइस दौरान सहायक कमांडेंट कैलाश दान, निरीक्षक पंकज कुमार, डॉ0 कल्याणी स्वेन, राम छबीले पासवान ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पृथ्वी पर कोई वस्तु स्थाई नहीं वही का जीवन भी स्थाई नहीं : रविन्द्र शास्त्री

**गोरखपुर।** सहजनवां तहसील क्षेत्र के विडार गांव में चल रहे रूद्र महायज्ञ में अयोध्या धाम से आये रविन्द्र शास्त्री ने श्रद्धालुओ को कथा का रसपान कराया। कथा में उन्होंने ने कहा पृथ्वी पर भी वस्तु स्थाई नहीं है।नाही मनुष्य का जीवन स्थाई है।इस कलिकाल जो बना है वह बिगड़ेगा जो जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है।इस धरा पर मनुष्य के सद्कर्म ही जिन्दा रहता है। जिसे लोग याद करते है।मनुष्य में सद्कर्म तभी आयेगा जब वह आध्यात्म की तरफ झूकेगा।भगवान की भक्ति करेगा। आज के समय मनुष्य लोभ माया, भोग विलास में लिप्त है। उसे अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए इससे बाहर निकलना होगा।आगें कहा भगवान राम इस पृथ्वी पर जन्म लिए अपने कर्मो से आज हम उनके नाम सुमिरन करते है। वही दूसरी तरफ प्रखंड पंडित रावण बुरा कर्म किया तो आज जलाया जाता है। इसलिए जब हम अच्छे कर्म करेगे तो लोग याद हमें याद करेगे। कथा में भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, मीना सिंह, प्रमुख पाली ई शशी प्रताप सिंह, बेचन सिंह, विद्यावती सिंह, जितेंद्र मोहन सिंह, वेद प्रकाश, विनय सिंह, राहुल यादव, संजय चन्द्रभान समेत अन्य मौजूद रहे।

## डीएम ने मिड-डे-मील चखा

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने पी.एम.श्री. कम्पो. उच्च प्राथमिक विद्यालय परसा जागीर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि गत निरीक्षण के सापेक्ष बहुत सुधार है एवं प्रथम दृष्टया गुणवत्ता बहुत सही है तथा निर्माण कार्य पूर्णता के निकट है। उन्होने देखा कि विद्यालय के द्वारा पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाओं का वास्तविक प्रयोग बखूबी किया जा रहा है तथा छात्रों से सामान्य गणित एवं सामान्य ज्ञान पर प्रश्न पूछे गए, तो उत्तर संतोषजनक मिला। उन्होने मिड-डे-मील चख कर देखा और गुणवत्ता अच्छा पाया। छात्रों ने बताया कि उन्हें अतिरिक्त सामग्री जैसे दूध, फल एवं चिक्की समय से प्राप्त हो रही है। प्रधानाचार्य एवं उनके अभियन्ता के रूप में क्वालिफाइड सहायक अध्यापक (जो कि स्मार्ट क्लास के संचालन में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं) की प्रशंसा की गई। उन्होने देखा कि विद्यालय परिसर की इण्टरलाकिंग खराब है। इस स्थिति पर खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि इसे ठीक करवाने का आगणन बनवा कर नियमानुसार पूर्ण करवाएँ।

# प्राथमिक विद्यालय गुरौली के बच्चों ने पढ़ा स्वच्छता का पाठ

## स्वच्छता की पाठशाला के माध्यम से बच्चे बनेंगे स्वच्छता दूत



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** रेकिट इंडिया एवं प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत पिपरौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गुरौली में सहायक शिक्षिका नंदिनी त्रिपाठी द्वारा बच्चों के बीच स्वच्छता की पाठशाला का संचालन किया गया। बच्चों को व्यक्तिगत सफाई में हाथों की सफाई क्यों करनी चाहिए, हमें हाथों को कब धोना चाहिए और अपने हाथों को सही तरीके से साफ करने के लिए हमें क्या करना चाहिए इस पर बच्चों के बीच चर्चा किया गया। सभी बच्चों के बीच हाथ धोने की विधि के बारे में बताया गया एवं संस्था द्वारा उपलब्ध पोस्टर एवं गेम बॉक्स के द्वारा बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से स्वच्छता की पाठ पढ़ाई गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका दुलारमती एवं स्कूल कोऑर्डिनेटर कृष्ण कुमार पांडेय उपस्थित थे।

## बागीश्वरी साहित्य परिषद् के काव्य सम्मेलन में बही काव्य रस धार



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बागीश्वरी साहित्य परिषद् के तत्वाधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन गुप्तेश्वर मंदिर में किया गया जिसमें नामवर कवियों और साहित्यकारों ने अपनी अनूदित रचनाएं सुना कर बासंती छटा बिखेरी। संस्था अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता की अध्यक्षता और रामप्रकाश निरंजन के मुख्य आतिथ्य एवं विज्ञान विशारद सीरौठिया के विशिष्ट आतिथ्य में संयोजित काव्य गोष्ठी का संचालन आनंद शर्मा अखिल ने किया। भास्कर सिंह माणिक्य द्वारा वाग्देवी मां सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुई गोष्ठी में अंतरराज्यीय मंचों के अभिनंदित कवि एवं श्रेष्ठ साहित्यकार नरेंद्र मोहन मित्र ने रचनापाठ करते हुए कहा नफरत की आग बुझते बुझते प्यार हो गई, उस आदमी की जिंदगी हरिद्वार हो गई। वैदेही शरण लौहकर ने कहा अजहूं कंत घरै ना आए दिन बासंती आए,पिउ पिउ रटै पपीहा मन को धीर न धरत धराए। चित्तर सिंह निरंजन ने कहा शारदे शारदे मां शुभ स्वर सरसा दे मां, वीणा वादिनी वर दे वाणी बरसा दे मां। राजेंद्र सिंह रसिक ने रचना बांची बोल अनूठे गीत सुना कर मन को खिला दिया, सपने में जो मिल न पाया उसको मिला दिया। मुन्ना यादव विजय ने रचना बांची मशहूर होना पर मगरूर मत होना, कामयाबी पाकर नशे में चूर मत होना। जुगिंदर सिंह फौजी ने रचना पाठ किया साधना स्वरों में आज सुंदर सजाओ साज, वीणा वीणा वादिनी बजाने चली आओ मां। आनंद शर्मा अखिल संजय सिंघाल, ओंकारनाथ पाठक, संतोष तिवारी सरल, डॉ. हरिमोहन गुप्त, आशाराम मिश्रा, अमर सिंह यादव आदि ने भी अपनी रचनाएं सुनाईं। संस्था के मंत्री अरुण कुमार वाजपेयी ने आभार जताया।

**सूचना**

मैं सतेन्द्र पुत्र श्री साधुराम निवासी पेपर मिल रोड, सीतापुरी, विनय विहार बस्ती, सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र चेतन कुमार सत्यमुखी मेरे व परिवार के कहने व सुनने मे नही है। हमारे साथ आये दिन गाली गलौच व लडाई झगडा करता है। समझाने पर भी नही मानता उसकी संगत भी बुरी हो गई है। अतः विवश होकर हमने चेतन कुमार सत्यमुखी से सभी संबंध विच्छेद कर उसे अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर दिया है। भविष्य मैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

**Public Notice**

I Hamnah change my name to Hamnah Shahzad in future know and call me Hamnah Shahzad c/o shahzad ahmad.H.N.11/2068, near dr asgar, **khakhroban,district saharanpur, pin code 247001**

## गरीबों की मदद करने से गरीबो की दुआ मिलती है : सैय्यदा खातून



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के मिठवल ब्लाक अंतर्गत ग्राम कोटिया गड़ौरी, धनघटा, झूगवा, अहिरौली, गौरागढ़, दुबौली, बनगांवा, तिगौड़वा आदि गांव में गरीब मजदूर मजलूम असहाय वृद्धा, विकलांग, लोगों को डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। इस मौके पर विधायक सैय्यदा खातून ने बताया कि वो हर साल गरीब असाहय लोगों में ठंड के मौसम में कम्बल वितरण करती है जिससे उन्हे काफी सुकून मिलता है गरीबों की मदद करने से गरीबो की दुआ मिलती है इससे बढ़ कर समाज में कोई सेवा नहीं है। इस दौरान क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## अपार आईडी बनाने में लापरवाही

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले में अपार आईडी बनाने की गति बहुत धीमी है। इसकी समीक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा कर रहीं हैं। इसके बावजूद 21 विद्यालय अपार आईडी बनाने को लेकर संजीदा नहीं मिले। बीएसए के निर्देश पर इनका यूडायस कोड बंद कर दिया गया है। स्कूलों की मान्यता पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।टांडा ब्लॉक के लार्ड बुद्धा पब्लिक मीरानपुरा बाभनपुरा, एमआरवी पब्लिक स्कूल, रामचेत सुंदरा देवी जूनियर हाईस्कूल और एस आरडी पब्लिक आशोपुर विद्यालय, रामनगर क्षेत्र के रामपाल एसएम हायर सेकंड्री स्कूल आमा दरवेशपुर, आरपी एसएसपीवी आमा दरवेशपुर, आरपीएस यूएमवी आमा दरवेशपुर, मदरसा जहीरखान पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों का यूडायस कोड बंद किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी 21 विद्यालयों का यूडायस बंद किया गया है। इसके बाद मान्यता भी रद की जाएगी।

## उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि के अध्यक्ष व महामंत्री चयनित

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले में व्यापार मंडल को और सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार रात्रि को जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक की गई। व्यापारी एकता और व्यापारियों की सुरक्षा समेत विषयों पर चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष पद पर हरिओम सोनी और महामंत्री पद पर शरद जायसवाल को नियुक्त की गई। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा नवनियुक्त नगर अध्यक्ष हरिओम सोनी,नगर महामंत्री शरद जायसवाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने बताया कि जब तक व्यापारी एकजुट नहीं होगा तब तक उसका उत्पीड़न होता रहेगा। हमारी एकता ही हमारी शक्ति है। उन्होंने व्यापारी से एकजुट होने की अपील की।



## पीएम का दोहराव भाषण

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सियासी जवाब दिया और विपक्ष को निशाने पर रखा। यह संसदीय परंपरा है कि केंद्र में राष्ट्रपति मौजूदा सरकार की नीतियों और उसके कार्यक्रमों पर अभिभाषण देते हैं और राज्यों में यह भूमिका राज्यपाल निभाते हैं। अभिभाषण सरकार के अधिकारी ही लिखते हैं, लिहाजा सांसदों या विधायकों का संबोधन पूरी तरह राजनीतिक होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 95 मिनट के भाषण में गांधी परिवार, केजरीवाल और अखिलेश यादव सरीखे विपक्ष पर कई पलटवार किए, तंज भी कसे और पुराने, अप्रासंगिक मुद्दों को भी उठाया। प्रधानमंत्री ने 1961-63 के दौरान अमरीका के राष्ट्रपति रहे जॉन एफ. कैनेडी और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के आपसी संबंधों का जिक्र किया और कैनेडी पर लिखी एक किताब पढने् की सलाह दी। अमरीका के 35वें राष्ट्रपति कैनेडी पर असंख्य किताबें लिखी गई हैं, लेकिन आज कैनेडी-नेहरू के संबंधों की प्रासंगिकता क्या है? यह मोदी-ट्रंप का दौर है। आज 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान हमारी असफलताओं को क्यों दोहराया जाए? बेशक चीन का भारत की 38,000 से ज्यादा वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा है। वह चीन युद्ध की देन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस आयाम पर बयान दिया है। फिर इस किताब की प्रासंगिकता कितनी है, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू की विदेश नीति की आलोचना की गई थी। यह भी उल्लेख था कि नेहरू चीन के युद्ध को समझ ही नहीं पाए। भारत की सेनाओं की तैयारियां ही नहीं थीं। चीन को लेकर कैनेडी ने नेहरू को सावधान किया था, लेकिन नेहरू ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। ये तमाम करीब 63 साल पुराने संदर्भ हैं। बीते 11 साल से मोदी सरकार काम कर रही है। आज भारत-चीन के बीच अरबों डॉलर का कारोबार होता है, तो सैन्य रूप से दोनों देश प्रतिद्वंद्वी भी हैं। लद्दाख में भारत के हजारों सैनिक चीनी सैनिकों के सामने तन कर तैनात रहे, अंतत- सेनाओं को पीछे हटने पर समझौता करना पड़ा। यह आज का महत्वपूर्ण यथार्थ है।

## भारतीय संस्कार बनाम पश्चिमी जीवन शैली

**संजीव ठाकुर**

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था । धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे-धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता,बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा,नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए,और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे,तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था। पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकर्ताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं शोधकर्ताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। भारतीय विद्वानों, शोधकर्ताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा,बहु विवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरुआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खानपान, वेशभूषा,विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी। पश्चात दर्शन ने भारतीय संस्कृति में जीवंत एवं चरित्र को एक नया बदलाव दिया था। पाश्चात्य संस्कृति में धीरे-धीरे भारतीय रहन-सहन रीति-रिवाज प्रथाओं को प्रभावित किया। ड्रेसिंग सेंस, खान पान,बोलने चालने तथा अभिवादन के तरीकों में बड़े परिवर्तन हुए। वेस्टर्न पद्धति से संस्कृति शिक्षा विचारधाराओं ने भारत को दुनिया के राष्ट्रीय जीवन के संपर्क में ला खड़ा किया था। देश के अंदर विभिन्न अलग-अलग विचारधाराओं के समूहों को एक सांस्कृतिक समानता के मंच पर लाकर खड़ा किया। और इसी सांस्कृतिक समानता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता और राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी। विहंगम दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय परंपरा रीति रिवाज में महत्वपूर्ण सुधार लाने की एक नई पहल की थी। प्राचीन परंपराओं के फल स्वरुप भारतीय जनमानस को रीति-रिवाजों एवं पाखंडी पन ने जीवन में जंजीर बनकर जकड़ रखा था। संस्कृति तथा कुप्रथाओं ने स्वतंत्र विचारों को मस्तिष्क में ही कैद कर लिया था एवं आमजन का जीना मुश्किल हो गया था।

## सत्य व निष्ठा पर चलकर, राक्षसों का संहार किया


क्षमा सिंह चौहान

राम-राम में है कहां,
निज हित में आराम।
संघर्ष, त्याग और न्याय-धर्म,
का संग्रह हैं राम।।
सत्य व निष्ठा पर चलकर,
राक्षसों का संहार किया।
घास-फूस व तृण समान,
चूर उनका अहंकार किया।।
त्याग- तपस्या ऐसी की,
रहकर बिल्कुल मौन।
राजपाठ से मोहभंग कर,
वन को जाता कौन।।
जंगल-जंगल वह फिरे,
अनलंकृत श्री राम।
मर्यादा आभूषण बनी,
हैं पुरूषोत्तम श्री राम।।
शबरी के झूठे बेर खा,
प्रेम का दीप जलाया।
जात-पात अंधियारा मिटा,
भाईचारा बढ़ाया।।
राजधर्म में त्याग किया,
पत्नी और संतान।
त्याग की वह प्रतिमूर्ति हैं,
ऐसे हैं श्री राम।।
मर्यादा पुरुषोत्तम कहूं,
या आदिपुरूष महान,
जन्म सार्थक हुआ,
जय जय जय श्री राम।।
गुरु बिन न ज्ञान हमको मिले,
छिपा है जो मन में तिमिर न धुले।
अच्छे-बुरे का वह हमें ज्ञान दे,
यह कर्तव्य है हमारा
हम उन्हें सम्मान दें।
संसार -सागर में वे गोता लगाते;
चुनें ज्ञान मोती, हमें बांटते।
शिष्य के मस्तिष्क के द्वार,
जो बन्द होते,
ज्ञान चाभी से पुष्प पंखुड़ी सा,
उन्हें खोलते।
गुरु सा जगत में न दूजा कोई,
गुरु महिमा बखान समय न
पूजा कोई।।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल


ललित गर्ग

**डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए।**



सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है। भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था।

# अनटोल्ड लव स्टोरी ऑफ इंडियन बुलबुल


प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

"बेशक सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर आजीवन अविवाहित रहीं, लेकिन यह भी सच है, फूल के मानिंद उनके दिल के एक कोने में मुहब्बत भी घर कर गई थी यानी वह एक राजकुमार को अपना बेशकीमती दिल दे बैठी थीं। यह प्यार परवां नहीं चढ़ पाया, क्योंकि राजा के पिता ने अपने राजकुमार पुत्र को यह सख्त हिदायत दी थी, हमारी रियासत की महारानी कोई आम महिला नहीं होगी। पिताश्री से भी बेपनाह मुहब्बत करने वाले इस राजकुमार-राज सिंह डुंगरपुर ने मानो पिताश्री की हां में हामी भर दी हो। दूसरी तरफ धड़क रहे दिल ने भी इस हिदायत को अपने पिताश्री का ही फरमान माना। लता जी का दिल चुरा चुके यह राजकुमार जीवन पर्यंत वैवाहिक बंधन में नहीं बंधे। हालांकि तमाम दुश्वारियों के चलते लता जी भी ऐसे पवित्र बंधन से दूर रहीं। यह बात दीगर है, इन दोनों में प्रेम की डोर अंत तक अनुशासित और मर्यादित रही, युवाओं के लिए अनुकरणीय है। यह दो दिलों के मिलने का ही नतीजा था, राज सिंह लता जी को प्यार से मिट्ठू बुलाते थे। राज से छह बरस बड़ी लता जी अंततः डुंगरपुर घराने की शहजादी तो नहीं बन पाईं।



यह बात दीगर- वह दशकों स्वरों की महारानी रहीं। रेशमी आवाज की धनी रहीं लता जी का यूं तो राजस्थान से कोई सीधा रिश्ता नहीं है, लेकिन यहां की रियासत रही डुंगरपुर से उनका गहरा नाता रहा है। यह नाता था दोस्ती का। यह नाता था बेपनाह मुहब्बत का। राज सिंह का जन्म 19 दिसंबर, 1935 में राजस्थान के डूंगरपुर राजघराने में हुआ था । वह डूंगरपुर रियासत के राजा लक्ष्मणसिंह के छोटे पुत्र थे। राजसिंह ने 1955 से 1971 के दौरान 86 प्रथम श्रेणी के मैच खेले थे। उन्होंने 16 बरसों तक प्रथम श्रेणी का क्रिकेट खेला। वह करीब 20 साल तक बीसीसीआई से जुड़े रहे। राजसिंह 1959 में लॉ करने मुंबई गए थे।

क्रिकेट खेलने के भी शौकीन थे। 1955 से ही राजस्थान रणजी टीम के सदस्य थे। मुंबई के क्रिकेट मैदान में लता जी के भाई हृदयनाथ मंगेशकर से मुलाकात हुई। उनके भाई अक्सर राज को अपने साथ घर लेकर जाते थे। राज सिंह पहली मुलाकात में ही लता को दिल दे बैठे थे। लता रिकॉर्डिंग में बिजी रहती थीं। बिजी शेड्यूल के कारण ज्यादा मिल नहीं पाती थीं। कहते हैं, राज उनके गाने सुनकर उनकी कमी को पूरा करते थे। फुर्सत मिलते ही दोनों मिलते थे। स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर और राज सिंह डूंगरपुर की दोस्ती कब प्यार में बदल गई, इसका अंदाजा तो उन दोनों को भी नहीं था। राज लता के गानों के दीवाने थे। वह एक टेप रिकॉर्डर हमेशा अपनी जेब में रखते थे और उनके गाने सुनते थे। लता की क्रिकेट के प्रति दीवानगी भी छिपी नहीं है। अक्सर वे मैदान पर राज को क्रिकेट खेलते देखने जाती थीं। दोनों अक्सर मिला करते थे। कहते हैं, राज और लता को एक-दूसरे का संग बहुत पसंद था। मुहब्बत परवान पर थी। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन राज ने एक बार अपने माता-पिता से कहा तो वे बोले, लेकिन कोई आम लड़की आपके राजघराने की बहू नहीं होगी। वे चाहते थे कि राजपरिवार की लड़की ही राजपरिवार की बहू बननी चाहिए। लता में गुण खूब थे, लेकिन एक साधारण परिवार से थीं। मुहब्बत की पराजय हो गई और राज परिवार के आगे झुक गए। शादी न होने के बाद भी दोनों ने एक-दूसरे का साथ दिया था। चैरिटी में साथ काम किया था। हालांकि, दोनों की मुहब्बत आज केवल याद बनकर रह गई है। यह किस्सा भी दिलचस्प है। पाक मुहब्बत का एक उदाहरण है। बकौल राजघराने के खासमखास श्री राजेश जैन, भारत रत्न लता जी के 75वें जन्म दिन पर राजघराने के राजसिंह डूंगरपुर के मुंबई स्थित आवास में था। राज सर को मैंने सुबह दीदी के आवास पर जाने और बधाई देने की बात कही। इस पर राज सर ने तत्काल मुझे ही बुके लेकर जाने का फरमान दिया। जब मैं सुबह-सुबह 7 बजे बुके लेकर लता दीदी के बंगले पर पहुंचा तो नीचे हजारों की तादाद में वीआईपी हस्तियां मौजूद थीं। इतनी भीड़ को देखकर लगा, इतने वीआईपी के बीच आखिर लता जी से कैसे मिलूंगा? उनको बुके कैसे दे पाऊंगा? मुझे यह सौभाग्य कैसे प्राप्त होगा? लेकिन खुशकिस्मती से दीदी का आभार कहें या उनका बड़प्पन, एक व्यक्ति संदेश लेकर आया कि डूंगरपुर से राजेश जैन जी कौन हैं? बेसब्री से बुलावे के लिए इंतजार में था। अपना नाम सुनते ही बोला, मैं हूं, तुरंत अंदर बुलाया गया। फिर मैंने लता दीदी को बुके देकर डूंगरपुर की ओर से उनको जन्मदिन की बधाई दी। इसी समय लता दीदी ने मुझे 25 लाख रुपए की स्वीकृति का पत्र भी सौंपा और कहा कि इसे डूंगरपुर कलेक्टर को दे देना। उन्होंने यह सौगात डूंगरपुर की बदहाल चिकित्सा को लेकर दी थी। इस भवन का नाम भी लता मंगेशकर भवन रखा गया। मौजूदा वक्त में इस भवन में एड्स रोगियों के लिए एआरटी सेंटर चल रहा है। उल्लेखनीय है, लता जी ने 2007-08 राज्यसभा सांसद रहते हुए राज जी के कहने पर ही यह चेक दिया था।

# मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार


किशन सनमुखदास

मानवीय जीव इस सृष्टि में अनमोल हीरा है।मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार समाया हुआ है, परंतु हम अपने आप की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते बल्कि हमेशा दूसरों की ताकझांक करते रहते हैं। हर क्षेत्र में दूसरों से प्रतियोगिता करने पर उतारू हो जाते हैं,कुछ नया करने की नहीं सोचते।अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए !तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं क्योंकि इतनीं बुद्धि कौशलता हर एक भारतीय में समाई हुई है। बस !जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की परंतु हम अपने ही बढ़ बोलेपन से घिरे रहते हैं, दूसरों की टांग खींचने में हमको मजा आता है। किसी भी नकारात्मक विस्तार वादी बात को समाधान कर समाप्त करना जैसे हमने सीखे ही नहीं? जबकि भारत माता की मिट्टी में ही मानवीय गुणों की खान समाई हुई है जिसे हमें चुनकर अपनाना है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से गुणों की खान के दो हीरे चुप रहना और माफ करना पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मानवीय अनमोल गुण चुप रहने की करें तो, बड़े बुजुर्गों की इस पर दो कहावतें हैं (1) बोलत बोलत बड़े बिखात, पहली कहावत का भावार्थ है, अति बोलने से ही बातें बिगड़ती है झगड़े दंगे फसाद मारपीट हत्याएं तक हो जाती है इसलिए चुप भली,(2) अति का भला ना बोलना अति की भली न चूप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप, याने दूसरी कहावत का भावार्थ अति चुप रहने को भी नकारा गया है याने अन्याय के खिलाफ चुप रहना हानिकारक है। परंतु हमें इसका निर्णय अपने समाज और राष्ट्र के फायदे को देखकर ही लेना है परंतु मेरा मानना है चुप रहने से कई फायदे हैं और सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। बोलने से पहले हमें याद रखना होगा के (1) बिना तथ्य के ना बोले (2) शब्दों से ठेस ना पहुंचे (3) पवित्र वस्तुओं सेवाओं का अपमान ना करें (4) क्रोध में चुप रहे (5) मुद्दे से संबंध ना होने पर चुप




रहें (6) शब्दों से किसी को ठेस ना पहुंचे (7) चिल्लाने से चुप भली(8)अपमान से ना बोलें (9) जरूरत पड़ने पर सकारात्मक बोलें (10) निंदा से बचें। साथियों बात अगर हम चुप रहकर भी अपनी दिमागी ताकत से जवाब देने की करें तो, चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं। इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते,समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। साथियों हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं।चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं? विशेषज्ञ मानते हैं कि चुप रहने से व्यक्ति दिमागदार और उत्पादक बनने की ओर अग्रसर होता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वाध्याय स्वास्थ्य सुधार होने की संभावना बनी रहती है। व्यर्थ का बोलना ऊर्जा को नष्ट करना है, और यह बोलना ही हमें कभी अपने भीतर की ओर लौट ने नहीं देता , क्योंकि यह हमें बाहर की ओर झुकाए रखता है और जिन्हें भीतर की यात्रा करनी है उन्हें अपने मुंह को बंद ही रखना चाहिए। चुप रहने में अद्भुत शक्ति है। साथियों बात अगर हम किसी को माफ करने की करें तो, खुद को दुख पहुँचाने या धोखा देने वाले व्यक्ति को माफ करना सबसे कठिन काम है। हालाँकि, यदि हम किसी के साथ अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं, तो उस के लिए हमको माफ करना सीखना भी ज़रूरी है या फिर सीधे तौर पर बीते हुए पलों को भुलाकर, आगे बढ़ने की कोशिश करें। नकारात्मक भावनाओं से निपटना सीखें, हमको दुख पहुँचाने वाले व्यक्ति का सामना करें और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाएँ। क्षमा करना पसंद करें, क्योंकि बड़े बुजुर्गों की कहावत भीहै क्षमादान महादान, क्षमा करके भी हम सामने वाले को एक यादगार सजा के रूप में दे सकते हैं। क्षमा की भावना लेकर, हमको नकारात्मकता को अपने से दूर करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकदम सचेत और सक्रिय निर्णय करने की ज़रूरत है। यह भावना आसानी से नहीं पनपती। खुद के अंदर क्षमा की भावना उत्पन्न करने के लिए हमको ही इस दिशा में कार्य करने की ज़रूरत है। साथियों लोग अक्सर इस तरह की बातें करते हैं, कि वे उस इंसान को नहीं भुला सकते, जिसने उन के साथ कुछ ग़लत किया है। वे ऐसा मानते हैं, कि अपने अंदर मौजूद दर्द और धोखा मिलने की भावना को भूलना उन के लिए असंभव है। लेकिन लोग इस बात को महसूस करने में नाकाम रह जाते हैं, कि क्षमा करना भले ही हमारी पसंद है, लेकिन अगर हम उस व्यक्ति को क्षमा करने का निर्णय लेते हैं, जिसने हमको कष्ट दिया हैं, तो यदि इस निर्णय से किसी को लाभ होता है, तो वो सिर्फ़ हम हैं और सामने वाले को हमेशा के लिए उस माफी के रूप में एक सजा और हमारा बड़प्पन। जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है. दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है।

## जान लो, पहचान लो, जनक और जननी से बड़ा कोई वेलेंटाइन नहीं

शुक्रवार से वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हो रही है। आज के व्यवसायिक दौर की माने तो ये सात दिन प्रेम की अभिव्यक्ति की पराकाष्ठा होते हैं। व्यवहारिक दृष्टि इसके विपरीत है। देखा जाए तो प्रेम किसी पहचान का मोहताज नहीं होता है। प्रेम तो वास्तव में अंतर्मन की वो अभिव्यक्ति और अनुभूति है। न सुनाई पड़ती है और न दिखाई देती है। वह तो सिर्फ महसूस की जा शक्ति है। प्रेम कोई बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध वस्तु नहीं है तो फिर इसका व्यवसायीकरण क्यों? क्या प्रेम के लिए एक प्रेमिका का होना आवश्यक है? जिसने हमें जन्म दिया, पाला पोसा बड़ा किया। लड़खड़ाते कदमों को संभाल हमें आगे बढ़ाया। क्या वो प्रेम का अधिकारी नहीं है? हिंदी के विख्यात साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की एक प्रसिद्ध उक्ति है कि यह संसार भी बड़ा प्रपंचमय यंत्र है। वह अपनी मनोहरता पर आप ही मुग्ध रहता है। सीधा सा भाव है कि सरलता सदैव धोखा खाती है। यही वजह है कि जो तुमसे ज्यादा प्रेम करता है, उसकी तुम्हें पहचान ही नहीं हो पाती। चार दिन किसी के साथ तफरी क्या कर ली, वहीं जाने जहां हो जाते हैं। इसके लिए माता-पिता , घर-परिवार की इज्जत भी उछालनी पड़ जाए तो भी परवाह नहीं। माई लाइफ माई राइट कहकर झट से पल्ला झाड़ लेते हो। जब इस माई लाइफ का भूत सर से उतर जाता है तो वापसी के लिए इसके सिवाय कोई और जगह नहीं होती। मैं ये नहीं कहता कि संसार में प्रेम की उपयोगिता या महत्ता नहीं है। पर वेलेंटाइन के नाम पर जो भ्रमजाल लगातार पैर पसार रहा है। उस पर चिंतन बहुत जरूरी है। सबसे पहले जानो कि प्रेम का कोई एक दिन तय नहीं किया जा सकता। जीवन का हर एक क्षण हमें प्रेम और प्रेमालाप करने का अवसर प्रदान करता है। यह कोई उपहारस्वरूपी वस्तु के बदले का मोहताज नहीं होता। यह कभी किसी लालसा को जन्म नहीं देता। यह तो हमें एक ऐसी साधना की राह की ओर अग्रसर करता है जो अथाह है अनन्त है। सुनते रहो! प्रेम कोई समय में बंधने वाली प्रक्रिया नहीं है। यह तो युग युगांतर तक अमरता को प्राप्त होने वाली ऐसी दिव्य और अलौकिक ज्योति है जिसका प्रकाश कभी मंद हो ही नहीं सकता। प्रेम कभी नहीं कहता कि उसे गुलाब चाहिए, उपहार चाहिए। वह तो सिर्फ आत्मीयता चाहता है। जो सिर्फ पवित्र हृदय से मिलती है। आज के समय में आत्मीयता का प्रेम के रूप में कोई महत्व दिखता ही नहीं है। सुनो! जिसे तुम अट्रेक्शन कहते हो वो कोई अट्रेक्शन नहीं है। वह तो एक अबूझ लालसा है। जो एक के मिलने के बाद भी पूरी नहीं होती। मन भरा तो मन चरा। यहां ये भी जानना जरूरी है कि प्रेम कोई आकर्षण रूपी क्षणिक भावना नहीं है। प्रेम तो हर जन का अस्तित्व है। उनका अनुपम अलौकिक व्यकित्व है। प्रेम को कोई बांध नहीं सकता। क्योंकि प्रेम की कोई सीमा नहीं है। प्रेम तो सीमा का निर्माण करता है। व्यक्ति बदल सकता है पर प्रेम रूपी व्यक्ति्तत्व लाख चाहने पर भी नहीं बदलता। यह तो जानते ही होगे कि इंसान का शरीर, मन और व्यवहार बदलते देर नहीं लगाता। पर प्रेम हर व्यक्ति्तत्व से परे अपरिवर्तनशील है। प्रेम कोई उत्तेजना नहीं है यह तो निष्काम मन का समर्पण है। प्रेम कोई विचार नहीं यह तो अभिव्यक्ति है। प्रेम कोई दृश्य नहीं यह तो अदृश्यम् है। जो प्रेम आकर्षण से पैदा होता है। या जो सुख की कामना लिए होता है। वह प्रेम नहीं है। ऐसे प्रेम की कोई लंबी उम्र नहीं होती है। अज्ञानता या सम्मोहन के फलस्वरूप जन्म लेने वाला इस तरह का प्रेम पानी के बुलबुले के समान क्षणिकमात्र होता है। इस प्रकार के प्रेम से मोह भी जल्द भंग हो जाता है। यह दीपक की लौ की तरह झर झर करने लगता है। और अंत में बुझ जाता है। मन में अनावश्यक भय, अनिश्चिता का माहौल, असुरक्षा और उदासी को बढ़ाने का कार्य करता है। जिस प्रेम की प्राप्ति सुख- सुविधा, धन दौलत, इच्छापूर्ति भाव के कारण होती है। वह आनंददायी नहीं निरुत्साही होता है। बात संभवतः तुम्हे बुरी लगे। पर जिस प्रेम की पराकाष्ठा की उम्मीद इस साप्ताहिक प्रेमोत्सव के दौरान में जाती है। वह प्रेम नहीं वासना का जाल है। प्रेम और वासना का अंतर जानना है तो यह भी सुनो! प्रेम और वासना में वही अंतर है जो कंचन और कांच में है।

**सुशील कुमार 'नवीन'**

# रिटायर्ड टीचर के घर से एक करोड़ की चोरी

- किचन का सामान भी उड़ा ले गए चोर, पुलिस जांच में जुटी

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** शहर के पॉश एरिया में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया, रिटायर्ड टीचर के घर से करीब 1 करोड़ रुपए की चोरी कर ली गई। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद है, पीड़ित टीचर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर, जांच शुरू की है, चोरी की यह वारदात नगर कोतवाली के महोली रोड स्थित टीचर्स कॉलोनी में रमेश चंद्र अग्रवाल के मकान में हुई, फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबितक, नगर कोतवाली क्षेत्र के टीचर्स कॉलोनी में रहने वाले रमेश चंद्र अग्रवाल अपनी बेटी के गांव गए हुए थे. मंगलवार की रात करीब 12:30 बजे नकाबपोश चोर गेट का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसते हैं, वहां रखी एक-एक तिजोरियों को खंगाला, घर में रखे सोने, चांदी के आभूषण और लाखों रुपए नगदी चोरी की, चोरों ने रसोई में रखे बर्तन और भगवान की सोने-चांदी की मूर्ति तिजोरी सहित गायब कर दी है।रिटायर्ड टीचर की मानें तो सारा सामान और नगदी मिलाकर करीब 1 करोड़ रुपए की चोरी की गई है, हालांकि यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है जिससे पुलिस को मदद मिल रही है, बताया जा रहा है कि चोरी करने पहुंचे चोर करीब 3 घंटे तक मकान में रुकते हैं और एक-एक चीज बड़े इत्मीनान से चुराते हैं, यही वजह है कि उन्होंने घर के महंगे बर्तन तक नहीं छोड़े। मंगलवार को रिटायर्ड शिक्षक रमेश चंद्र अग्रवाल अपनी बेटी के घर पर चले गए थे, उनके बेटे हर्ष अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज कुंभ स्नान करने के लिए गए थे, घर पर कोई नहीं था ताला लगा था, यही वजह रही कि चोरों ने आराम से घर का सारा माल गायब कर दिया, पड़ोसी की सूचना पर रमेश चंद्र अपनी बेटी के साथ पहुंचे तो देखा कि सभी सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पड़ा हुआ है. तलाशी ली गई तो मालूम पड़ा घर में रखा 10 किलो चांदी, चांदी के आभूषण, सोने के जेवर, भगवान की सोने की घड़ी, तिजोरी और घर में रखें लाखों रुपए गायब हैं। रमेश चंद्र अग्रवाल हरियाणा में शिक्षक थे वे हाल ही में रिटायर हुए हैं, रिटायरमेंट के बाद पीएफ निधि से पैसा मिला, घर में रखा हुआ सोना, चांदी, बेटे की शादी में मिला हुआ था, सोने के आभूषण घर में रखे हुए थे। शहर के टीचर्स कॉलोनी में हुई चोरी की बड़ी वारदात को लेकर पुलिस एक्टिव है। नगर कोतवाली और हाईवे थाना चोरों की तलाश में जुटा है। एसपी सिटी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जो भी सामान चोरी हुआ है, उसकी सूची बनाकर अग्रवाल ने दी है, फिलहाल पूरे मामले की जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है चोरों की तलाश की जा रही है, जल्दी ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## 21फरवरी को कुड़वार के चंद्रकला में होने जा रहा भव्य हनुमत महोत्सव

अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार,सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार ब्लाक के भंडरा चंद्रकला गांव में श्री चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर के मूर्ति स्थापना के सातवीं वर्षगांठ महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कार्यक्रम की आयोजिका भाजपा नेत्री व वरिष्ठ समाजसेविका मनीषा पांडेय के संयोजन में आगामी 21फरवरी को भंडरा चंद्रकला गांव में बने श्री चौसठ योगिनी हनुमान मंदिर के सातवें वर्षगांठ के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। वहीं भजन संध्या कार्यक्रम में समा बाधने मशहूर भोजपुरी गायिका स्वाती मिश्रा और अवधी गायक अनुराग पंडित,समेत कई कलाकार आ रहे हैं। भजन गायक पहुंचकर अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की आयोजिका भाजपा नेत्री व वरिष्ठ समाजसेविका मनीषा पांडेय ने सभी जनपद वासियों को कार्यक्रम में पहुंचने की सस्नेह अपील की है।

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कुलपति प्रो. जे. पी. पाण्डेय के कुशल निर्देशन में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डी. फार्मा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) लखनऊ में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण दिनांक 6 फरवरी 2025 को किया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, और अपशिष्ट निपटान की आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। डॉ. आयुष्मान गुप्ता, अधिशासी अभियंता (सिविल) के मार्गदर्शन में छात्रों को अपशिष्ट जल शोधन प्रक्रिया, जैविक और रासायनिक उपचार विधियों, तथा पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के महत्व पर व्याख्यान दिया गया। छात्रों ने सीवेज ट्रीटमेंट के विभिन्न चरणों जैसे स्क्रीनिंग, सेडेटेशन, एयरेशन, और स्लज मैनेजमेंट का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।



इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्लांट की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से तकनीकी प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। छात्रों ने जल संरक्षण के महत्व और फार्मेसी क्षेत्र में इसके अनुप्रयोगों के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों के साथ सहायक आचार्य विनोद कुमार, वरुणा, दिव्यानी सिंह एवं अमर कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को इस प्रकार के व्यावहारिक अनुभवों के महत्व पर बल दिया और कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक दृष्टिकोण से जोड़ने में सहायक होते हैं। फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की निदेशक प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण को छात्रों के सर्वांगीण शैक्षिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ न केवल छात्रों के ज्ञानवर्धन में सहायक होती हैं, बल्कि उनके व्यावसायिक दृष्टिकोण को भी विकसित करती हैं। प्रो. त्रिपाठी ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण आयोजित करता रहेगा ताकि विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी और औद्योगिक प्रक्रियाओं से अवगत कराया जा सके। छात्रों ने भी इस शैक्षिक भ्रमण को अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक बताया और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रधानाध्यापक ने हरी झंडी देकर बस को किया रवाना




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** खुटहन थाना अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मखदूमपुर में राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत प्रधानाध्यापक रमेश चंद यादव ने बच्चों से भरी बस को हरी झंडी देकर किया रवाना। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मखदूमपुर खुटहन जौनपुर के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण करने हेतु मखदूमपुर प्रधान प्रतिनिधि रामफेर वर्मा तथा ए आर पी वेंकटेश्वर विश्वकर्मा एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष लालजी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर भ्रमण टीम को रवाना किया गया ।बच्चे सर्वप्रथम पटैला मखदुमपुर से मेडिकल कॉलेज जौनपुर में गए ।वहां डॉ तुमुल नंदन एमबीबीएस एमडी ने बच्चों को हाल में बैठा कर बताया कि डॉक्टर बनने के लिए किस योग्यता की आवश्यकता होती है विस्तार से बताया तथा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। बच्चों को ओपीडी में समस्त विभागों का भ्रमण कराया गया। इसके बाद बच्चों ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्थित उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज का भ्रमण किया। कॉलेज के डीन डॉ सौरभ पाल तथा डॉ ज्ञानेंद्र पाल के निर्देशन में बच्चों ने इंजीनियरिंग कॉलेज के सभी प्रयोगशालाओं का अवलोकन कर कम्प्यूटर इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल के बारे में जानकारी प्राप्त किया। और अन्त में बच्चों को शाही किला जौनपुर का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रमेश चंद यादव राजेश कुमार पाल ,दिलीप कुमार यादव ज्ञान रतन कंचन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## संत प्रेमानंद महाराज ने रात्रि परिक्रमा की अनिश्चित काल के लिए किया बंद

**वृंदावन (मथुरा)।** संत प्रेमानंद ने अपने स्वास्थ्य और श्रद्धालुओं की संख या में लगातार हो रहे इजाफे को देखते हुए अपनी पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी है। श्री हित राधा केलि कुंज परिकर की तरफ से सोशल मीडिया पर पत्र जारी कर ये जानकारी दी गई है। पत्र में लिखा गया है- आप सभी को सूचित किया जाता है कि पूज य महाराज जी के स्वास्थ्य और बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए रात 2 बजे निकलने वाली पदयात्रा अनिश्चित काल के लिए बंद किया जाता है। इस पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु श्री हित राधा केलि कुंज तक संत प्रेमानंद का दर्शन पाते थे। गौरतलब है कि रात के समय पदयात्रा से होने वाली शोरगुल की वजह से रास्ते में पड़ने वाली कॉलोनियां के लोगों ने विरोध किया था।

# विद्यार्थियों को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**दूबेपुर,सुल्तानपुर।** विकास क्षेत्र के मोहद्दीपुर स्थित एन.बी.एस. ग्रुप ऑफ कालेज में प्रमिला सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्र-छात्राओं को मेडल मोमेंटो व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

सदर क्षेत्र के भादा स्थित एन.बी.एस. ग्रुप ऑफ कालेज में प्रमिला सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एन.बी.एस. ग्रुप ऑफ कालेज के छात्र-छात्राओं को मेडल, मोमेंटो व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कालेज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने




वाले करीब 400 विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया, जिनको को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सुख-समृद्धि व उज्जवल भविष्य के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा शब्द गायन भी प्रस्तुत किया गया। प्रबन्धक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि जीवन में उन्नति करने के लिए मेहनत करना बहुत आवश्यक है और मेहनत करने के लिए लक्ष्य को निर्धारित करना भी बेहद जरूरी है। लक्ष्य को निर्धारित करके बच्चे जीवन की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। पुरस्कृत होने वाले सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्कूल में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया। इसमें कालेज के सभी विद्यार्थियों अध्यापकों व अभिभावकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिल पांडे, पूर्व विधायक चंद्र भद्र सोनू सिंह, शैलेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंत्री, कृपा शंकर मिश्रा, सतीश कुमार सिंह, कैलाश चंद दुबे, डब्बू सिंह, संतोष यादव, रुपेश सिंह, साथ ही एन.बी.एस. ग्रुप ऑफ कालेज के प्रवक्ता और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## नृत्यांगना ने अर्धनारीश्वर नृत्य नाटिका से स्त्री और पुरुष के महान होने का दिया सन्देश

**फिरोजाबाद।** नृत्यांगना और रंगमंच कलाकार, फ़िल्म अभिनेत्री सीमा मोदी ने फ़िरोज़ाबाद महोत्सव 2025 में नृत्यनाटिका अर्धनारीश्वर शिव शक्ति के माध्यम से नारी व पुरूष के एकरूपता का भाव दिखाया। ब्रह्मा की रचाई सृष्टि पर अर्धनारीश्वर बन दिखा दिया जगत को शिव और शक्ति नारी और पुरुष की एकरूपता, फिर दोनो में यह भेद किसने किया? जबकि लैंगिक समानता के आधार पर दोनो एक समान हैं। अर्धनारीश्वर बन कर शिव ने यह ज्ञान दिया। सीमा मोदी पार्वती बनी व ग्रुप के सभी कलाकारो के साथ ये नृत्यनाटिका की शानदार प्रस्तुति दी और बताया जहां शिव है वहां शक्ति है और जहां शक्ति है वहां समस्त सृष्टि है।

## रिश्वतखोर डीपीआरओ और उसके ड्राइवर एंटी करप्शन कोर्ट में हुई पेश

**लखनऊ/मथुरा।** जिला पंचायतराज अधिकारी (डीपीआरओ) किरन चौधरी और उनके चालक को 70 हजार रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को एंटी करप्शन कोर्ट मेरठ में पेश किया गया। वहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विजिलेंस ने उन्हें गिरफ्तार करने के लिए तीन टीम का गठन किया था। इसमें रंगेहाथ पकड़ने से लेकर मेडिकल कराने और कोर्ट में पेश करने वाली टीम शामिल रहीं। फरह ब्लाक के झुडावई ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के भुगतान को लेकर डीपीआरओ किरन चौधरी पर 70 हजार रुपये घूस मांगने का आरोप है। मामले में पीड़ित प्रताप सिंह राना ने 10 दिन पहले लखनऊ विजिलेंस में शिकायत की थी। इस पर गोपनीय जांच हुई। इसमें आरोप की पुष्टि हुई। मंगलवार को टीम ने जिला पंचायतराज अधिकारी किरन चौधरी एवं उनके चालक बिजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था। एसपी विजिलेंस आलोक शर्मा के मुताबिक, अधिकारी को रंगेहाथों घूस लेते गिरफ्तार करने के लिए लखनऊ विजिलेंस टीम लगी थी। आगरा की टीम ने उनका मेडिकल कराया। इसके बाद विजिलेंस थाना आगरा सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया। एक टीम आरोपियों को मेरठ एंटी करप्शन कोर्ट में पेश करने ले गई, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में विजिलेंस की टीम मथुरा जाएगी।

# अन्नदाता लागत घटायें, उत्पादन बढ़ायें




अवधनामा संवाददाता

- कृषि विज्ञान केन्द्र दुवासु द्वारा आयोजित की फसल अवशेष प्रबंधन पर संगोष्ठी
- किसान वैज्ञानिकों की सलाह और समपर्ण से करें खेती
- फसल अवशेषों का खेती में उर्वरा शक्ति बढाने में अहम भूमिका : डा. वाईके शर्मा

**मथुरा।** कृषि प्रौधौगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान कानपुर अटारी व उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र दुवासु मथुरा द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अन्तर्गत गुरुवार को छाता विकास खंड के गांव अलवाई में फसल अवशेष प्रबंधन पर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं पुरुष किसानों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

जिसमें केवीके प्रभारी डा. वाईके शर्मा ने किसानों से कहा कि अन्नदाता अपनी लागत को घटाएं और उत्पादन बढायें। इसके लिए उन्होंने किसानों को नवीन वैज्ञानिक तकनीकी भी बताई। साथ ही कहा कि रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से खेती एवं मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इससे बचें।

उद्यान वैजानिक डा. बृज मोहन ने खेती में बगीचों, फल और सब्जियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। मृदा वैज्ञानिक डा. रविन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि खेती की उर्वरा शक्ति कैसे बढाये इसके तरीके बताएं। एक निजी कंपनी के सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी जेपी पांडेय ने खाद एवं उर्वरक चक्र अपनाने की सलाह दी। साथ ही जमीन सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होने फार्मर रजिस्ट्री कराने की भी अपील की। डा. एन आर राजपूत ने कहा कि खेती में बदलाव लाने की आवश्यकता है। किसान खेती को समपर्ण भाव से करें। अपने खान पान से लेकर खेती तक चक्र जरुर अपनाएं। किसी भी दशा में खेतों में फसलों के अवशेषों को ना जलाएं। ऐसा करने से मृदा एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान श्रीमती व संचालन एफसीए जितेन्द्र सिंह ने किया। संगोष्ठी में किसान गोविंद सिंह, दीपक, दिनेश, रजनी, रमेश, जीतपाल, श्याम सिंह, कमल सिंह, सूरज पाल, चतुरी सिंह, दुर्गा सिंह, गुपाल, दाऊजी, नारायन, देवकी नंदन, अशोक, लक्ष्मन, सोनू, चंद्रभान, सियाराम, सुरेश, सीताराम, रमेश सहित करीब सौ किसान मौजूद रहे।

# सांसद ने लगाया मिल्कीपुर उपचुनाव में धांधली का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में कथित धांधली और लोकतंत्र के उल्लंघन को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने चुनाव आयोग पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया और कहा कि सरकारी मशीनरी ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया।उन्होंने कहा कि ÷5 फरवरी 2025 को हुए उपचुनाव में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई गईं और प्रशासन ने भाजपा के पक्ष में मतदान प्रक्रिया को प्रभावित किया।÷ उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों को भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके चलते बूथों पर अनियमितताएं हुईं।

**सपा की जीत का दावा, भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप**

सपा सांसद ने दावा किया कि अगर चुनाव निष्पक्ष होते, तो उनकी पार्टी की जीत निश्चित थी और भाजपा की जमानत जब्त हो जाती। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान ÷भाजपा कार्यकर्ताओं ने फर्जी वोट डलवाए



और आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाईं। उन्होंने मिल्कीपुर की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा, ÷हमारी पार्टी को भारी समर्थन मिला है और हम लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।÷

**चुनाव आयोग से उपचुनाव निरस्त करने की मांग**

अवधेश प्रसाद ने चुनाव आयोग से मिल्कीपुर उपचुनाव को निरस्त करने की मांग की और कहा कि ÷निर्वाचन प्रक्रिया में व्यापक धांधली हुई, हमारे कार्यकर्ताओं को धमकाया गया और बाहरी लोगों ने वोट डाले।÷

**पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने उठाए गंभीर सवाल**

पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और चुनावी धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। पांडेय का कहना है कि भाजपा के कार्यकर्ता फर्जी वोट डाल रहे थे और पीठासीन अधिकारी भी इसमें शामिल थे। उन्होंने कहा कि यह घटना चुनावी इतिहास के काले पन्नों में दर्ज होगी और निर्वाचन आयोग को इस पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। श्री पांडेय ने आरोप लगाया कि केवल समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ताओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई, जबकि भाजपा के कार्यकर्ताओं को बिना किसी डर के चुनावी प्रक्रिया में धांधली करने की छूट दी गई। उन्होंने निर्वाचन आयोग को ÷चरण चटन का पुरस्कार÷ देने की बात की और गालीबाज एसओ पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ जूता चाटने का काम किया उन्होंने आगे कहा, क्या फायदा ऐसे चुनाव से, जब पीठासीन अधिकारी खुद बटन दबा रहे थे? जनता को वोट डालने का मौका नहीं दिया गया और बाहरी विधानसभा से आए लोगों ने वोट डाला। ऐसे अधिकारियों की ड्यूटी नहीं लगनी चाहिए।÷कई अन्य सपा नेता मौजूद रहे, जिन्होंने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए और निष्पक्ष चुनाव की मांग की। सपा नेताओं ने कहा कि वे इस मुद्दे को लेकर आगे भी संघर्ष जारी रखेंगे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रुश्दी मियां, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ,महिला जिला अध्यक्ष सरोज यादव, बलराम मौर्य, हाजी फिरोज खान गब्बर, छोटे लाल यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मथुरा शहर में बिक रही नमकीन के 12 नमूने फेल

- सिर्फ एक नमकीन का नमूना खाने योग्य मिला
- खाद्य विश्लेशक लखनऊ की रिपोर्ट में हुआ खुलासा
- खाद्य विभाग की टीम में विगत सितम्बर माह में शहर की दुकानों से लिए थे नमूने
- अब कलकत्ता की लैब से पुनः कराई जाएगी जांच

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मथुरा शहर के विभिन्न हिस्सों में अभियान चलाकर नमकीन के लिए 13 नमूनों की जांच खाद्य विश्लेशक लखनऊ से कराई गई। जिसमें से 12 नमूने खाने योग्य नहीं मिले हैं। रिपोर्ट में सिर्फ एक नमूना ही मानकों के अनुकूल मिला है। जिससे नमकीन विक्रेताओं में हड़म्प मच गया है। इनके विरूद्ध अब शासन के नियमानुसार न्यायालय में वाद दायर करकेकार्यवाही करने की तैयारी खाद्य विभाग कर रहा है।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ एवं तत्कालीन जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के आदेशानुसार जनपद में सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वितीय के निर्देशन में सिम्बर 2024 में दो विशेष अभियान चलाकर होलीगेट, सदर बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर, लक्ष्मीनगर मथुरा से खाद्य पदार्थ नमकीन के 13 नमूने संग्रहित किये गये थे। खाद्य विश्लेशक, उ.प्र. लखनऊ की जांच रिपोर्ट में उक्त नमूनों में से नमकीन के 10 नमूने निशिद्ध टाट्राजीन रंग की उपस्थिति के कारण असुरक्षित, 02 नमूने मिथ्याछाप एवं 01 नमूना मानकों के अनुरूप पाया गया है। खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त ने बताया कि उक्त मानक के विपरीत पाये गये नमूनों में से अग्रवाल एजेंन्सीज, ट्रांसपोर्ट नगर, गोयल नमकीन भंडार, सराय आजमाबाद, श्री बालाजी नमकीन उद्योग, पलवल तथा गोपाल नमकीन, सदर बाजार मथुरा से संग्रहित नमकीन के नमूनों में निषिद्ध टाट्राजीन रंग उपस्थित पाया गया है। जिसके लिये सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रेषित नोटिस के जवाब में उक्त खाद्य कारोबारकर्ताओं ने नमकीन में निषिद्ध रंग प्रयुक्त करने के आरोप को अस्वीकार करते हुए कथित नमूनों के पुनः जांच हेतु अपील प्रस्तुत की है। सहायक खाद्य आयुक्त ने बताया कि उक्त नमूने पुनः जांच हेतु रेफरल प्रयोगशाला, कोलकाता प्रेषित किये जा रहे हैं। रेफरल लैब, कोलकाता से जांच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# मिशन शक्ति फेज-5 अभियानः महिला सशक्तिकरण हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत अयोध्या जनपद में जनपदीय पुलिस द्वारा ग्रामों, कस्बों, मोहल्लों और शिक्षण संस्थानों में भ्रमण कर छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों और विभिन्न सुरक्षा योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस विभाग के अधिकारी, महिला पुलिसकर्मियों के साथ, स्थानीय बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, चौराहों और धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं को वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, और अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, महिला हेल्पलाइन-181, आयुष्मान योजना, और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसे महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जा रही है। अयोध्या जनपद में यह अभियान महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षा, सशक्तिकरण और आत्मविश्वास का माहौल तैयार करने का उद्देश्य रखता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अयोध्या के मार्गदर्शन में यह अभियान सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है, और पंपलेट वितरण के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में डेमो भी दिया जा रहा है ताकि महिलाएं इन सुविधाओं का सही तरीके से उपयोग कर सकें।मिशन शक्ति फेज-5 अभियान ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाया है, जिससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

## फाल्गुनी मेले की तैयारी को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**रामनगर बाराबंकी।** महाशिवरात्रि पर्व पर लोधेश्वर महादेवा में लगने वाले फाल्गुनी मेले की तैयारी बैठक डीएम शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी से सभी विभागों से बिंदु बार समीक्षा करते कहा कि मेले में भीड़ होगी जिससे कोई भी छुट्टा पशु वंहा न टहले।मेले से उन्हे ब्लाक व पशु धन विभाग पकड़ कर गौ आश्रय स्थलों में ले जाएं। वाहनो के आने जाने के लिए जो भी मार्ग डाइवर्जन की व्यवस्था हो उसका व्यापक प्रचार प्रसार हो ताकी यातायात व्यवस्था भी चलती रहे और आने वाले श्रद्धालुओ को भी कोई दिक्क़त न हो। बोहनिया तालाब पर पर्याप्त संख्या मे वालिंटियर लगाए जाए जो कान्वरियों की राम टेकानी जमा कराने में सहयोग करेंगे।पूरे मेला क्षेत्र साहित रास्तो में व आड़ी टोरियम के पास पीने के लिए साफ सुथरे पानी की व्यवस्था की जाए। एन एच आई वा पी डब्ल्यू डी अपनी सड़कों की पटरियों से झाड़ियां हटाने का कार्य करें ताकि कोई दुर्घटना न गई सड़को के गड्ढे भी भरवाए जाए।

# जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं के साथ किया शिष्टाचार संवाद



- अभिलेखगार में मुआवने की प्रक्रिया को सरलीकृत किया जाये: मंगला प्रसाद

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अधिवक्ताओं के साथ शिष्टाचार संवाद किया और मुक़दमों के त्वरित निस्तारण में उनके सहयोग के लिए उनको साधुवाद दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि उनकी कोर्ट में 22 फरवरी 2024 तक के सभी वादों का निस्तारण किया जा चुका है। यह उपलब्धि बिना अधिवक्ताओं के सकारात्मक सहयोग के संभव नहीं थी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता व कोर्ट एक दूसरे के पूरक हैं। उनके कार्यकाल में कुल 1585 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया है। जिलाधिकारी ने समन्वय को बेहतर बनाने के लिए अधिवक्ताओं से सुझाव भी प्राप्त किये। एक अधिवक्ता के सुझाव पर जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेखगार में मुआवने की प्रक्रिया को सरलीकृत किया जाये। अभिलेखागार में कंप्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था की जाये। दस्तावेजों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाये। उन्होंने जानकारी दी कि अभिलेखागार में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। अधिवक्ता रमेश सिंह सोमवंशी के सुझाव पर जिलाधिकारी ने कहा कि कोर्ट में कुर्सी व मेज की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अदम पैरवी में किसी भी वाद को यथा संभव ख़ारिज न किया जाये। संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने 1962 से वकालत कर रहे अखिलेश्वर नाथ गुप्ता से अब तक के उनके अनुभवों के बारे में जाना जिन्होंने बताया कि अब वकालत करना काफ़ी आसान हो गया। रास्ते अच्छे बन गए हैं जिससे आवागमन में असुविधा नहीं होती। पहले मुक़दमों के निस्तारण में बहुत समय लगता था। संवाद कार्यक्रम के दौरान बार के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह तोमर ने जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। डीजीसी राजस्व आशुतोष मिश्रा ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा व विशेष लोक अभियोजन गुंजन मिश्रा ने भगवान कृष्ण की फोटो जिलाधिकारी को भेंट की। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी तान्या सिंह, उप जिलाधिकारी राकेश सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक सभागार में एग्जिट कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11 बजे जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड माधौगंज के ब्लॉक सभागार में एग्जिट कॉन्फ्रेंस (ब्लॉक सभा) का आयोजन किया गया बैठक में खंड विकास अधिकारी माधवगंज अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर विकासखंड के तकनीकी सहायक ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सेवक एवं सोशल ऑडिट यूनिट के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया स बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 मैं संपन्न सोशल ऑडिट मैं प्रकाश में आए प्रकरणों पर चर्चा की गई बैठक में उपस्थित कार्यदाई संस्था द्वारा की तरफ से प्रकरणों पर अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गईस प्रस्तुत अनुपालन आख्या एवं साक्ष के आधार पर निस्तारण योग्य प्रकरणों का निस्तारण किया गया शेष प्रकरणों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए तथा जिन प्रकरणों में वसूली की धनराशि जमा कर दी गई है उनका विवरण जमा राशि सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए ताकि प्रकरणों पर क्लोजर की कार्रवाई पूर्ण की जा सके स बैठक में सोशल ऑडिट के समय अभिलेख प्रस्तुत करनेतथा सोशल ऑडिट रिपोर्ट गुणवत्ता परक तैयार करने तथा सोशल ऑडिट ग्राम सभा बैठक की कार्यवाही सचिव ग्राम पंचायत को उसी दिन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# भारतीय संस्कृति के संवाहक रहे आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज

- स्मृति समाधि महामहोत्सव पर श्रद्धालुओं ने की संगीतमय पूजन
- आचार्य छत्तीसी विधान में किए अर्घ समर्पित



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** संत शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के स्मृति समाधि महामहोत्सव पर श्रद्धालुओं ने आज अभिनंदनोदय अतिशय तीर्थ पर मुनि अविचलसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में प्रभु अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त आचार्यश्री की संगीतमय पूजन कर अर्घ श्रद्धापूर्वक समर्पित किए। आचार्य छत्तीसी विधान में आचार्यश्री का गुणानुवाद कर आचार्यश्री को नमोस्तु निवेदित किया। सुबह मूलनायक अभिनंदननाथ भगवान के सम्मुख शान्तिधारा मुनि अविचल सागर महाराज के मुखारविन्द से हुई। आचार्यश्री की संगीतमय पूजन हुई जिसमें दिगम्बर जैन पंचायत समिति, आदर्श महिला संभाग बडा मंदिर, जैन मिलन मुख्य शाखा, सिविल लाइन, नंदा सुनंदा महिला संभाग, दिगम्बर जैन महिला मण्डल, साधू वैयावृत्ति महिला मण्डल, नीली श्राविका महिला मण्डल, प्रतिभा स्थली महिला मण्डल, विद्या पुनीत महिला मण्डल, सुधा सिंधू महिला संभाग, आदिनाथ महिला जैन मिलन, सुधकलश भक्ताम्मर महिला मण्डल, अभिनंदनोदय पाठशाला, चंद्रप्रभु जैन मिलन डोडाघाट, अरिहंत शाखा जैन मिलन, पूर्णमति महिला मण्डल, वर्द्धमान संभाग महिला मण्डल, जैन मिलन बाहूवलिनगर, विद्यागुरू महिला मण्डल, ब्राह्मी सुन्दरी संभाग, विद्यापूजन मण्डल, जिनवाणी सुरक्षा ग्रुप, चंदप्रभु महिला मण्डल एवं पाठशाला की बहिनों ने भक्तिपूर्वक अर्घ समर्पित किए। सायंकाल अभिनंदनोदय तीर्थ पर महाआरती का आयोजन हुआ जिसमें भक्तों ने गुरूवंदना की और विश्व वंदनीय अपराजेय साधक युग दृष्टा आचार्यश्री को नमन किया। गौरतलब रहे आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज की समाधि एक वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ के चंदोदय तीर्थ डोगरगढ़ में हुई जो जैन जगत ही नहीं समूचे राष्ट्र के लिए अपूर्णीय छति रही।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाये। कम प्रगति वाले विभाग फरवरी व मार्च माह में विशेष प्रयास करें। वाणिज्य कर विभाग से उन्होंने कम वसूली को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी। तहसीलदारों को उन्होंने निर्देश दिए कि वाणिज्य कर से सम्बंधित आरसी का जल्द निस्तारण कराया जाये। अधिशाषी अधिकारी पाली को उन्होंने कम वसूली पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अधिकारी शाहाबाद को तहसील दिवसों में अनुपस्थित रहने पर कड़ी फटकार लगायी। आईजीआरएस शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि निस्तारण की गुणवत्ता व समय का पूरा ध्यान रखा जाये अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी।

शिकायत निस्तारण के एक मामले में लापरवाही होने पर उन्होंने तहसीलदार बिलग्राम को कड़ी फटकार लगायी तथा सम्बंधित कानून गो को निलंबित कर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाँचकर्ता अधिकारी मौके पर अवश्य जाये। मौके पर न जाने व शिकायतकर्ता से अगली बार सबसे अधिक असंतोषजनक फीडबैक वाले विभागों के वरिष्ठ अधिकारी के निलंबन की संस्तुति की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चयनित छात्र-छात्राओं को डायल-112 व अग्निशमन की दी गई जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित स्पेल प्रोग्राम के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को पुलिस की आपातकालीन सेवा डायल 112 व अग्निशमन केन्द्र का भ्रमण कराते हुए पुलिस की आपातकालीन सेवाओं के संचालन/कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गयी है।डायल-112 कार्यालय के भ्रमण के दौरान डायल 112 प्रभारी निरीक्षक आशीष भदौरिया द्वारा छात्रों से संवाद कर डायल 112 के संचालन/कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गयी साथ ही 112 नम्बर डायल कर इवेंट क्रियेट कर आपात सहायता मांगी गयी व उस इवेन्ट को क्लोज करने तथा पीडित की समस्या के तत्काल निस्तारण आदि सम्पूर्ण प्रक्रिया का संचालन कर डेमो दिया गया। इसी क्रम में अग्निशमन केन्द्र में भ्रमण के दौरान छात्रों को अग्नि के प्रकार, आग लगने पर उसको बुझाने की प्रक्रिया, अग्निशन फायर स्टेशन की कार्य प्रणाली एवं अग्निशमन केन्द्र में उपस्थिति वाहनों एवं उपकरणों के बारे में बेसिक जानकारी प्रदान की गयी है। इस सम्पूर्ण प्रशिक्षण के दौरान महिला थाना प्रभारी सुषमा चौधरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए अभिषेक वर्मा सहित प्रशिक्षण व चयनित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि इस प्रोग्राम के तहत छात्रों को पुलिस विभाग के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें पुलिस विभाग में इंटर्नशिप करने का मौका मिलता है. इस प्रोग्राम से छात्रों को पुलिस विभाग के कामकाज और समाज में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु किये जाने वाले प्रबन्ध के बारे में जानकारी मिलती है, इस तरह के प्रोग्राम से छात्रों को पुलिस विभाग के कामकाज का व्यावहारिक अनुभव मिलता है व पुलिस की छवि में सुधार हेतु मित्र पुलिस की भूमिका को भी बल मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिनों से चल रहा किसान संघ का प्रदर्शन समाप्त



**ललितपुर।** किसानों की समस्याओं के साथ-साथ मूंगफली खरीद के बाद सिक्स-आर काटकर भुगतान कराने की मांग को लेकर विगत चार दिनों से कलेक्ट्रेट के गेट पर चल रहा प्रदर्शन गुरूवार को समाप्त हो गया। भारतीय किसान संघ के बैनर तले किये जा रहे धरना प्रदर्शन को लेकर एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर किसानों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। इस दौरान किसानों से एसडीएम ने कहा कि जिन किसानों के सिक्स-आर नहीं मिले हैं, उनको शीघ्र ही सिक्स-आर दे दिये जायेंगे। साथ ही उन्होंने किसानों से लगभग एक सप्ताह के अंदर सिक्स-आर व भुगतान कराये जाने का आश्वासन दिया। किसान संगठन ने यह भी कहा कि यदि एक सप्ताह में भुगतान नहीं कराया गया तो भारतीय किसान संघ बैठक कर आगामी कार्यवाही का निर्णय लेगा। इस दौरान प्रान्त उपाध्यक्ष केहर सिंह बुन्देला, हरपाल सिंह, परशुराम, जिला प्रवक्ता नवीन जैन थनवारा, भीकम सिंह, अनिल कुमार, कृष्णकांत कांकर, राजन सिंह, आशाराम, राघवेन्द्र सिंह, महेश प्रसाद, हरिओम राजपूत, प्रेमा, सुखनन्दन सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**ललितपुर।** स्थानीय तुवन ग्राउण्ड पर जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन किया गया। पहला मैच डी.एफ.ए. बांदा और फतेहपुर फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया। दोनों टीमें फुल टाइम में कोई भी फील्ड गोल नहीं कर सकीं। निर्णायक मण्डल ने 5-5 पेनाल्टी शूट आउट का फैसला लिया। पेनाल्टी शूट आउट में बांदा की ओर से गोलकीपर आयुष ने दो गोल सेफ किये और अपनी टीम को विजय दिलायी। शुभारंभ के दौरान गन्धर्वसिंह लोधी, प्रदीप चौबे, मुन्नालाल के अलावा आयोजन समिति में संरक्षक सुशील चौबे, अध्यक्ष मनमोहन जड़िया, उपाध्यक्ष प्रताप विक्रम सिंह, सचिन, प्रवेन्द्र सिंह बुन्देला, रामसेवक रजक, धनन्जय यादव, शत्रुघन यादव, बृजबिहारी मिश्रा, रामस्वरूप, इशराक खां, पुष्पेन्द्र घावरी, विष्णु, दानिश, आदित्य, शिवम, राझां, प्रदीप खटीक आदि मौजूद रहे।

### देशी तमंचा समेत पकड़ा गया संजू राजा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महरौनी के ग्राम कुरौरा निवासी संजू राजा पुत्र हरपाल सिंह को गोविन्द सागर बांध साइफन के पास से पकड़ा है। बताया गया है कि संजू राजा के कब्जे से पुलिस ने एक अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक प्रतिनिधि एवं जिला समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत हुई प्रगति के सम्बन्ध में विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से योजना की गहन समीक्षा की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जनपद को निर्धारित लक्ष्य 700 के सापेक्ष हुई प्रगति के सन्दर्भ में जिला समन्वयकों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त ऋण आवदेन पत्रों को बैंक शाखा तुरन्त कार्यवाही करते हुये स्वीकृत उपरान्त वितरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। ज्ञात्वय है कि जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में विभिन्न विभागों को लक्ष्य निर्धारित करते हुये अधिक से अधिक आवेदन पत्र ऑनलाइन भरवायें जायें एवं बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुये स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देशित किया कि बिना किसी कारण के कोई भी ऋण आवेदन पत्र निरस्त न किया जायें। जिलाधिकारी ने सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा उक्त योजना में अच्छा कार्य करने के लिए सराहना व्यक्त की गयी। पंजाब नेशनल बैंक, सर्व.यू.पी. ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य बैकों के पास अधिक आवेदन पत्र लम्बित होने के कारण 02 दिनों के अन्तराल पर स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रतिनिधि एलडीएम, आशीष कुमार प्रथमा यू.पी.ग्रामीण बैंक, मंयक वर्मा, प्रबन्धक पंजाब एण्ड सिंध बैंक, मंयक अग्रवाल, बैंक ऑफ इण्डिया, राशू चैधरी, प्रबन्धक, आई.डी.बी.आई., नयन गौयल, प्रवक्ता सिविल इंजीनियर, राकेश त्रिपाठी डूडा विभाग, राजकुमार प्रबन्धक, केनरा बैंक, सुशील मान मुख्य शाखा बैंक ऑफ बड़ोदा, आशीष कुमार सिंह मुख्य शाखा प्रबन्धक, सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, प्रमोद कुमार तिवारी, अनुदेशक आई.टी.आई., मनीष कुमार त्रिपाठी मुख्य शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, आरिफ खान जिला कौशल प्रबन्धक, सेवायोजन अधिकारी आकांक्षा यादव, सौरभ स्वामी, रवि शर्मा अपर सांख्यकीय अधिकारी, संजय सिंह यादव सहायक प्रबन्धक, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल द्वारा बैठक का संचालन किया गया।

# कांग्रेसजनों व उनके परिजनों के निधन पर जताया शोक

**बाँदा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित शोक सभा में बीते दिनों कांग्रेसियों और उनके परिजनों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने शोक सभा के माध्यम से दिवंगतों की पुण्य आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना की। बताया गया कि पिछले दिनों जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बी.लाल के सुपुत्र कुंवर सिंह बबलू, शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष काशी बाबू की धर्मपत्नी और कांग्रेस से जुड़े एक मेडिकल स्टोर के संचालक कौशल किशोर गुप्ता (लल्ला भइया) का आकस्मिक निधन हो गया था। शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की। शोक सभा में कांग्रेस महोबा जिला अध्यक्ष तुलसी दास लोधी, महासचिव शिवबली सिंह धीरेंद्र पांडेय धीरू, डॉक्टर साहब केपी सेन, नत्थूराम सेन, हरीकृष्ण वर्मा, सुखदेव गांधी, शब्बीर सौदागर, रामकेश श्रीवास, रफत खान गोगा, मुन्नीलाल प्रजापति सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# कम्पोजिट विद्यालयों की समीक्षा बैठक का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में प्रत्येक ब्लॉक से एक सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले प्राथमिक, जूनियर एवं कम्पोजिट विद्यालयों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बजीरगंज विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति एवं अध्यापकों की संख्या तथा निपुण की स्थिति के विषय में जाना तथा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अध्यापक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाया जाए तथा ग्राम प्रधान को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया नसीरपुर नरौली के विद्यालय को लेकर अभिलेख पूर्ण होने एवं विद्यालय में छात्रों की कम संख्या को लेकर नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय को चैक किया जाए। गनुपुरा विद्यालय को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शैक्षिक परिवेश में सुधार करें शैक्षिक गुणवत्ता पर लापरवाही न बरती जाए। प्राथमिक विद्यालय घंसूरपुर को लेकर भी चर्चा की गई बच्चों की कम संख्या को लेकर अध्यापकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में टीएलएम का प्रयोग करें शैक्षिक गुणवत्ता पर लापरवाही ना बरती जाए छात्र उपस्थिति कम रही तो अध्यापकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आज बैठक में उपस्थित हुए सभी अध्यापकों को पीएम श्री विद्यालय इटायला माफी का भ्रमण कराया जाए ताकि वहां की स्थिति से अवगत हो सकें। स्कूलों के स्तर को सुधारने के लिए निर्देशित निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अध्यापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में अध्यापक शालीन पोशाक पहन कर जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई मुंशी लाल पटेल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** शासी निकाय जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों पल्स पोलियो कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव समीक्षा, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएमएसएम दिवसों में क्यूआर कोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड, टीकाकरण, परिवार कल्याण राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी रोग अभियान आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जनपद के सभी एमओआईसी को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं एफआरयू की क्रियाशीलता तथा लाभार्थियों को प्रसव उपरांत 24 घंटे तक रोकने सहित गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पवन अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जहरखुरानी में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली पूर्व की घटना इतिहासआवेदक विनोद यादव पुत्र पारस यादव निवासी चकसोधी थाना निजामाबाद जिला आजमगढ़ द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि वादी रोजी रोटी के सिलसिले मे मस्कट गया था। वादी दिनांक 7.02.2024 को मस्कट से लखनऊ आया, लखनऊ से बस द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आजमगढ के लिये कटाया था , बीच में ही किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नसीला पदार्थ खिलाकर के बैग मे रखा सारे दस्तावेज पासपोर्ट नं0 (ज्2488394), आधार कार्ड, बीजा, बस टिकट, पर्स , पर्स मे रखा भारतीय मुद्रा 8000 रु0 व मस्कट करैंसी (120 रियाल) मस्कट कार्ड नं0 (85705691) मस्कट का इंटरनेशनल कार्ड, इत्यादि समाग्री ले लिये । प्रार्थी को बेहोशी हालत मे रोडवेज आजमगढ उतारा गया और सरकारी सुविधा से जिला चिकित्सालय आजमगढ मे भर्ती कराया गया , जहां होश आने पर प्रार्थी बिना बताये घर चले आये।

# संयुक्त निदेशक ने महिला जिला अस्पताल का किया निरिक्षण देखी व्यवस्थाएं



- संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य के औचक निरीक्षण से कर्मचारियों में मचा हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** चित्रकूट धाम मण्डल बांदा के संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य अभय प्रताप सिंह ने गुरूवार को महिला जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान कनिष्ट लिपिक सहित आठ कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का बेतन काटे जाने के निर्देश देने के साथ गैर हाजिर कर्मचारियों का स्पष्टी करण मांगा। संयुक्त निदेशक की इस कार्रवाई से महिला जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया।संयुक्त निदेशक दोपहर में महिला जिला अस्पताल जा धमके। अस्पताल के निरीक्षण दौरान गीता देवी सहित आठ कर्मचारी बिना सूचना दिए अस्पताल से नदारद मिले। इस पर निदेशक ने नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का बेतन काटने के साथ जवाब तलब किया है। संयुक्त निदेशक ने बताया कि अभी वेतन काटा है साथ ही उन्हे चेतावनी दी गई है। भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति पाए जानें पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त निदेशक ने निरीक्षण दौरान साफ सफाई ना पाए जाने पर नराजगी जताते हुए साफ सफाई कराने के चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए। उन्होंने ने स्टोर रूम न होने पर स्टोर रूम बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होने बताया कि कुछ डॉक्टर ज्वॉइन करके चले जाते है। फिर वापस नही आते, जिससे अस्पताल में डॉक्टर की जगह भरी दिखने लगती है। इससे दूसरे डॉक्टर यहां पर नही आ पाते है। जिला महिला अस्पताल की अल्ट्रासाउंड मशीन काफी दिनो से खराब होने के कारण मरीजों को अल्ट्रासाउंड मशीन का लाभ नही मिल पा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर वह अल्ट्रसाउंड मशीन देखने आए थे। और तत्काल लखनऊ से इंजीनियर बुलाकर मशीन को चैक कराया गया। अब दो तीन दिन के अन्दर मशीन ठीक हो जाएगी।

# बुखारी शरीफ की महफ़िल का एहतेमाम किया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** मरकज़ी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में 92 वाँ जश्ने दस्तार बन्दी बनाम फ़ैज़ाने अजमल कॉन्फ़्रेंस के पहले दिन ख़त्मे बुख़ारी शरीफ़ की महफ़िल का एहतेमाम किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत क़ारी सलमान ने तिलावत से की, लुक़मान अजमली ने हम्द, समीर अजमली ने नाते पाक पेश की। मुफ़्ती आलम नूरी ने तक़रीर करते हुए शिक्षा के महत्व को बताया, कहा कि जब शिक्षा होती है तो इंसान, समाज जागरूक होता है, अमनपसंद होता है। जो बच्चे इस बार आलिम बन कर फ़ारिग़ हो रहे हैं उनको मुफ़्ती शकील अहमद मिस्बाही ने हदीस की अहम किताब बुख़ारी शरीफ़ का आख़िरी पाठ/सबक़ पढ़ाया। हज़रते इमाम बुख़ारी की ज़िन्दगी के बारे में सभी को बताया। क़ारी वसी अशरफ़ ने कहा कि बाक़ी आलिम, क़ारी, हाफ़िज़ की डिग्री/सनद वितरण का प्रोग्राम कल 07 फ़रवरीजुमा के दिन रात को इशा के बाद ज़हूर गार्डन, तेल मण्डी में होगा। इस मौके पर *क़ारी तनज़ीम अशरफ़ अजमली, मुफ़्ती अहमद रज़ा, मुफ़्ती राशिद सक़ाफ़ी, मौलाना क़ारी वसी अशरफ़, मौलाना इमरान मनज़री, मौलाना हसीब अख़्तर, मौलाना शमशाद मिस्बाही, मौलाना गुलाम रब्बानी, मौलाना गुल अजमली, मौलाना नईम अहमद, क़ारी शाहिद, क़ारी सरताज, मास्टर इस्माईल, कमेटी सदर हाजी ज़फ़ीर अहमद, सय्यद अब्दुल क़दीर, ताहिर ख़ाँ, मुहम्मद अफ़रोज़, तक़ी अशरफ़ एडवोकेट, मास्टर आरिफ़ आदि मौजूद रहे।

# हर्षित राणा ने डेब्यू वनडे में बनाया ये अनचाहा रिकॉर्ड, युवराज सिंह जैसे दिग्गज लिस्ट में शामिल



भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज की शुरुआत हो चुकी है। सीरीज का पहला मैच में टीम इंडिया के लिए दो खिलाड़ियों ने अपना डेब्यू किया। भारत के लिए हर्षित राणा और यशस्वी जायसवाल ने वनडे में अपना डेब्यू किया। अपने डेब्यू मैच में ही हर्षित राणा ने दमदार खेल दिखाते हुए टीम इंडिया के लिए शुरुआती विकेट हासिल किए, लेकिन इस दौरान उनके नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया, जिसे वह बिल्कुल भी याद नहीं रखना चाहेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ अपना डेब्यू मुकाबला खेलने वाले हर्षित राणा ने टीम इंडिया के लिए बेहतरीन शुरुआत की। हर्षित ने भारत के लिए शुरुआती विकेट भी निकाले। लेकिन इसके साथ ही उनके नाम एक खास रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। दरअसल, हर्षित ने अपनी बॉलिंग के दौरान में 1 ओवर में 26 रन भी खर्च किए। इसके साथ ही वह वनडे में इंग्लैंड के खिलाफ एक ओवर में सबसे ज्यादा रन देने के मामले में संयुक्त रूप से चौथे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मुकाबले में युवराज सिंह ने भी गेंदबाजी में अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वनडे क्रिकेट में युवराज के खिलाफ इंग्लैंड के दिमित्री मैस्करेनहास ने भी जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए साल 2007 में एक ओवर में 30 रन कूट दिए थे। इस तरह से एक ओवर में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन देने के मामले में युवराज सिंह पहले स्थान पर हैं। हर्षित और युवराज के लिए अलावा इस लिस्ट में ईशांत शर्मा, क्रुणाल पंड्या और रवि शास्त्री भी हैं।

## रोहित-गंभीर के बीच विवाद की अफवाहों पर लगा ब्रेक, वायरल वीडियो दिखा पुराना बॉन्ड

ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से ही टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही थीं। लेकिन हाल ही में एक वीडियो के जरिए इन सभी अफवाहों पर ब्रेक लग गया है। ये वीडियो भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज शुरू होने से ठीक पहले आया है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में देखा जा सकता है कि रोहित और गंभीर टीम होटल में साथ में एंट्री करते हैं दोनों के चेहरे पर हंसी है और वे आपस में मजाक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस का कहना है कि दोनों के बीच किसी भी तरह की कोई नाराजगी नहीं है और सब कुछ पहले जैसा ही सामान्य है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के बीच मतभेद की खबरें सामने आई थीं।

# दो दिग्गज खिलाड़ियों के बाहर होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम हुई कमजोर, स्क्वॉड में करने होंने 4 बदलाव




वनडे वर्ल्ड कप की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लगातार एक के बाद एक करके झटके लग रहे हैं। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस के वनडे क्रिकेट से संन्यास के बाद अब उनके दो अहम खिलाड़ियों के भी इस टूर्नामेंट से बाहर होने की खबर पक्की हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुके हैं। दरअससल, कमिंस को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी समाप्त होने के समय एंकल में इंजरी हुई थी। दूसरी ओर हेजलवुड को इस सीरीज की शुरुआत में ही चोट लग गई थी और वह बाहर हो गए थे। अब ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी की अपनी फाइनल टीम में चार बदलाव करने होंगे। दोनों ही तेज गेंदबाजों को अब मैदान में वापसी करने के लिए लंबे रिहैब से गुजरना होगा। जब तक वे पूरी तरह फिट नहीं हो जाते उन्हें किसी भी तरह की क्रिकेट खेलने की अनुमति नहीं मिलेगी। ऐसे में इन दोनों के आईपीएल में भी हिस्सा लेने पर संदेह पैदा हो चुका है। आईपीएल का शेड्यूल अभी आया नहीं है, लेकिन अगले महीने के आखिर में टूर्नामेंट शुरू हो सकता है।

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद लगभग तीन महीने ऑस्ट्रेलिया की टीम किसी तरह की इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेलने वाली है। आगामी आईसीसी इवेंट के बाद ऑस्ट्रेलिया को सीधे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना है। ये मुकाबला जून के मध्य में लॉर्ड्स के मैदान में खेला जाना है। फाइनल में उनका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

कमिंस के बाहर होने के बाद ऑस्ट्रेलिया को नया कप्तान भी खोजना होगा। टीम के हेडकोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने संकेत दिए हैं कि ट्रेविस हेड या स्टीव स्मिथ में से कोई चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर सकता है। श्रीलंका में चल रही टेस्ट सीरीज में स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर रहे हैं।

स्मिथ काफी चतुर और सफल कप्तान हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया को केवल गेंदबाज कमिंस की कमी नहीं बल्कि बतौर कप्तान की कमी खल सकती है। श्रीलंका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट की समाप्ति के बाद ऑस्ट्रेलिया अपनी चैंपियंस ट्रॉफी टीम में बदलाव घोषित कर सकता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दक्षिण अफ्रीका को एक और झटका, तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्ज़ी कमर की चोट के कारण हुए बाहर




दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्ज़ी मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली आगामी त्रिकोणीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से भी बाहर हो गए हैं। साउथ अफ्रीका ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इसकी पुष्टि की है। गेराल्ड कोएट्ज़ी चोटिल एनरिक नॉर्खिया की जगह लेने वाले थे, लेकिन बुधवार 5 फरवरी 2025 को प्रिटोरिया के सेंटर ऑफ एक्सीलेंड में गेंदबाजी करते समय उन्होंने कमर में जकड़न की शिकायत की।

क्रिकेट साउथ अफ्रीका की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, प्रोटियाज के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्ज़ी पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। 24 वर्षीय खिलाड़ी को बुधवार सुबह प्रिटोरिया के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण के दौरान अपने 10 ओवर पूरे करने के दौरान कमर में जकड़न का अनुभव हुआ। प्रोटियाज मेडिकल टीम द्वारा आगे के मूल्यांकन के बाद, ये तय किया गया कि इन लक्षणों के कारण आगामी 50 ओवर के मैच के लिए आवश्यक हाई बॉलिंग लोड पर गंभीर चोट का खतरा बढ़ गया है। उचित समय पर उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा की जाएगी।

क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने ये भी पुष्टि की गेराल कोएट्ज़ी 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बयान में कहा गया है, कोएट्ज़ी के नामम परआईसीसी चैंपियंस ट्रॉपी 2025 के चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

गेराल्ड कोएट्ज़ी को पहले हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण ᵸ20 टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। उन्हें पहले त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में चोट की गंभीरता के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। कोएट्ज़ी ने साउथ अफ्रीका के लिए 14 वनडे मैच खेले हैं और 31 विकेट लिए हैं।

दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय सीरीज के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को लाहौर में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। उसके दो दिन बाद कराची में पाकिस्तान से भिड़ेगा। त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल 14 फरवरी को कराची में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ग्रुप बी में शामिल दक्षिण अफ्रीका अपने अभियान की शुरुआत 21 फरवरी को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से करेगा। उसके ग्रुप की अन्य टीमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड हैं।

## विराट कोहली इस कारण हुए पहले वनडे से बाहर, कप्तान रोहित शर्मा ने बताया

भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का ऐलान हो चुका है। जहां इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस के वक्त बताया कि उनकी टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं हैं। चोटिल होने की वजह से वो आज का मैच नहीं खेल रहे। इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में यशस्वी जायसवाल और हर्षित राणा वनडे में डेब्यू किया है। यशस्वी जायसवाल और हर्षित राणा को उनके वनडे कैप्स दी गई। इस दौरान गौतम गंभीर ने यशस्वी को तो मोहम्मद शमी ने हर्षित राणा को वनडे कैप सौंपी। वहीं रोहित शर्मा ने टॉस के दौरान कहा कि, जायसवाल और हर्षित अपना डेब्यू कर रहे हैं, दुर्भाग्य से विराट नहीं खेल रहे हैं उन्हें कल रात घुटने में समस्या थी।

# अप्रैल से चुनिंदा प्रतियोगिताओं में नई स्कोरिंग प्रणाली का परीक्षण करेगा बीडब्ल्यूएफ

खेल के प्रति नए दर्शकों को आकर्षित करने और मैचों को छोटा करने के उद्देश्य से बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) इस साल अप्रैल से कम से कम छह महीनों के लिए चुनिंदा प्रतियोगिताओं में 15 अंक के तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली का परीक्षण करेगा। मौजूदा प्रारूप में 21 अंक के 'बेस्ट ऑफ थ्री गेम' (दो गेम जीतने वाला विजेता) मैच होते हैं।

विश्व संचालन संस्था की फैसला लेने वाली संस्था बीडब्ल्यूएफ परिषद ने नवंबर में कुआलालंपुर में अपनी बैठक के दौरान मौजूदा स्कोरिंग प्रणाली को बदलने के लिए 15 अंक के तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली का समर्थन किया था जो पहले से ही बैडमिंटन के वैकल्पिक नियमों का हिस्सा है। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, बीडब्ल्यूएफ परिषद ने अप्रैल से सितंबर-अक्टूबर 2025 तक चुनिंदा महाद्वीपीय चैंपियनशिप, ग्रेड 3 टूर्नामेंट, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लीग और राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 15 अंक के तीन गेम प्रणाली का व्यावहारिक परीक्षण करने की योजना को मंजूरी दी।''इंटरनेशनल चैलेंज, इंटरनेशनल सीरीज और फ्यूचर सीरीज प्रतियोगिता ग्रेड 3 टूर्नामेंट के अंतर्गत आती हैं। नई स्कोरिंग प्रणाली को चुनने के पीछे के कारणों को समझाते हुए बीडब्ल्यूएफ ने कहा मौजूदा प्रणाली की तुलना में 15 अंक के तीन गेम में कम अंक होते हैं जिससे यह संभावना बढ़ जाती है कि प्रत्येक अंक अधिक रोमांचक होगा। मौजूदा प्रणाली की तुलना में 15 अंक के तीन गेम में नतीजा तेजी से निकलता है और प्रत्येक गेम और कुल गेम की संख्या दोनों में उत्साह का अच्छा संतुलन बनाता है।

बीडब्ल्यूएफ ने यह भी कहा कि 15 अंक के तीन गेम प्रणाली से मैच छोटे होंगे, कार्यक्रम बेहतर होगा, प्रशंसकों की दिलचस्पी बनी रहेगी और इससे खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा और वे कम थकेंगे। उन्होंने कहा, ''15 अंक के तीन गेम की प्रणाली में रैलियों की संख्या भी कम होने की संभावना है और इससे गेम का समय ज्यादा निरंतर रहेगा। परीक्षण के परिणाम के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद अंतिम निर्णय लेगी कि इस नई प्रणाली को बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक 2026 में प्रस्तावित किया जाए या नहीं।

# पढ़ाई बीच में छोड़ अभिनय की दुनिया में उतरे थे अभिषेक, बॉलीवुड में बनाई खुद की पहचान



अपनी शानदार एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में अभिषेक बच्चन ने बच्चन फैमिली के इतर अपनी एक अलग पहचान भी बना ली है। हालांकि उन्होंने अपने पिता अमिताभ बच्चन की छाया में अपने फिल्मी कैरियर को प्रारम्भ किया। अमिताभ बच्चन का पुत्र होने के कारण से जहाँ उन्हें अच्छी फ़िल्में मिलने लगीं वहीं दूसरी ओर उनकी तुलना अमिताभ से होने लगी। अपने प्रारम्भिक समय में उनके कुछ विशेष सफलता नहीं मिली और उनकी कुछ फ़िल्में असफल रही, परन्तु धीरे-धीरे उन्होंने फिल्मी जगत में अपनी अलग छवि बना ली। फ़िल्म सरकार, युवा, बंटी और बबली से उन्होंने अपने अभिनय कौशल का भी प्रमाण दे दिया।

महाराष्ट्र के बम्बई में अभिषेक बच्चन का जन्म 5 फ़रवरी, 1976 को हुआ था। उनके पिता सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और माता प्रसिद्ध अभिनेत्री जया बच्चन हैं। उनकी एक बहन है श्वेता, जो उद्योगपति निखिल नंदा से विवाहित है। तो वहीं, उनके दादा हरिवंश राय बच्चन भी हिंदी साहित्य के जाने माने कवि रहे हैं। अभिषेक ने अपनी स्कूली शिक्षा जमनाबाई नर्सरी स्कूल, बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल और दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से की। स्कूल ख़त्म करने के बाद उन्होंने ऐग्लों कॉलेज में दाखिला लिया। अभिनेता बनने के लिए उन्होंने अपनी पढाई बीच में ही छोड़ दी।

उन्होंने करिश्मा कपूर के साथ 2002 में अपने पिता अमिताभ बच्चन के 60वें जन्मदिन पर अपनी सगाई की घोषणा की, हालांकि 2003 में बिना कोई कारण बताये दोनों परिवारों ने यह सगाई तोड़ दी। इसके बाद 14 जनवरी 2007 को उन्होंने 1994 की मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय के साथ अपनी सगाई की घोषणा की और 20 अप्रैल 2007 को दोनों विवाह बंधन में बंध गए। वह एक पुत्री आराध्या के पिता भी हैं। जिसका जन्म मुंबई के सेवन हिल्स अस्पताल में हुआ।

बच्चन खानदान के वारिस अभिषेक ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म रिफ्यूजी से की थी जो मध्यम रूप से सफल फिल्म थी, जिसमें करीना कपूर भी थीं। जिसके बाद लगभग चार वर्षों तक उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय किया जो ज्यादा सफल नहीं रहीं। 2004 में, उन्होंने फिल्म धूम में अभिनय किया जो उनके करियर की पहली हिट फिल्म थी। इसके तुरंत बाद 2005 में उन्होंने बंटी और बबली, सरकार, दस और ब्लफमास्टर जैसी लगातार चार हिट फिल्में दीं। उसी साल बाद में वे फिर धूम 2 में दिखे जो काफी सफल रही। 2007 में उन्होंने गुरु फिल्म में काम किया जो फिर से एक बड़ी सफलता थी और उनकी पहली सोलो हिट थी। उसी साल जून 2007 में उनकी अगली फिल्म झूम बराबर झूम रिलीज हुई जो भारत में असफल रही, लेकिन विदेशी बाजार में सफल रही। 2008 में अभिषेक निर्माता बन गए। उनकी पहली निर्मित फिल्म पा थी। वे फिल्म के मुख्य अभिनेता और निर्माता थे।

उन्होंने उसके बाद 2010 में अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ रावण फिल्म में अभिनय किया जो भारत में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। उनकी अगली फिल्म बोल बच्चन थी जो 2012 में रिलीज हुई थी। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर हिट रही और पहले सप्ताह में 66.81 करोड़ रुपये जमा किए। 2013 में उन्होंने विजय कृष्ण आचार्य की धूम-3 में अभिनय किया। फिल्म में उनके शानदार अभिनय के लिए उन्होंने दर्शकों और आलोचकों दोनों का ध्यान आकर्षित किया।


# केसरी वीर के सेट पर गंभीर रूप से जलने के बाद सूरज पंचोली अस्पताल में भर्ती? अभिनेता ने दी सफाई



सूरज पंचोली हाल ही में सोशल मीडिया पर तब सुर्खियों में आए, जब एक रिपोर्ट वायरल हुई, जिसमें दावा किया गया कि अभिनेता को गंभीर रूप से जलने के बाद अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अभिनेता केसरी वीर के सेट पर कथित तौर पर गंभीर रूप से जल गए थे। हालांकि, पपराज़ो विरल भयानी की एक ताज़ा पोस्ट ने दावा किया है कि सूरज पंचोली के अस्पताल में भर्ती होने की खबरें दो महीने पुरानी हैं और अभिनेता अब ठीक हो गए हैं। विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में दावा किया जो लोग अभिनेता सूरज पंचोली के अस्पताल में भर्ती होने को लेकर चिंतित और चिंतित थे, उनके लिए यह सच है! सूरज पंचोली ने स्पष्ट किया कि, उनके अस्पताल में भर्ती होने की कहानी दो महीने पुरानी है! अभिनेता अब ठीक हो गए हैं।

पीटीआई की एक रिपोर्ट में पहले दावा किया गया था कि मुंबई के फिल्म सिटी में केसरी वीर लीजेंड ऑफ सोमनाथ नामक फिल्म के स्टंट शूट के दौरान सूरज पंचोली गंभीर रूप से जल गए थे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि आदित्य पंचोली (सूरज के पिता) ने निर्माता से बात की, जिन्होंने उन्हें बताया कि यह घटना तब हुई जब वे फिल्म पर कुछ पैचवर्क कर रहे थे जिसमें आग का इस्तेमाल शामिल था। पीटीआई ने आदित्य पंचोली के हवाले से बताया, यह थोड़ा नियंत्रण से बाहर हो गया। वह (सूरज पंचोली) थोड़ा घायल हो गया, उसका इलाज चल रहा है। सब ठीक हो जाएगा। केसरी वीर लीजेंड ऑफ सोमनाथ का निर्देशन प्रिंस धीमान ने किया है और इसका निर्माण कनु चौहान ने किया है। इस पीरियड ड्रामा में कथित तौर पर सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय भी हैं। सूरज पंचोली ने 2015 में हीरो से अपने अभिनय की शुरुआत की और सैटेलाइट शंकर और टाइम टू डांस जैसी फिल्मों में अभिनय किया।

# भारत का नाम रोशन करने वाली मिस वर्ल्ड से, जिन्हें सी-ग्रेड की फिल्में करने के लिए मजबूर होना पड़ा, पति पर लगाया आरोप...



कहते हैं मुंबई माया नगरी है। वहां सरवाइब करना मुश्किल है। हर कोई वहां चमकने जाता है लेकिन काले अंधेरे में कहीं खो सा जाता है। कुछ ही खुशनसीब है जो बुलंदी पर पहुंच पाते हैं। ग्लैमर इंडस्ट्री आसान नहीं है। हम सभी को इसके बेहतरीन पक्ष देखने को मिलते हैं, लेकिन इसके लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। कई बार, इससे बाहर निकलना वास्तव में आसान नहीं होता और कई बार लोगों को पीछे हटना पड़ता है। ऐसा ही कुछ एक मॉडल से अभिनेत्री बनीं के साथ हुआ। प्रतिष्ठित खिताब जीतने के तुरंत बाद उन्हें कई मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। हम बात कर रहे हैं एक ऐसी अभिनेत्री की, जिसने मिस वर्ल्ड का ताज जीता, लेकिन उसे ज्यादा काम नहीं मिला। शुरुआत में, वह शोहरत और सफलता से घिरी हुई थी, लेकिन यह ज्यादा दिन नहीं चला।

हम बात कर रहे हैं मिस वर्ल्ड 1999 युक्ता मुखी की। वह बेंगलुरु से हैं, लेकिन उन्होंने कुछ समय दुबई में बिताया है। 1986 में, उनका परिवार मुंबई आ गया और युक्ता ने यहीं अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने कॉलेज में जूलॉजी की पढ़ाई की और कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा की डिग्री भी हासिल की। उन्होंने तीन साल तक शास्त्रीय संगीत भी सीखा।

1999 में, उन्होंने मनोरंजन उद्योग में अपना करियर शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में भाग लिया, जहाँ उन्हें एक प्रतियोगी के रूप में चुना गया। उन्हें मिस इंडिया 1999 का ताज पहनाया गया और उनकी ज़िंदगी पूरी तरह बदल गई। यह साल उनके लिए सबसे बेहतरीन रहा। वह प्रतिष्ठित मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला बनीं। रीता फारिया (1966), ऐश्वर्या राय (1994) और डायना हेडन (1997) के बाद, युक्ता मुखी ने भारत में यह ताज वापस लाया।

उन्होंने उस समय एशिया और ओशिनिया की क्वीन ऑफ़ ब्यूटी अवार्ड भी जीता। हालाँकि, एक बार फिर उनकी ज़िंदगी में बड़ा बदलाव आया। 2008 में, उन्होंने प्रिंस तुली से सगाई कर ली। वह न्यूयॉर्क के व्यवसायी और मुंबई में वित्तीय सलाहकार हैं। उन्होंने जल्द ही शादी भी कर ली और उनका एक बेटा भी है।

लेकिन 2013 में युक्ता ने अपने पति और ससुराल वालों पर घरेलू हिंसा और उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और उनके निजी जीवन में बहुत कुछ हुआ। आखिरकार 2014 में उनका तलाक हो गया। युक्ता ने अभिनय की कोशिश की और 2002 में आफ़ताब शिवदासानी के साथ प्यासा से हिंदी फ़िल्मों में डेब्यू किया। लेकिन फ़िल्म असफल रही। बाद में, उन्होंने क्षेत्रीय फ़िल्मों में काम किया लेकिन फिर भी असफल रहीं और उन्हें सी-ग्रेड फ़िल्में करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अभिनेत्री हाल ही में 2019 में रिलीज़ हुई गुड न्यूज़ में नज़र आईं। फ़िल्म में अक्षय कुमार, करीना कपूर ख़ान, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिकाओं में थे।

# बॉलीवुड में आने से पहले एलआईसी एजेंट थे अभिषेक बच्चन, आज मना रहे 49वां जन्मदिन




आज यानी की 05 फरवरी को अभिनेता अभिषेक बच्चन अपना 49वां जन्मदिन मना रहे हैं। माना जाता है अभिषेक बच्चन मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। उनका जन्म सदी के महानायक कहे जाने वाले अभिनेता अमिताभ बच्चन के घर हुआ। उनके दादा हरिवंश राय बच्चन जाने-माने कवि थे। हालांकि अभिषेक बच्चन को फिल्मी करियर बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले अभिनेता अभिषेक बच्चन को पहली फिल्म पाने के लिए काफी पापड़ बेलने पड़े थे। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर अभिषेक बच्चन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... मुंबई में 05 फरवरी 1976 को अभिषेक बच्चन का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम अमिताभ बच्चन और मां का नाम जया बच्चन है। अभिषेक बच्चन फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले बतौर एलआईसी एजेंट काम किया करते थे। लेकिन उनकी किस्मत में एक्टर बनना लिखा था। अपने पिता अमिताभ बच्चन के नाम का सहारा लिए बिना ही अभिषेक बच्चन ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभिनेता को डेब्यू फिल्म रेफ्यूजी हासिल करने में दो साल लग गए थे। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री करीना कपूर थीं। एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने कहा था कि लोगों का मानना है कि वह अमिताभ बच्चन के बेटे हैं, इसलिए लोग उनके लिए 24 घंटे लाइन में लगे रहते होंगे। जबकि ऐसा नहीं है। अभिषेक ने बताया कि डेब्यू करने से पहले वह हर एक डायरेक्टर के पास जाकर बात की। लेकिन उन्होंने साथ में काम करने के लिए मना कर दिया।

वहीं अभिषेक बच्चन की पहली फिल्म रिफ्यूजी फ्लॉप हो गई थी। इस फिल्म का चयन उनके फिल्म करियर पर इस भारी पड़ा कि 4 साल में उन्होंने 17 फ्लॉप फिल्में दी। फिर साल 2004 में अभिषेक बच्चन ने फिल्म धूम में काम किया। यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद अभिनेता ने फिल्म बंटी और बबली, युवा, ब्लफमास्टर, गुरु और दोस्ताना जैसी सुपरहिट मूवी दी। वहीं अभिषेक बच्चन के करियर में तो काफी उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने अंत में स्थापित कर लिया। भले ही अभिषेक बच्चन अपने पिता अमिताभ बच्चन के जितना नाम नहीं कमा पाए, लेकिन उन्होंने कई शानदार फिल्मों में बेहतरीन अभिनय किया। वहीं उनके पर्सनल लाइफ के बारे में बात करें, तो उन्होंने बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री ऐश्वर्या राय से साल 2007 में शादी की थी। इस कपल की एक बेटी आराध्या बच्चन है।

# नए अंदाज में होगी परीक्षा पे चर्चा

## पीएम मोदी समेत सिनेमा और खेल जगत के दिग्गज भी देंगे छात्रों को टिप्स

एजेंसी




**नई दिल्ली।** परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम नए कलेवर में छात्रों के सामने होगा। सवालों का जवाब सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं देंगे, बल्कि देश के कई दिग्गज भी देंगे। पहले पीएम मोदी छात्रों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और तनावमुक्त रहने के टिप्स देते थे, लेकिन इस बार फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, अभिनेता विक्रांत मैसी, अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और खेल जगत के कई दिग्गज भी जरूरी टिप्स देते नजर आएंगे। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 10 फरवरी को होने वाली परीक्षा पर चर्चा के लिए छात्र भी बेहद उत्साहित हैं।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी), परीक्षा से जुड़े तनाव को सीखने के उत्सव में बदलने की पहल है। इसके 8वें संस्करण में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। वर्ष 2018 में परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है, जिसने वर्ष 2025 में अपने 8वें संस्करण के लिए 3.56 करोड़ पंजीकरण प्राप्त किए हैं। ये 7वें संस्करण में 2.26 करोड़ पंजीकरण हुए थे, जो 1.3 करोड़ पंजीकरणों की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। परीक्षा पे चर्चा न केवल एक लोकप्रिय कार्यक्रम बन गया है, बल्कि यह एक जन आंदोलन में भी बदल गया है। यह पूरे देश में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ गहराई से जुड़ गया है। परीक्षा के तनाव को दूर करने और छात्रों को परीक्षाओं को एक त्योहार - उत्सव के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

परीक्षा पे चर्चा में अधिकतम भागीदारी मानसिक सेहत और समग्र शिक्षा के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता और स्वीकृति को दर्शाती है। कार्यक्रम का इंटरैक्टिव प्रारूप, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और प्रधान मंत्री के बीच खुला संवाद शामिल है, ने इसकी सफलता में और योगदान दिया है। परीक्षा पे चर्चा को जन आंदोलन के रूप में और मजबूत करने के लिए 12 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी 2025 (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक स्कूल स्तर पर कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गईं। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को परीक्षा पे चर्चा को एक उत्सव के रूप में मनाने में शामिल करना था। कुल 1.42 करोड़ छात्र, 12.81 लाख शिक्षक और 2.94 लाख स्कूलों ने भाग लिया। ये गतिविधियां तनाव को कम करने, ध्यान केंद्रित करने और परीक्षा के दौरान और उसके बाद प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई थीं।

छात्रों को खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों, छोटी दूरी की मैराथन, रचनात्मक मीम प्रतियोगिता, आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शनों और आकर्षक पोस्टर बनाने सहित विविध प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें छात्र प्रशंसापत्रों के माध्यम से अपने अनुभव साझा करने, छात्र-नेतृत्व वाली चर्चाओं में भाग लेने और विश्राम और मन की शांति विकसित करने के लिए योग और ध्यान सत्रों में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

# तिरुपति बालाजी मंदिर में अब काम नहीं कर पाएंगे गैर हिंदू

एजेंसी



**नई दिल्ली।** तिरुपति बालाजी मंदिर के शासी निकाय तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंदिर के उत्सवों और अनुष्ठानों में शामिल होने के दौरान कथित तौर पर गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए 18 गैर-हिंदू कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया है। टीटीडी के चेयरमैन बीआर नायडू के निर्देशों के बाद, बोर्ड ने मंदिर की आध्यात्मिक पवित्रता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता का हवाला देते हुए उन्हें हटाने के आदेश जारी किए हैं।

बता दें हाल ही में टीटीडी बोर्ड की बैठक में इसको लेकर प्रस्ताव पारित किया गया था। पारित प्रस्ताव के अनुसार, इन कर्मचारियों को या तो सरकारी विभागों में ट्रांसफर होने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति चुनने का विकल्प दिया गया है। बोर्ड ने इस बात पर जोर दिया है कि गैर-हिंदू व्यक्तियों को मंदिर प्रशासन या अनुष्ठानों में शामिल नहीं होना चाहिए।

जानकारी के मुताबिक, आंध्र प्रदेश में पिछली जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल के दौरान गैर-हिंदू कर्मचारियों की भर्ती में की गई थी। अब इस समय प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की सरकार है। उनकी सरकार आने के बाद से यह मुद्दा पिछले कुछ समय से ये भर्तियां विवाद का विषय रही हैं। मंदिर प्रशासन ने अन्य धार्मिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों के पदों पर होने को लेकर चिंता जताई थी। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ट्रस्ट बोर्ड ने 18 नवंबर 2024 को अपनी बैठक में तिरुमाला श्री बालाजी मंदिर से गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाने और उन्हें आंध्र प्रदेश सरकार के अन्य विभागों में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया था।

### क्विक न्यूज

#### चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा : अखिलेश

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह भाजपा का चुनाव लड़ने का तरीका है। चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए हरसंभव तरीके अपना रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव आयोग निष्पक्षता दिखाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। आपको बता दे की कल मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव थे ,तब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी । उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में पुलिस मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल हैं।

#### सट्टा बाजार ने खोला पिटारा, बताया किसकी बन सकती है दिल्ली में सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान की समाप्ति तक औसतन 57.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह से कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के बाद दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसको लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। इस बीच कई चैनलों के एग्जिट पोल सामने आने लगे हैं। ऐसे में राजस्थान का मशहूर फलोदी सट्टा बाजार कहां पीछे रहता। उसने भी दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी,उसपर अपना फैसला सुना दिया है। इस बार इसके लगाए अनुमान की मानें तो इस बार मामला टाइट हो सकता है। आम आदमी पार्टी को 34-36 तो भारतीय जनता पार्टी को 34-36 और कांग्रेस को 0-1 सीट आने का अनुमान है।

## कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत के घर आईटी का छापा, कर्मचारियों के फोन कराए बंद, आईटीबीपी के जवान भी मौजूद

**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला से बड़ी खबर सामने आ रही है जहां कांग्रेस विधायक राणा गुरजीत सिंह के घर पर आयकर विभाग ने छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह चंडीगढ़ से आई आयकर विभाग की टीम ने विधायक के सर्कुलर रोड स्थित आवास पर छापेमारी की। आयकर विभाग की टीम के साथ भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवान भी मौजूद हैं। छापेमारी के दौरान आवास के सभी गेट अंदर से बंद कर दिए गए हैं। पंजाब पुलिस को भी इसके बारे में कोई सूचना नहीं दी गई थी। जांच के दौरान विधायक कार्यालय के सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ पाए गए। यह कार्रवाई किस मामले में की गई है, इसके बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## बीकानेर कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

### सांडों की लड़ाई में मृत व्यक्ति के परिवार को 33.22 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश, सरकार को माना दोषी

एजेंसी

बीकानेर ,06 फरवरी(आरएनएस)। बीकानेर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने एक अहम फैसले में राज्य सरकार और पंचायत समिति को आवारा पशुओं की समस्या पर लापरवाही के लिए दोषी ठहराया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आवारा पशुओं को नियंत्रित करना प्रशासन की जिम्मेदारी थी, जिसमें विफलता के कारण एक निर्दोष व्यक्ति की जान गई। इस आधार पर, मृतक आसाराम सुथार के परिजनों को 33.22 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया गया है।

सरकार और पंचायत समिति की लापरवाही कोर्ट ने कहा कि आवारा पशुओं को गौशालाओं में रखना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और पंचायत समिति की जिम्मेदारी थी, जो सही ढंग से नहीं निभाई गई।

आश्रितों के अधिकारों की रक्षा - मृतक की वार्षिक आय के आधार पर आश्रितों की आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया, जिससे उन्हें न्याय दिलाने के लिए 33.22 लाख रुपए का मुआवजा निर्धारित किया गया।

प्रशासनिक जवाबदेही तय- यह फैसला प्रशासन के लिए एक नजीर बन सकता है, जिससे भविष्य में सरकार और स्थानीय निकाय अपनी जिम्मेदारी निभाने के प्रति अधिक गंभीर होंगे।

फैसले का व्यापक प्रभाव- यह फैसला सिर्फ एक परिवार को न्याय दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराता है। यदि स्थानीय प्रशासन अपनी भूमिका निभाने में विफल रहता है, तो ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रह सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

## पहले पति से अलग हुई महिला दूसरे हसबैंड से मांग सकती है गुजारा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक महिला अपने दूसरे पति से भरण-पोषण पाने की हकदार है, भले ही उसकी पहली शादी वैधानिक रूप से चल रही हो। इस टिप्पणी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के 2017 के आदेश के खिलाफ एक महिला की याचिका स्वीकार कर ली। हाईकोर्ट ने आदेश में महिला को दूसरे पति की कानूनी पत्नी मानने से इन्कार कर दिया था, क्योंकि महिला की पहली शादी वैधानिक रूप से चल रही थी।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण का अधिकार पत्नी को मिलने वाला लाभ नहीं है, बल्कि पति का कानूनी और नैतिक कर्तव्य है। महिला के वकील ने तर्क दिया कि महिला और प्रतिवादी पुरुष वास्तव में विवाहित जोड़े के रूप में रह रहे थे। साथ में एक बच्चे का पालन-पोषण कर रहे थे, इसलिए उसे भरण-पोषण का लाभ दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पहली शादी के तथ्य को दूसरे पति से छिपाया नहीं गया था। महिला के दूसरे पति ने दलील दी कि चूंकि अपीलकर्ता-महिला का पहले पति के साथ कानूनी रूप से विवाह है, इसलिए उसे उसकी पत्नी नहीं माना जा सकता और वह भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, महिला को भरण-पोषण से मना नहीं किया जा सकता। यह स्थापित कानून है कि सामाजिक कल्याण के प्रावधानों को व्यापक और लाभकारी निर्माण के अधीन होना चाहिए।

बता दें महिला की शादी 1999 में हुई थी। उसने 2000 में एक लड़के को जन्म दिया। 2005 में दंपती अलग-अलग रहने लगे। 2011 में करारनामे से दंपती ने शादी को खत्म कर दिया। फिर महिला ने दूसरी शादी कर ली। कुछ महीनों बाद दूसरा पति विवाह खत्म करने पारिवारिक अदालत पहुंचा। कोर्ट ने 2006 में विवाह अमान्य कर दिया। कुछ दिनों बाद महिला ने प्रतिवादी से दोबारा शादी कर ली। दंपती को 2008 में बेटी हुई। बाद में मतभेद होने पर महिला ने दहेज उत्पीड़न का केस कर दिया और भरण-पोषण के लिए पारिवारिक कोर्ट पहुंची। कोर्ट ने गुजारे भत्ते का आदेश दिया, जिसे प्रतिवादी की अपील पर हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। तब महिला ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

## यूपी दौरे पर हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, पहले लगाएंगे संगम में डुबकी फिर जाएंगे अयोध्या

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी पत्नी सुमन सैनी के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में शामिल होने के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सीएम नायब सैनी संगम में डुबकी लगाएंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को महाकुंभ नगर जाएंगे और सपरिवार पवित्र संगम में स्नान करेंगे। इसके बाद वह अयोध्या भी जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई थी। इस दौरान उन्होंने हाथ में रुद्राक्ष लेकर मंत्रोच्चारण भी किया। साथ ही गंगा मैया में डुबकी लगाने के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य भी दिया। पीएम मोदी ने महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार साझा किए थे।

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर-हर गंगे!

उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं।

बता दें कि 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक तीन अमृत स्नान हो चुके हैं। महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा, जिसमें स्नान करने के लिए लाखों श्रद्धालु रोजाना संगम पहुंच रहे हैं।

## पढ़ाई से बचने के लिए स्कूलों को दी थी बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने 9वीं के छात्र को हिरासत में लिया

एजेंसी



**नोएडा।** नौंवी कक्षा के छात्र ने पढ़ाई से बचने के लिए मंगलवार रात नोएडा सेक्टर -126 स्थित ज्ञानश्री, मयूर पब्लिक स्कूल, द हेरिटेज व स्टेप बाय स्टेप स्कूल को ई-मेल भेजकर बच्चों को क्रूरता से मारने व बम से उड़ाने की धमकी दे दी। अगली सुबह 8:30 बजे स्कूल प्रबंधकों के ई-मेल चेक करते ही होश उड़ गए। पुलिस ने ईमेल भेजने वाले की पहचान एक छात्र के रूप में कर देर रात मामले का खुलासा कर दिया।

डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि चारों स्कूल को ई-मेल मंगलवार रात 12 बजे आई थी। सुबह साढ़े आठ बजे प्रबंधन ने सिस्टम पर ई-मेल चेक की तो तुरंत प्रिंसिपल और अन्य पदाधिकारियों को मामले की सूचना दी गई। इस बीच चारों स्कूल में पढ़ाई शुरू हो चुकी थी। प्रबंधन ने पुलिस अधिकारियों को सूचना देकर ई-मेल चेक कराई। चारों स्कूल की ई-मेल में लिखा था कि सभी बच्चों को मारकर बदला लूंगा। स्कूलों की तरफ से बम की सूचना पर एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला, एसीपी प्रवीण कुमार और थाना प्रभारी ने बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड और भारी संख्या में पुलिस बल के साथ जांच शुरू कर दी।

स्कूल परिसर को पूरी तरह खाली कराने के बाद दो घंटे की जांच में टीम को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। टीम को लिंक मिला तो ईमेल भेजने वाली की पहचान एक छात्र के रूप में हुई। उसने बात करने पर पता चला कि वह नोएडा के ही एक स्कूल में कक्षा नौंवी की पढ़ाई करता है। बुधवार को उसका स्कूल जाकर पढ़ने का मन नहीं था। लिहाजा उसने स्कूल को धमकी भरा ई मेल भेजने की योजना बनाई। छात्र ई मेल लिख ही रहा था कि वह उसे खुद के पकड़े जाने की डर सताने लगा। इससे बचने के लिए उसने गूगल से अन्य तीन स्कूलों की ईमेल आईडी लेकर उन्हें भी धमकी भरा मेल भेज दिया।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आज से 10 दिवसीय बंगाल दौरे पर

एजेंसी

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत गुरुवार से पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। यहां वह संगठनात्मक मुद्दों और संगठन के भविष्य पर पदाधिकारियों संग विचार मंथन करेंगे।

नेताओं ने बताया कि कोलकाता में पहले पांच दिनों के दौरान भागवत आरएसएस नेताओं और स्थानीय लोगों संग बैठक करेंगे। बैठक में संगठन के ढांचे को मजबूत करने और इसकी परिचालन सफलता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

11 फरवरी को भागवत दक्षिण बंगाल के जिलों का दौरा फिर से शुरू करने से पहले एक ब्रेक लेंगे।

आरएसएस के एक नेता ने कहा, भागवत बर्धमान सहित कई जिलों का दौरा करेंगे, जहां 16 फरवरी को उनकी एकमात्र रैली होने की उम्मीद है। वे क्षेत्रीय आरएसएस नेताओं, स्थानीय कार्यकर्ताओं और बर्धमान और आसपास के क्षेत्रों के प्रमुख लोगों से भी मिलेंगे।

उन्होंने कहा, इन बैठकों में संगठनात्मक विकास, सामुदायिक आउटरीच, आरएसएस नेतृत्व और स्थानीय हितधारकों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

उनकी यात्रा देशभक्ति, आत्मनिर्भरता, पारिवारिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण और परिवार-उन्मुख प्रथाओं के माध्यम से समाजीकरण जैसे मूल्यों को स्थापित करने पर केंद्रित होगी। आरएसएस महासचिव जिष्णु बसु के अनुसार, भागवत केरल से राज्य में आएंगे।

बसु ने कहा, 7-10 फरवरी तक भागवत दक्षिण बंग क्षेत्र में आरएसएस पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे, जिसमें पूर्व-पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, कोलकाता और उत्तर-दक्षिण 24 परगना शामिल हैं।

# लड़ाकों ने पुरुष इजरायली बंधकों का किया रेप, हमास ने तड़पा-तड़पाकर ले ली जान

एजेंसी



**नई दिल्ली।** हमास ने अपने ही लड़ाकों को तड़पा-तड़पाकर मार डाला। फलीस्तनी ग्रुप के सीक्रेट डॉक्यूमेंट में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमले के बाद हमास के लोगों ने पुरुष इजरायली बंधकों का रेप किया।

अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, हमास के पास उन सभी लड़ाकों की सूची थी, जो समलैंगिगकता में शामिल थे। इसकी उन्हें बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक, हमास के करीब 94 लड़ाके इस क्राइम में शामिल थे।

हमास के इन लड़ाकों पर समलैंगिक बातचीत, बिना कानूनी संबंध वाली लड़कियों के साथ फ्लर्टिंग और अप्राकृतिक यौनाचार के आरोप थे। डॉक्यूमेंट में चाइल्ड रेप और टॉर्चर का भी जिक्र है।

हमास सदस्यों में से एक का जिक्र इस तरह किया गया है कि वह लगातार भगवान को कोसता है। एक अन्य ने कहा, फेसबुक पर उसके रोमांटिक रिश्ते हैं...वह व्यवहारिक और नैतिक रूप से विकृत है।

बता दें कि गाजा में समलैंगिकता गैरकानूनी है और इसके लिए कई साल की जेल या मौत की सजा दी जा सकती है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है हमास ने पहचान किए उन लड़ाकों के साथ क्या किया।

इसके पहले हमास के एक पूर्व कमांडर महमूद इश्तिवी को कथित तौर पर समलैंगिक संबंध रखने के आरोप में 2016 में मार दिया गया था। उसे उल्टा लटकाकर यातना देने के लगभग एक साल बाद उसके सीने में तीन गोलियां मारी गई थीं।

ग्रीनलैंड और पनामा नहर पर नियंत्रण की इच्छा जाहिर करने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कहकर दुनिया को हैरान कर दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका युद्ध से तबाह गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और यहां से फलस्तीनियों को दूसरी जगह बसाकर इस क्षेत्र का विकास करेगा।

## मोरक्को वापस जाओ, ट्रेन में महिला की नस्लवादी टिप्पणी से भड़के लोग

# नस्लवाद का क्लासिक मामला, वायरल हुआ वीडियो

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक महिला ब्रिटिश ट्रेन में अपने सहयात्री के खिलाफ नस्लवादी टिप्पणी कर रही है। ये फुटेज पहली बार टिकटॉक पर शेयर किया गया था, उसमें महिला अपने साथी यात्री, एक ह्यस डेंटिस्ट को मोरक्को या ट्यूनीशिया वापस जाने के लिए कह रही है, जिससे नस्लवाद के आरोप लग रहे हैं।

यह घटना लंदन से मैनचेस्टर जा रही अवंती वेस्ट कोस्ट ट्रेन में सामने आई जब ह्यस डेंटिस्ट के सामने बैठी महिला ने कथित तौर पर उसे स्वर में अपने पैर हिलाने के लिए कहा, जिसके बाद नस्लवादी टिप्पणी की गई।

यूके में जन्मे डेंटल ने इसका जवाब देते हुए कहा, आप ऐसा क्यों कह रहे हैं, यह बहुत अपमानजनक है। मैं यहीं पैदा हुई थी। क्या आप यहां पैदा हुए थे? ऐसा नहीं लगता महिला ने उत्तर दिया। फिर वह दृढ़ता से उससे कहता है, कभी भी मेरा इस तरह अपमान मत करो, लेकिन माफी मांगने के बजाय, वह उपेक्षापूर्ण और आक्रामक टिप्पणी के साथ जवाब देती है, तुम्हारे लिए सही सेवा करती है।

जब महिला से उसकी जातीयता के बारे में पूछा गया तो उसने जवाब देने से इनकार करते हुए कहा, मैं आपसे बात नहीं करना चाहती।

द स्टैंडर्ड के अनुसार, ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस ने पुष्टि की कि उसे सोमवार सुबह 11.45 बजे यूस्टन से मैनचेस्टर तक एक ट्रेन में नस्लीय दुर्व्यवहार को लेकर एक टेक्स्ट रिपोर्ट मिली।

वीडियो के कारण सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है, कई दर्शकों ने महिला पर सवाल उठाए हैं और उसकी नस्लवादी टिप्पणियों की विडंबना बताई है।

एक यूजर ने लिखा, हम सभी कहीं न कहीं से आए आप्रवासी हैं। आदमी भोजन की तलाश में जगह-जगह घूमता रहता था। जहां भी भोजन होता था, लोग वहां आ जाते थे। बाद में वे झुंड बन गए, कबीलों का निर्माण किया और समूहों में नदी घाटियों में चले गए, राज्य बनाए और महिलाओं पर कब्जा कर लिया। कोई नहीं जानता कि किसी की जड़ें कहां हैं। एक अन्य ने टिप्पणी की, नस्लवाद और नकली नारीवाद का क्लासिक मामला - सबसे पहले, वह उसे बीच की उंगली से अपने देश वापस जाने के लिए कहती है।

## महिला वर्ग के खेलों में अब ट्रांसजेंडर्स की नो एंट्री, डोनाल्ड ट्रंप का एक और बड़ा फैसला

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही कहा था कि अमेरिकी में बस दो ही जेंडर (पुरुष, महिला) होंगे। ट्रंप ने इशारों-इशारों में बता दिया था कि अमेरिका में रहने वाले ट्रांसजेंडर और एलजीबीटी समुदाय की मुश्किलें बढ़ने वाली है। वहीं, अब ट्रंप ने ट्रांसजेंडर को एक बड़ा झटका दिया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को ट्रांसजेंडर एथलीटों को लड़कियों और महिलाओं के खेलों में भाग लेने से रोकने के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया, जब तक कि उन्हें जन्म के समय महिला का नाम नहीं दिया गया हो।

डोनाल्ड ट्रंप का यह आदेश उन पर लागू होगा जो जन्म के समय पुरुष थे और बाद में लिंग परिवर्तन कराकर महिला बन गए। ट्रंप ने अपने अभियान के दौरान कहा था कि पुरुषों को महिलाओं के खेलों से दूर रखा जाना चाहिए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि यह फैसला आदेश के वादे को बनाए रखेगा । यह फैसले महिला अधिकारों के लिए लिया गया है।

# विद्यार्थी सदैव चले सच्चाई के मार्ग पर : प्रो. अजय द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता



पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वितीय अध्ययन विभाग में सरस्वती पूजा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में धूमधाम से सरस्वती पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान की देवी है विद्यार्थियों में ज्ञान की वृद्धि हो यही कामना है।उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमें ज्ञान और शिक्षा के महत्व को समझाता है। हमें हमेशा सच्चाई, मेहनत और ईमानदारी के मार्ग पर चलना चाहिए।÷

मुख्य अतिथि के इन्द्रेश कुलकर्णी ने बसंत उत्सव के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु में जिस तरह प्रकृति खिल उठती है उसी तरह विद्यार्थी अपने जीवन में खिले और आगे बढ़े। पूजन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक उद्देश्य सिंह ने क्षमा स्तुति का गान किया और प्राध्यापक यशी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन रिन्शू सिंह, अपेक्षा, अमित कुमार तिवारी, आंचल विश्वकर्मा, और अमन कुमार ने मिलकर किया। कार्यक्रम के आयोजन का समन्वय कंचन यादव, गंगासागर, अपेक्षा सिंह, आशीष आदि विद्यार्थियों ने किया। इस अवसर पर डॉ आलोक गुप्ता, उद्देश्य सिंह, अबु सालेह, यशी सिंह, मनोज कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# सिर्फ सूखी पराली खिलाकर जिंदा रखे जा रहें गोवंश

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** बड़ोखर ब्लॉक की ग्राम पंचायत भूरेडी में संचालित अस्थायी गौशाला में विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति अपनी टीम के साथ पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि गोवंशों को सिर्फ सुखी पराली खिलाई जा रही है, जिससे अधिकतर मवेशी कुपोषण के शिकार हो रहे हैं। गौशाला में लगभग 250 गोवंश मिले,जबकि ग्राम प्रधान के अनुसार वहां 338 गोवंश दर्ज हैं। लगातार गौशालाओं में जाकर गोवंशों की गिनती की जा रही है,जिससे यह सामने आ रहा है कि अधिकतर गौशालाओं में संख्या बढ़ाकर धन निकाला जा रहा है। महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि अधिकारी मिलकर गोवंशों की संख्या बढ़ाकर सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। गोवंश भूख से मर रहे हैं,जबकि अधिकारी अपना पेट भर रहे हैं। गौशालाओं के नाम पर भारी रकम निकाली जा रही है,लेकिन गोवंशों की देखभाल नहीं हो रही। गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष ने बताया कि इससे पहले भी कई बार ऐसे घोटाले उजागर किए गए,लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह साबित होता है कि बड़े अधिकारी भी इसमें शामिल हैं। बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा ने बताया कि ब्लॉक की गौशालाओं की लगातार गिनती कराई जा रही है,जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि ज्यादातर गौशालाओं में कागज़ों में संख्या बढ़ाई जाती है,जबकि हकीकत में गोवंश कम होते हैं। गौरक्षा समिति ने प्रशासन से मांग की है,कि गौ शालाओं में हो रहे घोटाले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# अपने दायित्वों का पालन पूरी निष्ठा के साथ करूंगा : बिंद्रेश यादव

महाराजगंज में आयोजित हुआ 16वीं वर्षगांठ व शपथ ग्रहण समारोह

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** नौकरी के 16 वर्ष पूरे होने के बाद खुशी से लबरेज सफाई कर्मियों ने पूरे जनपद में धूमधाम से केक काटा साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बताते चलें कि गुरुवार को विकासखंड महाराजगंज के प्रांगण में 16वीं वर्षगांठ व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन खंड विकास अधिकारी रामसुमरन के अध्यक्षता संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संपन्न कराया गया सहायक विकास अधिकारी पंचायत मिथिलेश राय जी के देख रेख मे सफल पूर्वक शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। निर्विरोध चुनाव जीतने के बाद महाराजगंज के ब्लॉक अध्यक्ष बिंद्रेश यादव ने कहा कि हम अपने दायित्व का पालन पूरी निष्ठा के साथ करूंगा। जो जिम्मेदारी हमें अपने सहयोगियों द्वारा मिली है उस पर हम खरे उतारने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की जो भी समस्या होगी उसे हम निवारण के लिए जनपद से लेकर प्रदेश स्तर तक लड़ाई लड़ूंगा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मनोरमा राय महिला मोर्चा, सुरेंद्र कुमार, ब्लॉक मंत्री सुनील यादव, कोषाध्यक्ष सुभाष, संगठन मंत्री हनुमान, संप्रेक्षक योगेंद्र यादव, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद, उपाध्यक्ष तारा यादव, ब्लॉक मंत्री महिला मोर्चा सरोज देवी, उपाध्यक्ष महिला मोर्चा के पदाधिकारियों को जनपद के जिला अध्यक्ष सीपी यादव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न किया गया। नवनिर्वाचित पद अधिकारियों को शपथ दिलाते हुए मैं अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करुंगा। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हम लोग सदैव अपने कार्य को लगन और पूरी ईमानदारी के साथ करते रहेंगे।इस तरह से आयोजन करके सबका मनोबल बढ़ते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला संगठन की तरफ से मंडल अध्यक्ष प्रमोद यादव,जिला महामंत्री ओंकारनाथ, संगठन मंत्री अखिलेश कुमार यादव व विकास खंड के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रीमहाकाली क्रिकेट प्रतियोगिता सुजियामऊं का आयोजन संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर। (बक्शा)** स्थानीय थाना क्षेत्र में श्रीमहाकाली क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह रहे।अध्यक्षता सुजियामऊ निवासी युवा भाजपा नेता आशुतोष कुमार उपाध्याय ने किया।फाइनल मैच बी आर इलेवन धौकलगंज बनाम अमन चैम्पियंस भैरोपुर के बीच खेला गया जिसमें बेस्ट ऑफ थ्री के मैच में बी आर इलेवन धौकलगंज ने विजेता बनीं वहीं उप विजेता अमन चैम्पियंस भैरोपुर रही।

विजेता टीम को ट्राफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैन आफ द मैच विशाल यादव व मैन ऑफ द सीरीज दीपू चुने गए।आयोजक सुधीर उपाध्याय ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम जी महाराज, माला शुक्ला, सुनील उपाध्याय चंदन, धर्मेंद्र सोनी, शुभम सिंह, देवदत्त उपाध्याय, अम्बूज पाठक, अभिषेक उपाध्याय, पंकज उपाध्याय, अमन सिंह, दरोगा यादव, छोटू सिंह, विवेक व अन्य मौजूद रहे।

# एग्रीविजन काशी प्रांत ने कराया पहला राज्य सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम एग्रीविजन ने काशी प्रांत के जौनपुर जिले के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एग्रीविज़न का प्रथम दो दिवसीय राज्य सम्मेलन का शुभारंभ हुआ जिसका विषय ÷विकसित भारत में कृषि का योगदान विजन-2047÷ जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से कृषि विद्यार्थी शामिल हुए उन कृषि विद्यार्थियों के लिए एग्रीविज़न एवं जौनपुर कृषि विभाग के सहयोग से दो दिवसीय प्रदर्शनी तथा स्टॉल लगाई गई है। जिसका निरीक्षण पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति, जौनपुर जिलाधिकारी, राष्ट्रीय प्रमुख एग्रीविज़न, राष्ट्रीय मंत्री अभाविप, प्रांत मंत्री काशी प्रांत, प्रांत संयोजक एग्री विज़न, इकाई अध्यक्ष पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति ने कहा कि मा0 यशस्वी प्रधानमंत्री जी द्वारा विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य रखा गया है, उसमें कृषि का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि जौनपुर का कृषि विभाग पूर्वांचल क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य कर रहा है और जौनपुर के सर्वाधिक किसान कृषि विभाग से लाभान्वित हो रहे हैं। यह राज्य स्तरीय सम्मेलन में अनेक कई सत्र में कृषि के विषयों पर चर्चा होना है इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र से आए कृषि के प्रेरणा स्रोत जो की ऑर्गेनिक फार्मिंग पर आने वाले सत्रों में विषय रखेंगे जिससे कृषि के क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को बहुत लाभ होगा।

# प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग व बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 बॉक्सिंग संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 फरवरी, 2025 तक सहारनपुर में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर की सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 07 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग खिलाड़ी ही 08 फरवरी, 2025 को आयोजित मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स, जो डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में प्रातः 10.00 बजे से किया जायेगा, में प्रतिभाग करेंगी। मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स उपरान्त मण्डल की टीम का गठन किया जायेगा, मण्डल स्तरीय टीम ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग के लिए खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01 जनवरी, 2011 से 31 दिसम्बर, 2012 के मध्य होना चाहिए। खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 बास्केटबाल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 से 16 फरवरी, 2025 तक आगरा में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर की सब जूनियर बालिका बास्केटबाल खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 08 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग खिलाड़ी ही दिनांक 10 फरवरी, 2025 को आयोजित मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स, जो डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में प्रातः 10.00 बजे से किया जायेगा, में प्रतिभाग करेंगी। मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स उपरान्त मण्डल की टीम का गठन किया जायेगा, मण्डल स्तरीय टीम ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। सब जूनियर बालिका बास्केटबाल के लिए खिलाड़ियों की जन्म 01.01.2011 या उसके बाद का होना चाहिए। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयन/परीक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द प्रशिक्षण दे वितरण करे टूल किट

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत जिला आजीविका मिशन-क्रियान्वयन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें आजीविका मिशन से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं यथा-योजना की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, समूह गठन, समूहों के बैंक खाता खुलवाने, समूह का स्टार्टअप, आरवएफ, सी.आई.एफ तथा सी.सी.एल. की प्रगति की समीक्षा की गयी। ओ.डी.ओवपीव उत्पादों के निम्माण एवं वितरण के सम्बन्ध में विकास खण्ड रानी की सराय में ब्लैक पॉटरी से सम्बन्धित कामन फैसिलिटी सेन्टर स्थापित किये जाने की प्रगति पर चर्चा की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के समूह सदस्यों को जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द के माध्यम से प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए टूल किट दिया जाय। जिससे सी.एफसी. स्थापित करने तक यह समूह सदस्य ब्लैक पॉटरी के क्षेत्र कुशलता प्राप्त कर ले। जिलाधिकारी द्वारा लखपति महिला कार्यक्रम में सदस्यों को लखपति बनाने में समस्त सम्बन्धित विभागों से कन्वर्जेन्स के माध्यम से अनुश्रवण किये जाने हेतु उपायुक्त (स्वतः रोजगार) को निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त विद्युत सखी की प्रगति, टेक होम राशन की परियोजना की समीक्षा के साथ -साथ समस्त सरकारी संस्थानों में प्रेरणा कैन्टीन खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, उपायुक्त उद्योग एसएस रावत, डीसी एनआरएलएम विजय यादव, डीसी मनरेगा, सहायक निदेशक सेवायोजन, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अजीमुश्शान जलसा-ए-सीरतुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** बछौदा में एक अजीमुश्शान जलसा ए सीरतुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का आयोजन किया गया, जिसमें हज़रत मौलाना सैय्यद नैय्यर रब्बानी साहब ने फरमाया कि अपने मां-बाप की इज्ज़त करो और उन्हें कभी नाराज़ न होने दो। मां-बाप का मर्तबा इतना बुलंद है, कि नमाज़, रोज़ा, हज, ज़कात उस वक्त तक कुबूल नहीं होंगे जब तक मां-बाप राज़ी न हों। हज़रत मौलाना सैय्यद आबिद रब्बानी साहब ने फरमाया, कि झूठ बोलने वालों पर अल्लाह की लानत और सच बोलने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। अल्लाह का शुक्र अदा करते रहो, अल्लाह तुम्हें अपनी नेमतों से नवाज़ता रहेगा। जलसे में सैय्यद फ़ैज़ान रब्बानी और सैय्यद सकलैन रब्बानी ने खूबसूरत नात और मनक़बत पेश कीं, जिन्हें श्रोताओं ने खूब पसंद किया। शोबा ए तब्लीग और कमेटी के लोगों ने जलसे को सजाया। जलसे के बाद अमीर शोबा ए तब्लीग मौलाना सैय्यद आबिद रब्बानी साहब की जानिब से पाँच ज़रूरतमंदों ताजुद्दीन शाह, सिद्दीकुन खातून, फरीदा खातून, वसीम खान और सफ़ीना खातून को कंबल वितरित किए गए। इस जलसे में मौलाना शहाबुद्दीन, मोहम्मद जलालुद्दीन, वसीम खान, मास्टर जमील खान, मुसर्रत खान, मज़हर खान, शादाब खान, मोहम्मद हनीफ आदि शामिल रहे। जलसे में लगभग 400 लोगों ने शिरकत की। गाँव और कमेटी के लोगों ने जलसे में आए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# जीडी ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के दिन बुधवार को करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सुगति भवतु बहुत ही भव्यपूर्वक मनाया गया। सभागार के प्रवेश द्वार पर ही विद्यार्थियों को तिलक से अभिषेक कर जूनियर वर्ग कक्षा एकादश के बच्चों द्वारा प्रेम व सम्मान का प्रतीक पुष्प कर स्वागत किया गया। कक्षा ग्यारह के बच्चों ने विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक गौरव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे को पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की हेड गर्ल ने इस भावुक पल को अपने शब्दों में व्यक्त किया। बच्चों को डाक्यूमेंट्री द्वारा शिक्षकों के शुभकामना संदेश प्रेषित किए गये। अपने सीनियर्स के सम्मान में जूनियर के छात्रों ने आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। हेड ब्वाय ने विद्यालय में बिताए हुए अपने सुखद क्षण एवं अनुभवों को साझा किया। कक्षा ग्यारह की छात्राओं ने सोल मोशनपर इतनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत दी कि लोगों के तन-मन भी थिरकने लगे। सुगति-भवतु समारोह में मिस जीडीजीएस का खिताब शिवांगी सिंह एवं मिस्टर जीडी जीएस का खिताब आर्यन राय ने प्राप्त किया। सीनियर्स के मनोरंजन लिए रैम्प वाक की भी व्यवस्था भी की गई थी जिसमें सीनियर्स वर्ग के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्मृति चिह्न प्राप्त किया। कक्षा ग्यारह की छात्रा जान्हवी सिंह ने सीनियर्स के साथ के खट्टे-मीठे अनुभवों को अपनी कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसके बोल थे-कुछ कहना है तुमसे। समारोह के समापन पर सभी सीनियर्स विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी ने इस संस्था में न केवल शिक्षा प्राप्त की, बल्कि अनुशासन, संस्कार और आत्मनिर्भरता का पाठ भी पढ़ा है।बच्चों को अपने कैरियर का चुनाव बिना किसी दबाव के स्वयं की इच्छा शक्ति से करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत, समर्पण और संघर्ष की यह यात्रा यहीं समाप्त नहीं होती, बल्कि यह आपके उज्जवल भविष्य की ओर एक नया द्वार भी खोलती है। प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने अपने आशीर्वचन में कहा कि इस अवस्था में हमें कठिन परिश्रम करते हुए अपने जीवन का ध्येय निर्धारित करना चाहिए।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांक : 650/E-Tender/2024-25 दिनांक : 03.02.2025

**ई-निविदा**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ''मार्ग कार्य'' हेतु श्रेणी 'ए', 'बी', 'सी', एवं 'डी' के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र.सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी. (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | लखनऊ-मोहान मार्ग से टेडवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.50 | 1.35 | निविदा शुल्क = 225 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | पी0एस0एच0एल0 मार्ग से इटौली सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 27.30 | 2.73 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | मुजफ्फरपुर सम्पर्क मार्ग से पलिया प्यारेपुर खेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 28.90 | 2.89 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | काकोरी फतेहगंज मार्ग से बड़ागांव शिवरी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.30 | 0.13 | निविदा शुल्क = 50 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 99 कुल = 649 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | गद्दीखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.000 | 1.30 | निविदा शुल्क = 225 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | हाजी कालोनी सिकरौरी से शिव मन्दिर मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 6.30 | 0.63 | निविदा शुल्क = 225 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | सलेमपुर पतौरा से बादरखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 27.50 | 2.75 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | बस्तिया से बल्दीखेडा वाया रतियामऊ सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 27.20 | 2.72 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 9 | लखनऊ | रहमतनगर गढ़ी से कुतुबपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 15.60 | 1.56 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 10 | लखनऊ | बघौली मार्ग से ममईमऊ सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 17.50 | 1.75 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 11 | लखनऊ | लखनऊ - नगराम मार्ग से बलसिंहखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 23.10 | 2.31 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 12 | लखनऊ | लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग से करीमनगर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 30.00 | 3.00 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 13 | लखनऊ | गोमीखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 22.30 | 2.23 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 14 | लखनऊ | माल दुबग्गा मार्ग से तुलसीखेड़ा उमरावलखेड़ा टाड़खेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 31.00 | 3.10 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 15 | लखनऊ | काकोरी जेहटा मार्ग से लीलाखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 20.50 | 2.05 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 16 | लखनऊ | नवीपनाह सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 22.00 | 2.20 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 17 | लखनऊ | पी0एस0एच0एल0 मार्ग से माधवपुर रूपनगर होते हुये फूलचन्दखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 18.00 | 1.80 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 18 | लखनऊ | दुलविजा से महिमाखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 16.00 | 1.60 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 19 | लखनऊ | खडसरा सम्पर्क मार्ग से मुडियारा के छूटी कड़ी का विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.50 | 1.35 | निविदा शुल्क = 225 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 20 | लखनऊ | मोहनलालगंज मौरावां से बड़ेर नाला (उन्नाव बार्डर) वाया ललूमर का विशेष मरम्मत का कार्य। | 19.00 | 1.90 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 21 | लखनऊ | भदेसुआ मार्ग से धनुवासाण्ड सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 33.20 | 3.32 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 22 | लखनऊ | एन0एच0-56 किमी0 19 से कबीरपुर से सठवारा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 23.00 | 2.30 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 23 | लखनऊ | अहिन्डर से महिमाखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 | निविदा शुल्क = 225 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 131 कुल = 856 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 24 | लखनऊ | माल इटौंजा मार्ग से पिपरी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 4.50 | 0.45 | निविदा शुल्क = 150 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 117 कुल = 767 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 25 | लखनऊ | नीलमथा नगराम मार्ग से ग्राम हबीरपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 28.00 | 2.80 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 26 | लखनऊ | कल्ली पूरब से जगतखेड़ा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 23.00 | 2.30 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 27 | लखनऊ | एल0एस0 मार्ग से साई दाता आश्रम होते हुये बाईपास मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | निविदा शुल्क = 300 स्टे. चार्जेज = 500 जी.एस.टी.= 144 कुल = 944 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2. लो.नि.वि. लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ |

➤ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करों को जोड़ते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोड़कर लगाई गयी हैं।

निविदा ऑनलाईन दिनांक 08/02/2025 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 14/02/2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 14/02/2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते "http//etender.up.nic.in" पर देखी जा सकती हैं।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., लखनऊ
For on behalf of Governor of UP

UPID-228121 Dated-05-02-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

## 2024 में बढ़ते मूल्यों के बीच सोने की मांग नई ऊँचाई पर पहुँची

**लखनऊ।** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल द्वारा तीसरी तिमाही और पूरे साल के लिए 2024 गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स रिपोर्ट जारी कर दी गई है, जिसके मुताबिक सालाना सोने की मांग (ओटीसी सहित) नई ऊँचाई को छूते हुए 4974 टन तक पहुँच गई है। इसका कारण केंद्रीय बैंक द्वारा लगातार मजबूत और सतत खरीद एवं निवेश की मांग में वृद्धि है। सोने के रिकॉर्ड स्तर पर ऊँचे मूल्यों और वॉल्यूम के कारण मांग का कुल मूल्य अब तक के सबसे बुलंद स्तर पर 382 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया।केंद्रीय बैंकों द्वारा 2024 में सोने की खरीद जारी रही, जो लगातार तीसरे साल 1000 टन से अधिक रही। चौथी तिमाही में खरीद बुलंदी को छूते हुए 333 टन तक पहुँच गई और केंद्रीय बैंकों के लिए कुल वार्षिक टोटल 1045 टन हो गया।विश्व में सोने की मांग साल-दर-साल 25 प्रतिशत बढ़कर 1180 टन हो गई। यह 2024 की दूसरी तिमाही में गोल्ड ईटीएफ की मांग में सुधार के साथ चार साल में सबसे अधिक है। विश्व में गोल्ड ईटीएफ का 2024 की चौथी तिमाही में 19 टन का योगदान रहा। इसके साथ ही इस एस्सेट वर्ग में लगातार दो तिमाहियों तक इनफ्लो हुआ। बार और सिक्कों की मांग भी 2024 में 1186 टन के साथ 2023 के लगभग समान रही।सोने के ऊँचे मूल्यों के कारण ज्वेलरी सेक्टर में मांग कम हुई तथा वार्षिक खपत 11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,877 टन रह गई। यह गिरावट मुख्यतः चीन में कमजोर मांग (जो साल-दर-साल 24 प्रतिशत कम रही) के कारण थी। हालाँकि भारत में मांग मजबूत बनी रही, जिसमें रिकॉर्ड स्तर पर ऊँचे मूल्यों के बाद भी केवल 2 प्रतिशत की गिरावट हुई।सोने की कुल सप्लाई साल-दर-साल 1 प्रतिशत बढ़ी और 4,794 टन की रिकॉर्ड बुलंदी पर पहुँच गई। खनन उत्पादन और रिसाईक्लिंग में वृद्धि से सोने की कुल सप्लाई बढ़ाने में मदद मिली।लुई स्ट्रीट, सीनियर मार्केट्स एनालिस्ट, वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने कहा, ''सोना 2024 में एक बार फिर सुर्खियों में है। पिछले साल इसके मूल्य रिकॉर्ड ऊँचाई तक पहुँच गए थे। इसके बाद भी मांग में बुलंदी जारी रही क्योंकि केंद्रीय बैंकों ने पहली तिमाही में मजबूत मांग दर्ज की। साल के मध्य में मांग कुछ नरम हुई, लेकिन चौथी तिमाही में वह एक बार फिर से बढ़ गई। इसी तरह, साल की दूसरी तिमाही में पश्चिमी निवेशकों की रुचि बढ़ी, जिसके साथ एशियन फ्लो में जबरदस्त वृद्धि हुई, जिससे विश्व में गोल्ड ईटीएफ फ्लो तीसरी और चौथी तिमाही में मजबूत स्थिति में आ गया। इसमें कई केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में कटौती और विश्व में बढ़ती अनिश्चितता से मदद मिली, जिसमें अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव और मध्य पूर्व में बढ़ता तनाव शामिल था।''

## जौमैटो अपना नाम बदलकर इटरनल करेगी, कंपनी के बोर्ड ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** खाद्य व किराना डिलीवरी कंपनी जोमैटो के निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने इसकी जानकारी दी है।


खाद्य व किराना डिलीवरी कंपनी जोमैटो के निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने कंपनी के शेयरधारकों को लिखे पत्र में लिखा, हमारे बोर्ड ने आज इस बदलाव को मंजूरी दे दी है और मैं अपने शेयरधारकों से भी इस बदलाव का समर्थन करने का अनुरोध करता हूं। अगर और जब हमें नियामकीय मंजूरी मिल जाती है, तो हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट zomato.com से eternal.com में बदल जाएगी।

उन्होंने कहा, हम अपने स्टॉक टिकर को भी ज़ोमैटो से बदलकर इटरनल कर देंगे। इटरनल में चार प्रमुख व्यवसाय शामिल होंगे, जिनके नाम हैं जोमैटो, ब्लिंकिट, डिस्ट्रिक्ट और हाइपरप्योर।

## बंगाल को बिजनेस समिट में 4.40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, बोलीं ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को बताया कि पश्चिम बंगाल को इस साल दो दिवसीय व्यापार सम्मेलन के दौरान 4.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के निवेश प्रस्ताव प्राप्त मिले। उन्होंने कहा कि राज्य निवेशकों के लिए ''प्रमुख गंतव्य'' बना हुआ है। शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए बनर्जी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में कुल 212 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए, जो राज्य के मजबूत निवेश माहौल का प्रतीक है।

उन्होंने शिखर सम्मेलन के बारे में कहा, हमें इस आयोजन के दौरान 4,40,595 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे पश्चिम बंगाल में हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे।÷ बनर्जी ने 2011 से अब तक 1.72 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए अपनी सरकार के विकास प्रयासों को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ÷बुनियादी ढांचे, उद्योग और सामाजिक कल्याण पर हमारे फोकस से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।÷ 2023 में आयोजित बीजीबीएस के पिछले



संस्करण में 3.76 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की स्थिर वृद्धि को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने पिछले शिखर सम्मेलनों की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले सात बीजीबीएस संस्करणों में 19 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिसमें से 13 लाख करोड़ रुपये का काम पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा, ÷यह महत्वपूर्ण प्रगति निवेश के वादों को पूरा करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता और एक व्यवसाय केंद्र के रूप में इसके बढ़ते आकर्षण को रेखांकित करती है।÷ इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण रिलायंस इंडस्ट्रीज की निवेश प्रतिबद्धता थी, जिसके अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने दशक के अंत तक राज्य में 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने का वचन दिया।

अंबानी ने बुधवार को कार्यक्रम में कहा, ÷एक दशक से भी कम समय में बंगाल में हमारा निवेश 20 गुना बढ़ गया है और हमने 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। हम इस दशक के अंत तक इस निवेश को दोगुना कर देंगे, जिससे एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।÷ जेएसडब्ल्यू समूह अध्यक्ष सज्जन जिंदल ने भी सालबोनी में 1,600 मेगावाट की बिजली परियोजना विकसित करने के लिए 16,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। भविष्य में इसकी क्षमता दोगुनी करने की योजना है।

## इस पोकेमॉन गो कम्यूनिटी डे पर कवरीटल और शेल्मेट को पकड़ें

**लखनऊ।** पोकेमॉन गो फरवरी 2025 कम्युनिटी डे, रविवार, 9 फरवरी, 2025 को डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में आयोजित किया जाएगा! इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनर के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें क्लैम्पिंग पोकेमॉन, कवरीटल और, स्नेल पोकेमॉन, शेलमेट को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा।यह एक दिवसीय सामुदायिक दिवस मीटअप दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक 33 शहरों में आयोजित किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं, दिल्ली के रोहिणी में स्थित जापानी पार्क, टैगोर गार्डन में स्थित पेसिफिक मॉल, लोधी गार्डन, महाराजा अग्रसेन पार्क और आस्था कुंज पार्क, अगरतला का चिल्ड्रन पार्क, अहमदाबाद का साबरमती आश्रम, बेंगलुरु के कब्बन पार्क में स्थित स्टैच्यू ऑफ एडवर्ड VII, जॉगर्स पार्क, हनुमान पार्क, स्पाइस गार्डन, श्रीमती लक्ष्मी देवी उदयनवाना और केम्प फोर्ट मॉल, भुवनेश्वर का खारवेला पार्क, बर्दवान का मालिर मठ, चंडीगढ़ के सेक्टर 16 बी में स्थित रोज़ गार्डन, चेन्नई का टावर पार्क, वीआईटी में स्थित क्लॉक कोर्ट, एसआरएम टेक पार्क, चिनसुराह का रूपनगर पार्क, कोयंबटूर का वीओसी पार्क, देहरादून का गांधी पार्क, फरीदाबाद के सेक्टर-12 में स्थित टाउन पार्क, गाजियाबाद का स्वर्ण




जयंती पार्क, गुरुग्राम का लेजर वैली पार्क, गुवाहाटी का लतासिल प्लेग्राउंड, हैदराबाद का इंदिरापार्क, लैंडस्केप गार्डन, शिल्परामम आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज,, इंदौर का लाल बाग गार्डन, जयपुर का जवाहर सर्कल, कानपुर का कारगिल पार्क, कोच्चि का सुभाष पार्क, कोलकाता का लायेलका मठ, रवीन्द्र सरोवर झील में स्थित लायंस सफारी पार्क , सरसुना कॉलेज पार्क, लुधियाना का सराभा नगर मुख्य बाजार, मंगलुरु का कादरी पार्क, मुंबई का शिवाजी पार्क, नवी मुंबई का वाशी में स्थित इनऑर्बिट मॉल,, और ऐरोली में स्थित राजीव गांधी गार्डन, मैसूर का संजीविनी पार्क, पटना का साइंस सेंटर, पुणे का सारसबाग, और विमान नगर में स्थित फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल, शांतिपुर का शांतिपुर पब्लिक लाइब्रेरी खेल का मैदान, वडोदरा का कामती बाग पार्क, वाराणसी का शहीद उद्यान पार्क, वेल्लोर का वीआईटी वेल्लोर कैंपस में स्थित टेक्नोलॉजी टॉवर, और विशाखापत्तनम का डॉ. वाई.एस राजशेखर रेड्डी सेंट्रल पाक कम्युनिटी डे को एक नयी सीमित समय वाली रिसर्च के साथ जारी रखें जो इवेंट के बाद एक सप्ताह तक चलेगा!फ़रवरी कम्युनिटी डे के दौरान लॉग इन करने वाले ट्रेनर्स को सीमित समय वाली रिसर्च मिलेगा, जिसमें कवरीटल और शेलमेट के साथ एक-एक मुलाकात होगी, जिनकी दुहरी तकदीर वाली स्पेशल बैकग्राउंड होगी।

## राजधानी फूड्स ने भारतीय पाक परंपराओं का जश्न मनाने के लिए करण जौहर और अनन्या पांडे को जोड़ा

**लखनऊ।** जब बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस जोड़ी रसोई में कदम रखती है, तो क्या होता है? जादू, बिल्कुल! राजधानी फूड्स ने एक नई ऊर्जा पैदा की है, करण जौहर, जो कहानी कहने के बादशाह हैं, और अनन्या पांडे, जेन ज़ी की सेंसेशन, को अपने प्रतिष्ठित राजधानी बेसन को प्रमोट करने के लिए साथ लाकर। फैशन और लाइफस्टाइल में अपनी चमकदार पहचान के लिए पहचाने जाने वाले ये सितारे, इस बार एक आम भारतीय रसोई की कहानी को ताजगी भरे अंदाज़ में पेश कर रहे हैं। राजधानी बेसन के मैनेजिंग डायरेक्टर चेतन जैन ने इस कैंपेन पर बात करते हुए कहा-

÷दशकों से, राजधानी बेसन कई पारिवारिक पलों का गुप्त तत्व रहा है चाहे वह बारिश की शाम को कुरकुरे पकोड़े हों या त्योहारों के दौरान बेसन लड्डू। करण जौहर और अनन्या पांडे



के साथ यह साझेदारी हमें इन पलों को आधुनिक दर्शकों के लिए नए सिरे से पेश करने में मदद करती है, जबकि हमारी शाश्वत विरासत का जश्न मनाती है।

एक व्यस्त फिल्म सेट पर शूट किया गया यह विज्ञापन करण जौहर को अनन्या पांडे को एक सीन डायरेक्ट करते हुए दिखाता है। सीन खत्म होते ही जौहर ब्रेक की घोषणा करते हैं, लेकिन एक खास डिमांड के साथ÷ पकोड़े! इस पर अनन्या, अपनी चिर-परिचित मजाकिया और रिलेटेबल शैली में पूछती हैं कि बारिश कहां है–जो कि पकोड़ों का असली मज़ा बढ़ाने के लिए जरूरी है। और फिर, सच्चे बॉलीवुड अंदाज में, जौहर सेट पर कृत्रिम बारिश कराते हैं। दोनों सितारे राजधानी बेसन से बने स्वादिष्ट पकोड़ों का आनंद लेते हैं। यह विज्ञापन नॉस्टेल्जिया, ह्यूमर और स्टार पावर का दिलचस्प मेल है, जो हर पीढ़ी के दर्शकों से जुड़ता है।

1966 से, राजधानी फूड्स गुणवत्ता, विश्वास और परंपरा का प्रतीक रहा है।

एक साधारण बेसन पीसने के व्यवसाय के रूप में शुरू हुआ राजधानी फूड्स, आज एक प्रसिद्ध घरेलू ब्रांड बन चुका है। इसमें बेसन से लेकर सत्तू, मखाना, साबूदाना, मूंगफली और फाइबर-युक्त नाश्ते के उत्पादों तक का एक व्यापक संग्रह शामिल है।

यह सहयोग सिर्फ एक उत्पाद को प्रमोट करने के लिए नहीं है, बल्कि भारत की भावना का जश्न मनाने के लिए है।

बारिश में भीगी गलियों में पकोड़ों का आनंद लेने से लेकर त्योहारों की तैयारी में हंसते-खेलते रसोई तक, राजधानी बेसन हर जगह का हिस्सा है। करण और अनन्या के साथ यह अभियान इन पलों को जोश, ऊर्जा और बॉलीवुड ड्रामा के साथ कैद करता है।

यह विज्ञापन हमें याद दिलाता है कि कुछ चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं–जैसे दोस्तों और परिवार के साथ गरमागरम पकोड़ों का आनंद लेना। बॉलीवुड की चमक के साथ, राजधानी फूड्स इस अनुभव को और भी खास बना रहा है।

## सोने में तेजी जारी; 270 रुपये चढ़कर 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** रुपये के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर पहुंचने और शेयर बाजारों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोना 270 रुपये की तेजी के साथ 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 270 रुपये की तेजी के साथ 85,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को सोना 85,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दिल्ली विधानसभा चुनाव के कारण बुधवार को सर्राफा बाजार बंद थे। व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की सतत खरीदारी, कमजोर रुपया और शेयर बाजार में गिरावट ने पीली धातु की तेजी को बढ़ावा दिया। इस साल सुरक्षित निवेश की मांग और मजबूत वैश्विक रुझानों के कारण पीली धातु 6,680 रुपये प्रति 10 ग्राम या 8.41 प्रतिशत चढ़ चुकी है। हालांकि, चांदी की कीमत 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे गिरकर 87.57 (अनंतिम) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार को अपनी मौद्रिक नीति बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ने से रुपये पर दबाव बढ़ा। कमजोर रुपये की वजह से डॉलर की कीमत वाले सोने का आयात महंगा हो जाता है। हालांकि, वायदा कारोबार में कीमती धातु की कीमतों में गिरावट आई। एमसीएक्स पर सोने का अप्रैल माह का अनुबंध 41 रुपए गिरकर 84,526 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो बुधवार के रिकॉर्ड स्तर से नीचे है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट - कमोडिटी एवं करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा, बाजार सहभागियों का ध्यान आगामी आरबीआई मौद्रिक नीति तथा शुक्रवार को जारी होने वाले अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी आंकड़ों पर केंद्रित है।

## ओला इलेक्ट्रिक ने ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स सीरीज़ के साथ मोटरसाईकल सेगमेंट में हलचल मचाई

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज अपनी रोडस्टर एक्स सीरीज़ के साथ इलेक्ट्रिक



मोटरसाईकल सेगमेंट में प्रवेश किया। ये मोटरसाईकल बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ राईडिंग का रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं। कंपनी के स्केलेबल मोटरसाईकल प्लेटफॉर्म पर बनाई गई रोडस्टर एक्स सीरीज़ में रोडस्टर एक्स को 74,999 रुपये, 4.5kWh रोडस्टर एक्स+ को 1,04,999 रुपये और 9.1kWh रोडस्टर एक्स+ (4680 भारत सेल के साथ) को 1,54,999 रुपये में बाजार में उतारा गया है। ये हर चार्ज में 501 किलोमीटर की बेहतरीन रेंज प्रदान करती हैं।

ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स 2.5kWh, 3.5kWh और 4.5 kWh वैरिएंट्स में क्रमशः 74,999 रुपये, 84,999 रुपये और 94,999 रुपये में पेश किया गया है। रोडस्टर सीरीज़ में 3 साल/50,000 किलोमीटर की स्टैंडर्ड वॉरंटी मिलती है। रोडस्टर सीरीज़ की डिलीवरी मार्च के मध्य से शुरू होगी।

ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा, ''भारत में मोबिलिटी के लिए मोटरसाईकल सबसे अहम भूमिका रखती हैं। हमारी इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल भारत में मोबिलिटी को इलेक्ट्रिक बनाने की मुहिम को और ज्यादा तेज करेंगी। स्कूटर बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ाने के बाद हम अपनी रोडस्टर सीरीज़ की मोटरसाईकल लेकर आए हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की मुहिम को और ज्यादा तेजी से आगे बढ़ाएंगी और इलेक्ट्रिक वाहन को भारत में हर राईडर की पसंद बना देंगी। रोडस्टर सीरीज़ शहरों और गाँवों, दोनों जगह मोबिलिटी में परिवर्तन ला देंगी, जो हमारे #EndICEAge के उद्देश्य के अनुरूप है। ये मोटरसाईकल बेहतरीन रेंज, परफॉर्मेंस, विश्वसनीयता, एफिशियंसी, और टेक्नोलॉजी प्रदान करती हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का इससे उपयुक्त समय कोई और नहीं हो सकता है।''

## 'गाँठ पे ध्यान' कुकबुक से महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर जांच के लिए प्रोत्साहन

**मुंबई।** भारत में हर चार मिनट में एक महिला को ब्रेस्ट कैंसर का पता चलता है। यह एक गंभीर समस्या है, लेकिन यदि समय पर जांच हो जाए, तो इसका इलाज संभवहै। हालांकि, एक सर्वे के अनुसार, भारत की 75% महिलाएं जांच करवाने से बचती हैं या इस पर ध्यान नहीं देतीं, जबकि 60% महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर के बारे में अपने परिवार या दोस्तों से चर्चा करने में झिझक महसूस करती हैं। इसी सोच को बदलने और महिलाओं को जागरूक करने के लिए टाटा ट्रस्ट्स ने गाँठ पे ध्यान अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत महिलाओं को यह समझाने की कोशिश की गई है कि जैसे वे खाना बनाते समय उसमें गाँठ नहीं बनने देतीं, वैसे ही अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। यह एक सरल लेकिन प्रभावी संदेश है, जो उन्हें आत्मनिरीक्षण और जागरूकता की ओर ले जाता है।

इस अभियान का एक अनोखा अंत गाँठ पे ध्यान कुकबुक के लॉन्च के साथ हुआ। यह केवल एक सामान्य रेसिपी बुक नहीं है, बल्कि इसके पीछे 'हर रेसिपी के साथ बदलाव लाने' का उद्देश्य छिपा है। यह कुकबुक ऑनलाइन उपलब्ध है और इसे मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें ऐसी खास रेसिपी शामिल की गई हैं, जिनमें स्वाभाविक रूप से गाँठ बनती है। इस पहल में भारत के कुछ प्रसिद्ध शेफ भी शामिल हुए, जो इस अभियान के एम्बेसडर बने। इनमें मास्टर शेफ शिप्रा खन्ना और संतासरमाह के साथ-साथ शेफ अनन्या बनर्जी, शैलजा ऐचुरी, प्रिया गुप्ता, वराप्रसाद कार्थियनी और लाइबा अशरफ जैसे नाम शामिल हैं। इस पहल के जरिए टाटा ट्रस्ट्स ने एक गंभीर विषय को सहज और व्यावहारिक तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे महिलाएं बिना किसी हिचकिचाहट के अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दे सकें। टाटा ट्रस्ट्स की शिल्पी घोष द्वारा संचालित एक पॉडकास्ट में इस कुकबुक की समीक्षा जानी-मानी न्यूट्रिशनिस्ट ऋजुता दिवेकर और अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राजेंद्र बाडवे ने की।

## एक्सपीरियो कार्निवल: लखनऊ में लेकर आ रहा है मस्ती और उत्सव का तड़का

**लखनऊ।** एक्सपीरियन डेवलपर्स लखनऊवासियों को एक तीन दिवसीय शानदार आयोजन के लिए आमंत्रित करने के लिए उत्साहित है। फैशन, फूड, म्यूजिक और फैमिली फन से भरपूर यह कार्निवल एक्सपीरियो @ एक्सपीरियन कैपिटल में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 14 से 16 फरवरी 2025 तक विभूति खंड, गोमती नगर को एक उत्सव स्थल में बदल देगा। यह इवेंट सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं का मिश्रण पेश करेगा, जो सभी उम्र के लोगों के लिए एक समावेशी उत्सव का माहौल बनाएगा।

प्रतिभागी यहाँ थ्रेड्स बाय आयुषी, एक्लिप्स, आराइश, टेम्प्टिंग ट्वर्ल्स, सुगंध, गबरूनारी, जौहरी और वाफलरी जैसे लोकप्रिय स्टॉल्स से फैशन और लाइफस्टाइल की पेशकश का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही ग्लोबल स्ट्रीट-फूड के स्वादिष्ट विकल्प भी उपलब्ध होंगे। बच्चों के लिए विशेष प्ले ज़ोन में गेम्स,




एक्टिविटीज़ और इंटरैक्टिव वर्कशॉप्स के ज़रिए उन्हें व्यस्त और मनोरंजक गतिविधियों में शामिल किया जाएगा।

एक्सपीरियो @ एक्सपीरियन कैपिटल, जो कि एक्सपीरियन डेवलपर्स का प्रमुख प्रोजेक्ट है, इस विश्वास का प्रतीक है कि जब समुदाय एक साझा जुनून के इर्द-गिर्द एकजुट होते हैं, तो शहर तरक्की करते हैं। खाना, कला और संस्कृति के ज़रिए जुड़ाव को बढ़ावा देने से लेकर ऐसे स्थान बनाने तक जहाँ रचनात्मकता को पंख मिलते हैं, यह कार्निवल कंपनी के उस विज़न को दर्शाता है जिसमें बुनियादी ढांचे से अधिक लोगों को प्राथमिकता दी जाती है। यह इस बात की याद दिलाता है कि किसी भी शहर का दिल उसकी विविधताओं को एक साथ लाने की क्षमता में निहित होता है।

यह कार्निवल हर दिन शाम 3:00 बजे से रात 10:00 बजे तक एक्सपीरियो @ एक्सपीरियन कैपिटल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

## 'इंडियन आइडल' में विशाल ददलानी ने की अनुराग सैकिया की तारीफ



**लखनऊ।** 'इंडियन आइडल' पिछले दो दशकों से संगीत प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देता आ रहा है। इस शो के आगामी एपिसोड में मशहूर संगीतकार अनुराग सैकिया की धुनों का जादू बिखरेगा, जिन्होंने अपनी खास संगीत शैली से श्रोताओं के दिलों में एक अलग पहचान बनाई है। इस विशेष एपिसोड में राजश्री प्रोडक्शंस की हिट फिल्मों के गानों पर प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक सूरज आर. बड़जात्या ने भी अपनी उपस्थिति से शो की शोभा बढ़ाई। वे जल्द ही सोनी लिव पर 'बड़ा नाम करेंगे' के जरिए ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनके साथ इस खास मौके पर अभिनेत्री आयशा कादुस्कर, अभिनेता ऋतिक घनशानी, निर्देशक पलाश वासवानी और संगीतकार अनुराग सैकिया भी नजर आएंगे। इंडियन आइडल के जज और लोकप्रिय संगीतकार विशाल ददलानी, अनुराग सैकिया के संगीत की तारीफ किए बिना नहीं रह सके। अनुराग सैकिया ने भावनाओं से भरे अपने संगीत से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। 'गुल्लक' में उनकी मधुर धुनें दर्शकों को खूब पसंद आईं और तुरंत लोकप्रिय हो गईं। इसके बाद 'पिपानी', 'राजा जी' और 'इश्क है' जैसे गानों ने उन्हें और भी मशहूर कर दिया। अब 'बड़ा नाम करेंगे' के जरिए वे एक बार फिर अपने संगीत का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'बड़ा नाम करेंगे' के टाइटल ट्रैक की खूबसूरती ने विशाल ददलानी को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने अनुराग सैकिया की जमकर तारीफ की। विशाल ने कहा कि अनुराग का संगीत लोगों के दिलों में हमेशा बसा रहेगा और वे आज के दौर के सबसे अनोखे और प्रभावशाली संगीतकारों में से एक हैं। उन्होंने इस शानदार गीत के लिए अनुराग का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जताई कि वे इस खास मौके पर मौजूद हैं।

## भारतीय परिवारों की दैनिक प्रोटीन की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मुट्ठी भर कैलिफ़ोर्निया बादाम का सेवन करें

**आगरा।** प्रोटीन मानव शरीर के लिए अत्यधिक आवश्यक होता है क्योंकि यह ऊतकों के निर्माण और मरम्मत में मदद करता है, मांसपेशियों की वृद्धि को समर्थन देता है, और संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके कुल स्वास्थ्य में योगदान के बावजूद, यह महत्वपूर्ण मैक्रोन्यूट्रिएंट भारतीय आहार में अक्सर अनदेखा किया जाता है, जिसके कारण 70 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या प्रोटीन की कमी का सामना कर रही है। उपभोक्ताओं को उनके दैनिक आहार में पर्याप्त प्रोटीन को शामिल करने के महत्व और इसके प्राकृतिक स्रोतों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से, कैलिफोर्निया आलमंड बोर्ड ने आगरा के फेयरफील्ड बाय मैरियट में ÷कैलिफोर्निया आलमंड्स के एक मुट्ठी के साथ भारतीय परिवारों की दैनिक प्रोटीन आवश्यकता का




समर्थन÷ नामक पैनल सत्र आयोजित किया।

पैनल चर्चा में मुख्य रूप से कैलिफोर्निया बादाम की भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जो 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और सूखे मेवों में प्रमुख माने जाते हैं। यह एक पौष्टिक और सुविधाजनक प्रोटीन स्रोत के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इस कार्यक्रम में भारत के पहले मास्टरशेफ विजेता पंकज भदौरिया, लोकप्रिय फिल्म और टीवी अभिनेत्री अदिति शर्मा और रीजनल हेड - डाइटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर - नई दिल्ली -रितिका समाद्दार ने अपने विचार साझा किए।

सत्र की शुरुआत आरजे समरीन ने की, जिन्होंने प्रोटीन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता की कमी को उजागर किया और यह बताया कि अधिकतर लोग इस बारे में सही जानकारी नहीं रखते हैं। चर्चा के दौरान, रितिका समद्दार ने दैनिक आहार में प्रोटीन की आवश्यकता पर जोर दिया और इसके मांसपेशियों की वृद्धि, प्रतिरक्षा प्रणाली की मजबूती, और कोशिकाओं के सही तरीके से कार्य करने में योगदान को स्पष्ट किया। उन्होंने इस गलत धारणा को दूर किया कि प्रोटीन केवल पशु उत्पादों से मिलता है, और बादाम को एक बेहतरीन, पौधों से प्राप्त प्रोटीन विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया, जो हर दिन के पोषण के लिए उपयुक्त है। कैलिफोर्निया बादाम, जो दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय माने जाते हैं, प्राकृतिक प्रोटीन से भरपूर होते हैं। ये वर्कआउट के बाद मांसपेशियों की रिकवरी में मदद करते हैं, और इसके संतुष्टता गुणों के कारण, यह लंबे समय तक भूख को दबाए रखते हैं, जिससे व्यक्ति का पेट ज्यादा समय तक भरा हुआ महसूस होता है।

रितिका ने हाल ही में जारी ICMR-NIN (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और राष्ट्रीय पोषण संस्थान) की दिशा-निर्देशों का जिक्र किया, जिसमें अत्यधिक प्रोटीन सप्लीमेंट्स के उपयोग से चेतावनी दी गई है।

## एमजी सेवा का शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान




**नई दिल्ली।** भारत के ऑटो उद्योग का एक प्रमुख नाम जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी प्रमुख पहल, एमजी सेवा के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाने का काम कर रह है कंपनी की पहली कार के बाजार में आने से पहले पेश की गई एमजी सेवा सामाजिक कल्याण का एक प्रतीक है जो पारंपरिक सीमाओं से परे है मूलरूप से, एमजी सेवा बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ शिक्षा और स्वच्छता तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित है। अकेले 2024 में, इस पहल ने 1.2 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिनमें 70,000 से ज्यादा महिलाएं हैं। एडवांस्ड लर्निंग के अवसरों तक पहुंच को सक्षम बनाकर, प्रारंभिक साक्षरता को बढ़ावा देकर और माताओं की शिक्षा का समर्थन करके, एमजी सेवा आकांक्षाओं का पोषण करती है और युवा महिलाओं और उनके परिवारों की क्षमता को उजागर करती है। कार्यक्रम का समग्र विकास दृष्टिकोण शिक्षा से परे, व्यक्तिगत विकास, सामुदायिक स्वास्थ्य और समावेशिता के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान देता है। केंद्रित हस्तक्षेप अद्वितीय जरूरतों वाले बच्चों के लिए समावेशी अवसर पैदा करते हैं, उन्हं अपनी शैक्षिक यात्राओं और उससे आगे बढ़ने और सफल होने के लिए सशक्त बनाते हैं। पहल पर टिप्पणी करते हुए, राजीव छाबा, सीईओ एमेरिट्स ने कहा जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया में समाज एक प्रमुख ब्रांड स्तंभ है।

# एक ही नाली पर जिला पंचायत ने निकाल दिया दोबारा टेंडर

**जिला पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की शिकायत**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला पंचायत द्वारा रोहुआ पुल निर्माण में किए गए धन की बंदरबांट अभी जनपदवासियों के जेहन से ओझल भी नही हुआ कि जिला पंचायत की एक और नई कारस्तानी सामने आ गई है। इसका खुलासा जिला पंचायत के एक सदस्य ने किया है। मामला यह है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जिला पंचायत ने उस कार्य का दोबारा टेंडर निकाल दिया है जो जिला पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। सदस्य ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दोषी और जिम्मेदार लोगो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र मे पडरौना उत्तरी वार्ड संख्या 57 के जिला पंचायत सदस्य मीरा यादव ने कहा है कि ग्राम पंचायत रतनवा में बेचू राजभर के घर से भरत राजभर के घर तक 16 लाख 45 हजार 700 रुपए की लागत से भूमिगत नाली निर्माण कार्य कराने के लिए जिला पंचायत द्वारा दिनांक 26 दिसंबर - 2024 को टेंडर प्रकाशित किया गया है, जिसमें यह कार्य क्रम संख्या 92/189 पर अंकित है। मजे की बात यह है कि यह कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है। शिकायतकर्ता का दावा है कि जिला पंचायत अपने आदतन सरकारी धन का लूट खसोट व फर्जी भुगतान के लिए यह टेंडर निकाला है। शिकायतकर्ता ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर नियम विरुद्ध तरीके से निविदा निकाल कर करोड़ों रुपए धन का बंदरबांट किए जाने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में शिकायतकर्ता जिला पंचायत सदस्य मीरा यादव ने कहा है कि इसके पूर्व भी जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा पिछले वित्तीय वर्षों में नियम विरुद्ध तरीके से ओपेन जीम, हाई मास्क लाईट, सोलर वाटर पम्प, आदि निविदा प्रकाशित करके करोड़ों रूपये सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा चुका है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से पूर्व मे कराए गए भूमिगत नाली निर्माण कार्य का निविदा प्रकाशित कर लूट खसोट करने वाले अध्यक्ष एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं इसके पहले कराए गए ओपेन जीम, हाई मास्क लाईट, सोलर वाटर पम्प आदि कार्यों के निविदा प्रक्रिया की जांच कराते हुए तकनीकी एवं भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है।

# कोर्ट में हाजिर न होने पर दरोगा व दो सिपाहियों पर केस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कोर्ट के आदेश के बावजूद एक दरोगा और दो सिपाही हाजिर नहीं हुए। कोर्ट के आदेश पर कसया थाने में तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसके बावजूद हाजिर नहीं होने पर इनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। अधिवक्ता से अभद्रता के मामले में कोर्ट में परिवाद दाखिल है।

कसया थाना क्षेत्र के अंध्या टोला हतवा निवासी अधिवक्ता इमाम हसन के गांव के एक युवक को वर्ष 2009 में कसया थाने पर तैनात दरोगा विनोद कुमार, सिपाही नागेंद्र सिंह, दीनानाथ कन्नौजिया किसी मामले में घर से उठाकर लाए थे। थाने पर पहुंचे अधिवक्ता इमाम हसन के साथ तीनों ने लोगों ने अभद्रता की और फर्जी मुकदमे जेल भेजने की धमकी दी। अधिवक्ता ने कोर्ट में तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ परिवाद दाखिल किया। इस मामले में वर्ष 2016 में पुलिसकर्मियों ने कोर्ट से जमानत भी करा ली था, लेकिन इस मुकदमे में सुनवाई चल रही थी और गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी तीनों पुलिसकर्मी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे।

अपर सत्र न्यायालय कोर्ट नंबर एक ने 17 सितंबर 2024 को तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। बावजूद इसके कसया पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया और टालमटोल करती रही। दोबारा कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद एसएसआई प्रविंद्र कुमार राय की तहरीर पर कसया पुलिस ने एक दरोगा और दो सिपाहियों पर केस दर्ज किया। इस बाबत थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश का अवहेलना करने के मामले में एक दरोगा और सिपाहियों पर केस दर्ज किया गया है। इसकी विवेचना की जा रही है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 152 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस भव्य आयोजन का शुभारंभ सदर विधायक अदिति सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 152 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड राही 35, दीनशाहगौरा 12, अमावां 23, रोहनिया 10, डलमऊ 28, ऊंचाहार 29, जगतपुर 09 एवं नगर पालिका परिषद रायबरेली 06 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह के दौरान विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, ट्रॉली बैग उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह सामूहिक रूप से कराया जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ से मुक्ति मिलती है यह योजना निर्धन परिवारों के लिए बहुत बड़ी सहायता है इस योजना के संचालन के लिए मैं मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देती हूं तथा नव विवाहित जोड़ो को शुभकामनायें देती हूँ।

# खटारा बसों के सहारे चल रही अमेठी डिपो की गाड़ी

## निर्धारित किमी. पूरा कर चुकी बसों का मार्गों पर हो रहा संचालन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अमेठी डिपो रोडवेज के बड़े अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार है। डिपो में 46 में से 40 बसें पुरानी है। बसें कहां और कब खड़ी हों जांय कोई भरोसा नहीं। बुधवार को एक बस बस स्टेशन पर ही खड़ी हो गई। रोडवेज कर्मी बस को धक्का देते देखे गए। अमेठी डिपो खटारा बसों के सहारे चल रहा है। पुरानी बसों को ठोंक पीटकर चलाया जा रहा है। नयी बसें कुम्भ मेला में शटल सेवा में भेज दी गई है। तीन बसें लम्बी दूरी के मार्गो पर चलाई जा रही है। बुधवार की शाम सुल्तानपुर जा रही एक बस अचानक खराब हो गई।चालक ने यात्रियों और रोडवेज कर्मियों के सहारे धक्का देकर बस को जैसे तैसे स्टार्ट किया। एक रोड वेज कर्मी ने बताया कि लोकल सेवा में चलने वाली सभी बसें पुरानी हैं और निर्धारित किमी पूरा कर चुकी हैं। ये बसें कब धोखा दे दें कोई भरोसा नहीं। अधिकारी इन्हें जबरन चलवा रहे हैं। एआरएम काशी प्रसाद मेला ड्यूटी में है। स्टेशन अधीक्षक सुशीला देवी ने बताया कि कुम्भ शुरू होने के पहले सभी बसों को वर्कशॉप में ठीक कराया गया था। यात्रा पूरी करने के बाद कार्यशाला में सभी बसों की फिटनेस की जांच बराबर कराई जाती है।

### आम जनमानस द्वारा अतिक्रमण हटाने की मांग

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** आलमपुर ग्राम सभा के अंतर्गत सुदन खेड़ा, चमनगंज, सुहाई बाग के मध्य नहर के दोनों और नागरिकों द्वारा अवैध कब्जा आलमपुर ग्राम सभा एवं नगर पंचायत के अंतर्गत सूदन खेड़ा, चमनगंज, सुहाई बाग के मध्य नहर है। जिसके दोनों ओर छोड़े गए रास्तों पर लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जिसको हटवाने के लिए सिंचाई विभाग ने नोटिस दी थी। इसके बावजूद भी आज तक अतिक्रमण नहीं हटा, जिसका परिणाम साफ-साफ दिखाई पड़ रहा है कि भ्रष्टाचार समाज में कितना व्याप्त है और इसी भ्रष्टाचार की वजह से प्रशासन भी आंख बंद किए हुए हैं। अतिक्रमण की वजह से आम जनमानस को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है पुनः एक बार प्रशासन को न्याय एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत का नारा साकार करना चाहिए।

# पीडीए लड़ेगी सामाजिक न्याय की लड़ाई : डॉ. विवेक पटेल

**तरकुलवा के भीसवां गांव में सपा ने लगाया पीडीए जन चौपाल**



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** तरकुलवा विकास खंड क्षेत्र के भीसवां गांव में बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी की तरफ से पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने भाजपा सरकार की विफलताओं को गिनाया। कहा कि भाजपा के जाति और धर्म के नाम पर जनता अब गुमराह नहीं होगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में सरकार को मुंहतोड़ जबाव देगी।

मुख्य अतिथि, सपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर विवेक पटेल ने पार्टी की नीतियों को लोगों के बीच मजबूती से रखा। कहा कि भाजपा सरकार लोगों को जाति और धर्म के नाम पर गुमराह करने में लगी हुई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुले मंच से पीडीए का नारा दिया है। यह नारा भाजपा सरकार की तरह जुमला नहीं है। पीडीए झूठ को बेनकाब करने के लिए है। पार्टी ने निश्चय किया है कि प्रदेश में बड़ा परिवर्तन लाना है। समाज के पिछड़े, दलित, वंचित, शोषित, आदिवासी लोगों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़कर उनके मान - सम्मान और हक को दिलाना है। डाक्टर आंबेडकर और लोहिया के सपने को साकार तभी किया जा सकता है जब जनता एकजुट होगी।

जिला सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ बीरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों को जनता अब समझ चुकी है। इसलिए हर जाति और मजहब के लोग पीडीए से प्रभावित होकर तेजी से जुड़ रहे हैं। संचालन चंदन गौतम ने किया। इस दौरान हरेंद्र सिंह पटेल, राधेश्याम वर्मा, जय प्रकाश सिंह पटेल, गोविंद पटेल, अंगद पटेल, रामानंद पटेल, भरत वर्मा, रमेश निषाद, महाजन सिंह पटेल, रामकयाश पटेल, रविन्द्र सिंह, अबरार ख़ान कुशल यादव, श्रीनाथ, रिंकू पटेल आदि मौजूद रहे।

# भारत सरकार की वॉटरशेड यात्रा वैन को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ




अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जल का मानव जीवन में महत्व एवं भूमि संरक्षण के बारे में लोगों में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता लाने के लिए वाटरशेड यात्रा वैन का भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि विभाग रायबरेली के अगुवाई में स्टेट लेवल नोडल एजेंसी वॉटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों के साथ रमईपुरकला (हसनापुर), ब्लाक सरेनी, जिला रायबरेली में वैन को झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ हीरा लाल ने जीर्णोधार किये जा रहे तालाब का पूजन कर तालाब के किनारे वृक्षारोपण किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को सन्देश दिया कि पेड़ लगाना में बहादुरी नहीं है पेड़ को जीवित रखने में बहादुरी है। वाटरशेड यात्रा में स्कूली बच्चों ने सुबह प्रभातफेरी निकालकर जल, जंगल, जमीन बचाने का सन्देश घर-घर पहुँचाया। इसके साथ ही मोटर साइकिल रैली एवं स्वयं सहायत समूह कि महिलाए व अन्य ग्रामीण महिलओं द्वारा वाटरशेड यात्रा के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए कलश यात्रा निकाली गयी। कृषक विद्या मंदिर विद्यालय में स्कूली बच्चों व ग्रामवासियों द्वारा नाटकीय रूप देते हुए जल संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया गया, उपस्थित सभी लोगों से अपील की गयी कि वह जल के महत्व को समझे और पानी के एक भी बूंद को व्यर्थ न जाने दें। विनय वर्मा सहायक निदेशक, मृदा परीक्षण, कृषि विभाग, रायबरेली द्वारा विकसित सोलर लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप और नीली पीली चिप-चिपी पट्टियों को वितरित किया गया। मृदा और जल संरक्षण पर आधरित निबन्ध प्रतियोगिता में अव्वल आयी छात्राओं को डॉ हीरा लाल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत जनजागरूकता अभियान चला



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में शहर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत सिविल लाइन एवं भटवलिया पेट्रोल पंप पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया कि बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन न दिया जाए । यह कदम सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोगों को हेलमेट पहनने की आदत विकसित करने हेतु उठाया गया है । इस अवसर पर यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने लोगों को हेलमेट के महत्व को समझाया और सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट के न होने से होने वाले घातक परिणामों की जानकारी दी। इस दौरान यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह एवं परिवहन विभाग से पब्लिक ट्रांसपोर्ट अधिकारी श्री अनिल तिवारी* मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को हेलमेट के उपयोग के प्रति प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित करेगा, बल्कि सड़क पर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देगा। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान चलाया गया। सिविल लाइन और भटवलिया पेट्रोल पंप पर विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# पंजाब ले जा रहे स्क्रैप लदे छह ट्रक को प्रशासन ने पकड़ा

## बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की सूचना पर जीएसटी टीम ने की छापेमारी



बरामद स्क्रैप लदे ट्रक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तमकुहीराज थानाक्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग में फोरलेन से सटे स्थित एक पेट्रोल पंप के पास एसडीएम तमकुहीराज द्वारा पकड़े गए स्क्रैप लदे पांच ट्रकों के मामले में गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर की राज्य कर की टीमें एक्शन में आ गई हैं। माना जा रहा है स्क्रैप कारोबारियों द्वारा पांच ट्रकों पर स्क्रैप यानी आयरन मैटेरियल लाद कर पंजाब भेजा जा रहा था।


राज्य कर के तीनों जिलों के अधिकारियों ने इन बिंदुओं की जांच शुरू कर दी है कि ट्रकों के जरिए स्क्रैप दूसरे जिलों की सीमा में भेजे जाने से कितने प्रतिशत राज्य कर की चोरी की गई है। अफसरों की इस कार्रवाई से राजस्व कर चोरी में लिप्त कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि एसडीएम तमकुहीराज ऋषभ पुंडीर द्वारा 2 फरवरी को 4 ट्रक व 4 फरवरी को स्क्रैप लदे एक ट्रक को पकड़ा गया। एसडीएम तमकुहीराज ने डीएम कुशीनगर विशाल भारद्वाज को स्क्रैप लदे ट्रकों को पकड़े जाने की कार्रवाई से अवगत कराया। ट्रकों की जांच करने आए राज्य कर से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से स्क्रैप कारोबार से जुड़े एक सिंडीकेट द्वारा प्रतिदिन लाखो रुपए के टैक्स चोरी किया जा रहा है। डीएम कुशीनगर की सूचना के आधार पर संयुक्त टीम बनाकर स्क्रैप के अवैध कारोबारियों के खिलाफ प्रभावी कारवाई करने की योजना के साथ टीम कार्य कर रही है। जिसके बाद जिलाधिकारी कुशीनगर के निर्देश पर जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह को चिन्हित कर उनके खिलाफ लगातार प्रभावी कारवाई की जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष तमकुहीराज अमित शर्मा ने बताया कि राजस्व चोरी कर अवैध ढंग से स्क्रैप लाद कर पंजाब प्रांत को जा रहे पांच ट्रक को राज्य कर की टीम ने कब्जे में लिया है। विधिक कारवाई की जा रही है।

### गोलीकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को पीड़ित ने एसपी को दिया पत्र



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पिछले दो सप्ताह मुराई का पुरवा में हुए गोलीकांड में दूसरे नामजद आरोपी की गिरफ्तारी की मांग लेकर पीड़ित चंद्रशेखर पासी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर दूसरे आरोपी के गिरफ्तारी की मांग की है। अमेठी थाना क्षेत्र मुराई का पुरवा निवासी घायल युवक चंद्रशेखर का इलाज अभी एम्स में चल रहा था। गुरुवार को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। बीते दिनों 23 जनवरी को मुराई का पुरवा गांव के पास गांव के ही नितिन उर्फ दन्ना पासी ने अपने साथी रविन्द्र के साथ चन्द्रशेखर पर फायरिंग कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने नितिन उर्फ दन्ना को अमेठी कोतवाली व स्वात टीम ने ककवा गांव नहर पुलिया के पास एनकाउंटर कर गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजा है। नामजद दूसरे आरोपी रवींद्र पासी को पुलिस अभी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पीड़ित चंद्र शेखर ने बताया कि 23 जनवरी को उसे गोली मारकर जान से मारने की कोशिश की थी। मामले में पुलिस एक युवक को जेल भेजा है। जबकि दूसरा युवक रवीन्द्र पासी अभी फरार है। पुलिस अभी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। गिरफ्तारी के लिए उसने एसपी से न्याय की गुहार की है। उसे जान माल का खतरा बना हुआ है।

### उपकृषि निदेशक ने सुंदरपुर में किया क्राप सर्वे का निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रबी फसलों का डिजिटल क्राप सर्वे शुरू है। गुरुवार तक सर्वे की प्रगति अठारह फीसदी से अधिक है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने एटीएम हरिश्चंद्र के साथ अमेठी विकास खंड के सुंदरपुर गांव में क्राप सर्वे का स्थलीय निरीक्षण किया। रबी फसलों की बुवाई 719230 भूखंडों पर हुई है। गुरुवार तक 131532गाटों का सर्वे हो चुका है। निरीक्षण के दौरान उपकृषि निदेशक ने सर्वे का काम निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

# विशेष मरम्मत के लिए 43 करोड़ रुपये लागत की एक दर्जन सड़कों के टेंडर हुए, अगले महीने शुरू होगा काम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने अधीनस्थ अभियंताओं के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने पुराने निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के साथ नये कार्यों पर बातचीत की। निर्माण खंड में 31 जनवरी को ग्रामीण अंचल की एक दर्जन सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। विशेष मरम्मत के कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। चालू वित्तीय वर्ष में ही सभी सड़कों पर विशेष मरम्मत के कार्य शुरू करा दिए जायेंगे।

**स्वीकृत सड़कें एक नजर**

| सड़क का नाम | लम्बाई | निर्माण लागत |
|---|---|---|
| गडेहरी पूरे लाल शाह मार्ग | 0.550 किमी. | 12.58 लाख |
| चकदहियामऊ सम्पर्क मार्ग | 1 किमी. | 27.22 लाख |
| लौली से हथरौना सम्पर्क मार्ग | 2.80 किमी. | 39.95 लाख |
| ग्राम निसूरा मजरे पूरे तालेबान सम्पर्क मार्ग | 0.600 किमी. | 18.52 लाख |
| चांद गढ़ से नहर गढ़ सम्पर्क मार्ग | 0.800 किमी. | 18.67 लाख |
| दिछौली स्कूल से दूबेपुर मार्ग | 1 किमी. | 39.10 लाख |
| कचनाव से कोनिया सम्पर्क मार्ग | 0.700 किमी. | 24.68 लाख |
| मतरौना सम्पर्क मार्ग | 1 किमी. | 29.97 लाख |
| चिटहुला सम्पर्क मार्ग | 1 किमी. | 24.35 लाख |
| गौतम पुर सम्पर्क मार्ग | 0.800 किमी. | 18.73 लाख |
| इन्हौना रूदौली से मल्लाहन मार्ग | 1.350 किमी. | 31.97 लाख |
| रानीगंज बाजार सुकुल से अब्दुल्ला बाहापुर सम्पर्क मार्ग | 0.800 किमी. | 23. 59 लाख |

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**अमेठी।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना कारण स्पष्ट नहीं है। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका अल्पना की शादी 2010 में पड़ोसी जनपद रायबरेली के नसीराबाद में हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसमें कई बार पुलिस और समाज के लोगों की मौजूदगी में समझौता भी हुआ। बुधवार की रात ससुराल पक्ष ने अल्पना के पिता दिनेश प्रकाश श्रीवास्तव को फोन कर बताया कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है और उसे संजय गांधी अस्पताल ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पिता और भाई अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बताया कि अल्पना की मौत कई घंटे पहले ही हो चुकी थी। इस खबर के बाद पति और ससुर मौके से फरार हो गए। मृतका की दो बेटियां हैं। जिनकी उम्र 13 और 9 साल है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पंचायत उपचुनाव के लिए रिटर्निंग अफसर नामित, 19 को मतदान

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में होने वाले त्रिस्तरीय उपचुनाव के लिए रिटर्निंग अफसर नामित कर दिए गए हैं। नामित अफसर तैनाती स्थल पर मौजूद रहकर पंचायत उपचुनाव कार्य शांतिपूर्ण माहौल में कराएंगे। यह जानकारी डीएम विशाल भारद्वाज ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रधान, सदस्य, बीडीसी के रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अफसरों को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन से मतगणना तक के सभी कार्य ब्लॉक कार्यालय पर होंगे। डीएम ने बताया कि उपचुनाव के लिए आठ फरवरी को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। इनकी जांच 10 फरवरी और मतदान 19 को होगा। इसके बाद 21 फरवरी को मतगणना की जाएगी। डीएम ने बताया कि पडरौना ब्लॉक के लिए उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अमित तिवारी को निर्वाचन अधिकारी व अवर अभियंता ग्रामीण अभिकरण विभाग को उप निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है। इसी तरह सेवरही ब्लॉक के लिए राजकीय होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कुबेरस्थान को निर्वाचन अधिकारी व सहायक के रूप में अवर अभियंता कार्यालय सिंचाई खंड द्वितीय, रामकोला के लिए जिला उद्योग केंद्र के जीएम को निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में अवर अभियंता लोनिवि, हाटा के लिए सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व सहायक निर्वाचन अधिकारी अवर अभियंत्रण सिंचाई खंड द्वितीय को नामित किया है। मोतीचक ब्लॉक के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं अवर अभियंत्रण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नामित किया गया है। कप्तानगंज ब्लॉक के लिए उप क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रवर्तन दल व अवर अभियंत्रण सिंचाई खंड गंडक कॉलोनी, विशुनपुरा ब्लॉक के लिए बीईओ को नामित किया गया है।

# पर्यटन पर करोड़ों खर्च, धरातल पर नहीं उतरीं परियोजनाएं



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थली कुशीनगर के विकास के लिए अब तक करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इसके बावजूद यहां आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने का कोई केंद्र नहीं बनाया जा सका है। इसका नतीजा है कि यहां पहुंचने वाले सैलानियों का दल कुछ घंटों में ही पुरातत्व विभाग के संरक्षित स्मारकों का भ्रमण कर दूसरे बौद्ध स्थल के लिए रवाना हो जाते हैं।

पर्यटन विभाग की कुछ परियोजनाएं पूरी हैं, लेकिन किन्हीं कारणों से उन्हें हस्तांतरित होने का इंतजार है। वहीं, कई परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। अगर यह परियोजनाएं धरातल पर उतरीं तो आकर्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। साथ ही आसपास के लोगों रोजगार के अवसर भी मिल सकेंगे। कुशीनगर बौद्ध अनुयायियों के लिए प्रमुख बौद्ध तीर्थस्थल है, लेकिन वर्तमान में यहां मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में छठवीं शताब्दी की लेटी महात्मा बुद्ध की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा माथा कुंवर, रामाभार स्तूप और कुछ बौद्ध देशों की तरफ से मंदिर और बौद्ध विहार कुछ हद तक विदेशी मेहमानों के लिए आकर्षण के केंद्र हैं। पर्यटन विभाग, कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, नगरपालिका व जिला प्रशासन भी करोड़ों रुपये खर्च कर चुके हैं, लेकिन कुछ एक विकास कार्यों के अलावा कोई ठोस केंद्र नहीं है, जहां पर्यटकों का दल कुछ समय बिता सके। **8.05 करोड़ से पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण-** पर्यटन विभाग पर्यटकों को लुभाने व सूचनाओं के लिए पांच एकड़ में एक भव्य पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण करा रहा है। इसके निर्माण पर करीब आठ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। निर्माण कार्य अक्तूबर 2024 से शुरू है। पूरी करने की अवधि 30 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

**हस्तांतरित न होने से धूल फांक रही परियोजनाएं**

कुशीनगर में पर्यटन को बढ़ाने के लिए 4 अगस्त 2021 को विश्व बैंक सहायतित 18.74 करोड़ रुपये की लागत से पथिक निवास का उच्चीकरण, बुद्ध विपश्यना उपवन का सुंदरीकरण, पाथ-वे, पवेलियन, दो तालाबों का सुंदरीकरण, भव्य ध्यान केंद्र, हिरण्यवती नदी पर परिक्रमा पथ का निर्माण कराया गया। वहीं फुट ओवरब्रिज, फूड प्लाजा का नवीनीकरण, हस्त शिल्पकारों के लिए आठ दुकानें व पाथ-वे के किनारे विक्टोरियन लैंप लगाने का काम किया गया है। पथिक निवास के उच्चीकरण के अलावा सभी परियोजनाएं धूल फांक रहीं हैं। हस्तांतरित और उसके संचालन नहीं होने लोगों के लिए अनुपयोगी बनी हुई हैं।

# एनएमओ के तत्वधान में 9 फरवरी को गेंद घर मैदान में होगा विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




- गुरु गोरखनाथ पंचम स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत सीमावर्ती क्षेत्र के 40 गांव में होगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन
- प्रदेश के 14 मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रोफेसर करेंगे मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण

**बहराइच।** जनपद में गुरु गोरखनाथ पंचम स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन जिला बहराइच द्वारा एक विशाल स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन 9 फरवरी दिन रविवार गेंद घर मैदान में आयोजित किया गया है। यह जानकारी नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन बहराइच की अध्यक्ष डॉक्टर सारिका साहू ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत 7 फरवरी एवं 8 फरवरी को भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में लगे हुए दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य परीक्षण, जन जागरूकता एवं विभिन्न दुर्लभ रोगों की पहचान कर उसके इलाज किया जाएगा। सीमावर्ती क्षेत्र में लगने वाले मेडिकल कैंप में प्रदेश के 15 मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रोफेसर मरीजो के स्वास्थ्य का परीक्षण करेंगे। इन मेडिकल कैंप में स्थानीय चिकित्सक भी प्रतिभाग करेंगे। मेडिकल कैंपों की समुचित व्यवस्था नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन जनपद बहराइच के डॉक्टर करेंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप का उद्घाटन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के द्वारा 6 फरवरी को ऑनलाइन माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी एवं 8 फरवरी को सीमावर्ती क्षेत्र मिहींपुरवा तथा रुपईडीहा क्षेत्र के 40 गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाकर विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, दवा वितरण के माध्यम से होगा। जिसमें 15 मेडिकल कॉलेज के 200 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रोफेसर, इंटर्नशिप मेडिकल छात्र शामिल है। सीमावर्ती तथा गेंद घर मैदान में लगने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय डॉक्टर भी शामिल होंगे। इस स्वास्थ्य यात्रा का समापन बहराइच शहर में गेंद घर मैदान में एक विशाल स्वास्थ्य मेले के आयोजन के साथ होगा। इस स्वास्थ्य मेले में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण, मोतियाबिंद ऑपरेशन, चश्मा वितरण, ब्रेस्ट कैंसर स्कैनिंग, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की निशुल्क जांच ,दांत एवं मुख्य रोगों की जांच तथा छोटे बच्चों में होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच होगी। इस स्वास्थ्य मेले में नेशनल मेडकोज आर्गेनाइजेशन ने 15000 से अधिक रोगियों के स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य रखा है । स्वास्थ्य मेले में 50 प्रतिष्ठित स्थानीय डॉक्टरों के साथ-साथ केजीएमयू ,आरएमएल तथा पी जी आई जैसे संस्थानों के 200 से अधिक प्रोफेसर, डॉक्टर्स भी शामिल होंगे। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष डॉ सारिका साहू ने बताया कि नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन बहराइच का मिशन स्वस्थ बहराइच, सुंदर बहराइच का उद्देश्य इस निश्शुल्क स्वास्थ्य मेले से पूर्ण होता दिखाई दे रहा है। प्रेस वार्ता में नेशनल मेडकोज आर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष डॉ सारिका साहू के साथ-साथ उपाध्यक्ष डॉ बृजेश शुक्ला, सचिव डॉ विकास मिश्रा, सहसचिव डॉ मनीष शुक्ला, डॉ रामेंद्र त्रिपाठी, डॉ अमिताभ मिश्रा, डॉ दिव्येश बरनवाल, डॉ प्रभात, डॉ विवेक, संयोजक धर्मेंद्र सिंह, सहसंयोजक रमेश सहित नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय , विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, जिला प्रचार प्रमुख विपिन, प्रचार टोली के सदस्य अनुराग गुप्ता, ध्रुव कुमार, प्रभंजन शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# चोरी की घटना में माल सहित एक पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफ्ल अनावरण करते हुए 01 शातिर अभियुक्त रवि शर्मा को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत, लगनशीलता एवं सुरागरसी पतारसी से थाना उत्तर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 04/25 धारा 305/ 317 (2) बीएनएस0 की घटना का सफ्ल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त रवि शर्मा पुत्र स्व0 सुनील शर्मा निवासी इन्द्रानगर नई आबादी लालऊ रोड़ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को मथुरा नगर रोड़ के पास झाड़ी युक्त खाली मैदान थाना उत्तर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित माल (01 पेन्डल, 01 अंगूठी, 01 जोडी कान की झुमकी, 02 अदद चौन, 01 जोड़ी हाथ के खडुआ तथा 250 रुपये) बरामद किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, अपराध निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह सौलंकी, उ0नि0 विधान चन्द्र चौकी प्रभारी विभव नगर, है0का0 29 शैलेश कुमार, का0 1168 रोहन दीक्षित, का0 91 नीरज कुमार कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# तीर्थयात्रियों की सेवा में लगे हैं जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा

**दूबेपुर,सुलतानपुर।** महाकुंभ स्नान के बाद अयोध्या दर्शन के लिए हरियाणा से निकले साधु-संत सुलतानपुर में भारी जाम के कारण अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। लगातार कई घंटों तक जाम में फंसे रहने से उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। भोजन और रात्रि विश्राम की उचित व्यवस्था न होने से संतगण चिंतित थे।इस कठिन परिस्थिति को देखते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार तिवारी टांडा ने तत्काल महेशरगंज स्थित अपने श्री हनुमान मंदिर में साधु-संतों के लिए भोजन एवं रात्रि विश्राम की विशेष व्यवस्था कराई। उनकी इस सेवा भावना से संतगण अभिभूत हुए और उन्होंने तिवारी जी को आशीर्वाद दिया। राजेंद्र कुमार तिवारी टांडा के इस कार्य में राकेश दुबे, राजेश शर्मा, राकेश शर्मा सहित कई अन्य सहयोगियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन सभी ने महात्माओं के ठहरने, भोजन परोसने और उनके आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा। साधु-संतों को गर्म और सात्विक भोजन उपलब्ध कराया गया, जिससे वे अत्यंत प्रसन्न हुए। पं. राजेंद्र कुमार तिवारी टांडा ने बताया कि यह सेवा कार्य अनवरत कुंभ को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ किया गया है और इसमें स्थानीय लोग भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दिन की सेवा नहीं, बल्कि जब तक संतजन इस क्षेत्र से गुजरेंगे, तब तक उनके लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।हरियाणा से आए साधु-संतों ने कहा कि इस प्रकार की सेवा करना सनातन परंपरा की सजीव मिसाल है। उन्होंने पं. राजेंद्र कुमार तिवारी और उनके सहयोगियों को उज्ज्वल भविष्य और सतत सेवा कार्यों के लिए आशीर्वाद दिया।स्थानीय लोगों ने भी इस सेवा कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे सनातन धर्म की मूल भावना और अतिथि देवो भवः के आदर्श का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# अवैध खनन करते अभियुक्त पुलिस ने पकड़ा

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा अवैध खनन करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना शिकोहाबाद में जिला खनन अधिकारी फिरोजाबाद मफतलाल द्वारा 05.02.2025 को अभियुक्त ओमवीर सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासीगण ग्राम जसलई थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद आदि 05 नफर के द्वारा संगठित गैंग बनाकर अनुचित लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से बिना अनुमति के ग्राम छीछामई में मिट्टी की चोरी कर अवैध रूप से खनन/परिवहन करना तथा कार्य सरकार में बाधा उत्पन्न करने एवं 01 टैक्टर व ट्रॉली अवैध खनन की गयी मिट्टी के साथ कब्जे में लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 68/2025 धारा 121 (1)/ 132/303(2)/ 317 (2)/ 111(1) बीएनएस0 व 4/21 खान एवं खनिज (विनियमन एवं विकास) अधि0 1957 पंजीकृत कराया था। उक्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद की पुलिस टीम गठित कर निर्देशित किया गया था। गठित टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम छिछामई के जंगल से अभियुक्त ओमवीर सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम जसलई थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उ0नि0 चमन कुमार शर्मा, उ0नि0 नवीन कुमार, है0का0 माधव सिंह थाना शिकोहाबाद।

## जे.एस. विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह मनाया गया

**शिकोहाबाद।** जे. एस. विश्वविद्यालय के अंतर्गत इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज नर्सिंग के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा 06 फ़रवरी 2025 को बी. एस. सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष (2024-25) के छात्र-छात्राओं का स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आगाज माननीय अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी, प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा रेंप वाक, सोलो एवं ग्रुप डांस, गेम्स इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, मिस फ्रेशर एवं मिस्टर फ्रेशर 2025 ऋतु एवं वीरेश रहे।

## बच्चों की प्रतिभा का चौमुखी हेतु पुस्तकालय आवश्यक: डीएम



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में प्रशासन द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि शहर और गांव सभी जगह बच्चों के अध्ययन हेतु पुस्तकालय की व्यवस्था की जाये, जिलाधिकारी का मानना है कि पुस्तकालय न केवल अध्ययन के केन्द्र बिन्दु होते है अपितु बच्चों की प्रतिभा का चौमुखी विकास भी यहाँ होता है। जिलाधिकारी का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत में एक पुस्तकालय बने, जिलाधिकारी की पहल अब रंग ला रही है। अब तक कुल 168 पुस्तकालय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है जबकि 37 कार्य प्रगति पर हैं शीघ्र ही 564 ग्राम पंचायतो में पुस्तकालयो के निर्माण का कार्य किया जायेगा। सभी 09 विकास खण्डों में सबसे अच्छी कार्य की प्रगति विकास खण्ड मदनपुर की है, जिसमें 43 पुस्तकालय बनाये जा चुके हैं जबकि विकास खण्ड नारखी में 35 पुस्तकालयों का निर्माण किया जा चुका है, इस मामले में सबसे खराब प्रगति विकास खण्ड जसराना और अरांव की है जहॉ पर केवल 04 और 07 पुस्तकालय बनाये जा चुके हैं जो लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम है। जिलाधिकारी का निर्देश है कि जिन विकास खण्डो में इस कार्य में प्रगति नहीं दिखाई दे रही है वहॉ के खण्ड विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत सचिव मिलकर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करें अन्यथा कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## लाखों का जेवर चुराकर प्रेमी के साथ फुर्र हो गई युवती

**सुल्तानपुर।** जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी क्षत्रिय युवती घर से लाखों का गहना चुरा अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।थाना कुरेभार क्षेत्र के एक गांव की युवती गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गौड़ बिरादरी युवक के साथ फरार हो गई। आरोप हैं कि युवती को भगाने में आरोपी प्रेमी की बहनों ने पूरा सहयोग किया है। युवती के पिता का कहना पूछताछ करने पर आरोपी के परिवारीजन धमकियां दे रहें हैं। उक्त लोग बिटिया की हत्या कर सकते हैं। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मन्दिर चोरी के दो अभिचारी पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मरघटी के पास स्थित मंदिर से चोरी करने वाले 02 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में रोकथाम जुर्म व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना उत्तर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 63/2025 धारा 331(4)/ 305/351(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 बाल अपचारीयों को गाँधी पार्क व बस स्टैण्ड के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उपरोक्त बाल अपचारीयों के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। विगत 30/31.01.2025 को रात में जलेसर रोड पर मरघटी के पास स्थित मन्दिर में मधुबन एन्कलेव की तरफसे खडे बैण्ड पर चढकर मन्दिर की छत से जीने पर लगे गेट की जाली को तोडकर अज्ञात चोरो द्वारा झूलेलाल मन्दिर पर रखी गुल्लक को तोडा था। जिसमें से रूपये चोरी हुए गये थे। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 63/2025 धारा 331(4)/305/ 351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पुलिस अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, अपराध निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह सौलंकी, उ0नि0 आनन्द कुमार चौकी प्रभारी गांधी पार्क, का0 1168 रोहन दीक्षित, का0 788 कुलदीप कुमार थाना उत्तर फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# राशन कार्ड धारकों से मित्रता पूर्वक व्यवहार करें कोटेदार

- फरवरी माह में 7 तारीख से होगा नि:शुल्क राशन वितरण: डीएसओ

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने बताया कि जनपद सुलतानपुर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह फरवरी 2025 के सापेक्ष आबंटित खाद्यान्न का अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारको में नि:शुल्क गेहूँ व चावल का वितरण दिनांक 07 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 के मध्य होगा।जिसके अन्तर्गत अन्त्योदय राशन कार्ड धारको को 17 किग्रा0 गेहूँ व 18 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0 नि:शुल्क) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारको को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 2.30 किग्रा0 गेहूँ व 2.70 किग्रा0 चावल (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट नि:शुल्क) दर से खाद्यान्न वितरण ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीन से होगा। नि:शुल्क खाद्यान्न के वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 25 फरवरी 2025 है। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओ को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से नियमानुसार वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

उपरोक्त के क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओ को निर्देशित किया जाता है कि उक्त वितरण तिथियों में शासन की मंशा के अनुरुप नोडल/पर्यवेक्षक अधिकारियो की उपस्थिति में उचित दर दुकान से सम्बद्ध समस्त अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारको को निर्धारित अनुमन्य मात्रा में गेहूँ व चावल का नि:शुल्क वितरण ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीन से नियमानुसार किया जाएगा।


**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता (मु.)**
जलकल विभाग, नगर निगम
ऐशबाग लखनऊ

पत्रांक : 2555/EE (M0)24-25 दिनांक 06.02.2025

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 14-02-2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 14-02-2025 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 14-02-2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय मे खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग ऐशबाग मुख्यालय में 600×600×75 साईज के मेनहोल कवरों की आपूर्ति, धरोहर धनराशि 6,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 300.00
2. जलकल विभाग ऐशबाग मुख्यालय में 665×665×75 साईज के मेनहोल कवरों के फ्रेमों की आपूर्ति, धरोहर धनराशि 7,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 300.00
3. जलकल विभाग ऐशबाग मुख्यालय में 600×600×100 साईज के आर0सी0सी0 मेनहोल कवरों की आपूर्ति, धरोहर धनराशि 6,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 300.00
4. जलकल विभाग ऐशबाग मुख्यालय में विभागीय सीवर मशीन संख्या यू0पी032 एन0एन07411 की मरम्मत इत्यादि के कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्यं रू0 500.00

(प्र.) अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

**सूचना पता परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नूर एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी फिरोजाबाद का पूर्व में पता 16 इस्लाम गंज फिरोजाबाद था। नगर निगम परिसीमन होने के पश्चात् अब नया पता 24/2, इस्लाम गंज, देवनगर रोड, फिरोजाबाद है। अब नूर एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी 24/2 इस्लाम गंज, देवनगर रोड, फिरोजाबाद के पते पर स्थित है और इसी पते पर सारे पत्राचार किए जाएंगे और इसी पते से जानी-पहचानी जाए।

रियाज़उद्दीन
प्रबन्धक
नूर एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी, 24/2 इस्लाम गंज, देवनगर रोड, फिरोजाबाद

# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज

पत्रांक :- 637/जि0पं0म0/2024-25 दिनांक : 06 फरवरी, 2025

## निविदा सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग/समस्त जिला पंचायतो में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओ की मुहरबन्द निविदा दिनांक 28.02.2025 पूर्वान्ह 12.00 बजे दिन तक आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 28.02.2025 को ही अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थित टेण्डरदाताओं एवं टेण्डर समिति के समक्ष जिला पंचायत कार्यालय महराजगंज में खोला जायेगा। निविदा जिला पंचायत महराजगंज के निर्धारित निविदा फार्म पर ही मान्य होगे। निविदा फार्म निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 25.02.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अभियन्त्रण अनुभाग में निर्धारित मूल्य जमा कर क्रय किये जा सकते है। प्रत्येक निविदादाता को अपने निविदा फार्म के साथ अनुमानित मूल्य का दो प्रतिशत जमानत की धनराशि बजरियें राष्ट्रीय बचत-पत्र/एफ0डी0आर0/जिला पंचायत की रसीद/राष्ट्रीयकृत बैकों द्वारा निर्गत सावधि जमा पत्र जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पदनाम से बंन्धक होगा मूल रूप में निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
कार्यो का विवरण निम्न है :-

| क्र. सं. | कार्यो का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | जी.एस.टी. छोड़कर (लाख रू. में) | अर्नेस्टमनी की धनराशि (लाख रू. में) | कीमत निविदा फार्म | जी.एस.टी. 18 प्रतिशत | कुल शुल्क | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड - निचलौल के महराजगंज निचलौल मुख्य मार्ग से सम्पर्क मार्ग मदनपुरा नरसिह के घर तक अवशेष सी0सी0 कार्य। | 4.36 | 3.694 | 0.7388 | 600 | 108 | 708 | तीन माह |
| 2 | विकास खण्ड - निचलौल के ग्राम सभा बहुआर में पी0डब्लू0डी0 रोड से मनीष के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 6.21 | 5.262 | 0.10524 | 900 | 162 | 1062 | तीन माह |
| 3 | विकास खण्ड - फरेन्दा के ग्राम सभा भगवतनगर परसिया टोला बसहिया सोनौली मार्ग पर प्रकाश यादव के घर से गाव के तरफ अवशेष सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.54 | 3.847 | 0.7694 | 600 | 108 | 708 | तीन माह |

1. निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार निर्माण का परिवर्तन/निरस्तीकरण का अधिकार सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ही मान्य होगा। पंजीकृत ठेकेदार को निर्माण नियमावली/अनुबन्ध के अतिरिक्त कोई क्लेम/आपत्ति मान्य नही होगा।
2. निविदा वेवासाईट www.maharajganj.nic.in पर भी देखी एवं download की जा सकती है।
3. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को सुझाव दिया जाता है कि कृपया परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर लें एवं आगणन तथा शेष नियम एवं शर्ते आदि के सम्बन्ध में जानकारी हेतु कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।
4. निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।
5. बिना कार्यदेश जारी हुये कार्य प्रारम्भ करने पर भुगतान की जिम्मेदारी जिला पंचायत की नही होगी एवं इसके लिये ठेकेदार पूर्णरूप से स्वंय जिम्मेदार होगा।

**अभियन्ता** जिला पंचायत, महराजगंज। **अपर मुख्य अधिकारी** जिला पंचायत, महराजगंज। **मा0 अध्यक्ष** जिला पंचायत, महराजगंज।

# कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :- 882/ज0क0वि0न0नि0अयो0/ई-निविदा/2024-25 दिनाक :- 06/02/2025

## तृतीय ई-निविदा सूचना पत्र

**नगर निगम अयोध्या क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन विस्तार/बदलने का कार्य कराये जाने हेतु तृतीय ई-निविदा आमंत्रण:-**

नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन विस्तार/बदलने का कार्य कराये जाने हेतु तृतीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जलकल विभाग द्वारा समस्त ठेकेदारों को 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि नगर आयुक्त महोदय के द्वारा ई-निविदा आमंत्रित करने हेतु प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में समस्त ठेकेदारों से उनके कार्य अनुभव के अन्तर्गत पाइप लाइन विस्तार/बदलने का कार्य हेतु तृतीय ई-निविदा के माध्यम से कार्य कराने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित की जाती है। समस्त नियम व शर्ते वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या को https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 10/02/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 17/02/2025 सायंकाल 05:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 18/02/2025 को 12:00 बजे तक |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जमानत धनराशि रूपया | निविदा मूल्य + 18% GST सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत संत रविदास नगर वार्ड संख्या-20 के विभिन्न स्थानों पर 100 एम0एम0 डी0आई0 के-7 टाईप पाइप लाइन बदलने का कार्य। | 84,600.00 | 1770 | 30 दिवस |
| 02. | नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत निषादराज नगर वार्ड संख्या-34 के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य। | 61,900.00 | 1770 | 30 दिवस |
| 03. | नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत झूलेलाल नगर वार्ड संख्या- 59 के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य। | 82,900.00 | 1770 | 30 दिवस |

**अपर नगर आयुक्त**
**नगर निगम अयोध्या**

# कर्मचारियों के समर्पण के बिना कंपनी को उच्च शिखर तक पहुँचाना संभव नहीं: सिंह

- हिण्डाल्को रेनुसागर में दीर्घकालीन सेवा सम्मान समारोह आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीजन स्थित प्रेक्षागृह में रेणुसागर प्रबन्धन द्वारा बीते चार फरवरी को आयोजित दीर्घकालीन सेवा सम्मान समारोह में संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को जिन्होंने संस्थान में अपनी सेवा के बहुमूल्य 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं, उन्हें दीर्घकालीन सेवा सम्मान से सम्मानित करते हुए अभिन्दन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आरपी सिंह, दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह ,हेड मानव संसाधन शैलेश विक्रम सिंह,संचालन हेड मनीष जैन,मेंटिनेश हेड जगदीश पात्रा द्वारा 21 श्रमिक वर्ग, 39 स्टाफ वर्ग सहित कुल 60 कर्मचारियों को उनके सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें उनके गृहणियों के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ,दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारी द्वारा श्रीयुत जी.डी. बिडला एवं आदित्य बिडला के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् आदित्य वंदना एवं गणेश बन्दना के उपरान्त अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि यूनिट हेड आरपी सिंह ने कहा कि हमारे सहकर्मी भाइयों ने दीर्घकाल तक अपनी कर्मठता,लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा से सेवा करते हुए संस्थान को प्रगति को नयी ऊँचाइयों पर पहुंचाया हैं हमारा संस्थान इन सहकर्मी भाईयों का सदैव कृतज्ञ है।इतना ही नही कर्मचारियों के अथक परिश्रम और समर्पण के बिना कंपनी को उच्च शिखर पर पहुँचाना संभव नहीं है।इसके पीछे कर्मचारियों द्वारा संस्थान में किये गये 25 वर्ष के अनुभवों को शेयर करे।

मुख्य अतिथि आरपी सिंह ने कहा कि किसी भी कम्पनी की प्रगति में उसके कर्मचारियों एवं गृहणियों का 25 वर्ष के अनुभव के योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है। प्रबंधन के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि संस्थान के कर्मचारी इतने लम्बे समय से कम्पनी से जुड़े रह कर कम्पनी की प्रगति में योगदान दे रहे है। इसके पूर्व श्रम संगठनों ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रबंधन एवं कर्मियों के बीच अच्छे ताल मेल से संस्थान बुलन्दियों को छू रहा है।

## मानसिक विक्षिप्त का शव पेड़ से लटका मिला

**मौदहा हमीरपुर।** गुरुवार सुबह क्षेत्र से निकलने वाले श्याम नाला के निकट एक बबूल के पेड़ पर युवक का शव लटका मिला जिसकी शिनाख्त गुसयारी निवासी सुनील कुमार के रूप में की गई है।हालांकि पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है जिनके आने के बाद पंचनामा और पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही की जाएगी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी बुजुर्ग में श्याम नाले के पास गुरुवार की सुबह गुसयारी निवासी सुनील निषाद (30) पुत्र टिप्पू निषाद का शव बबूल के पेड पर लटका हुआ मिला।मृतक के गांव का नहीं होने के कारण शव की पहचान कराने के बाद शव की शिनाख्त हुई जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और परिजनों के आने के बाद ही पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही की जाएगी। मृतक सुनील मानसिक रूप से कुछ कमजोर था जिसका मनोचिकित्सक के यहां इलाज किया जा रहा था।इसी के चलते मृतक की पत्नी लगभग चार साल पहले छोडकर चली गई थी।

# ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति ने सौंपा पत्र

- डीएम नामित पत्र एडीएम को देखकर लगाई गुहार
- सोनभद्र के विस्थापित परिवारों के युवा बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति अध्यक्ष हेमंत मिश्रा एवं भाजपा नेता पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में विभिन्न मुद्दों को लेकर डीएम नामित ज्ञापन एडीएम सहदेव मिश्रा को देखकर जांच कारक करवाई की मांग। हेमंत मिश्रा एवं डॉ धर्मवीर तिवारी ने बताया कि नार्दन कोलफील्डस लिमिटेड खडिया परियोजना आउट सोर्सिंग कम्पनी कलिंगा कमर्शियल कॉपोरेशन लिमिटेड एवं कृष्णशीला परियोजना आउट सोर्सिंग कम्पनी केएन इंटरनेशनल लिमिटेड में विस्थापित परिवार के बेरोजगारो का 70 प्रतिशत समायोजन के व एनटीपीसी लिमिटेड सिंगरौली परियोजना के माध्यम से विस्थापित समस्याओं के निराकरण कराया जाए वही श्री मिश्रा ने बताया कि स्थानीय कोल परियोजना नार्दन कोलफील्डस लिमिटेड खडिया परियोजना में आउट सोर्सिंग कम्पनी कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं कृष्णशीला परियोजना आउट सोर्सिंग कम्पनी केएन इंटरनेशनल लिमिटेड को अधिभार हटाये जाने का कार्य आवंटित किया गया है। उक्त में अवगत कराया जाना है कि आउट सोर्सिंग कम्पनियों में श्रमिको के भर्ती के नाम पर धांधली पूर्व में उजागर होती रही है साथ ही जनप्रतिनिधियो नेता, अधिकारियों अन्य को कोटा देने की कुप्रथा रही है। तथाकथित सामाजिक कार्यकर्ता तथा आउट सोर्सिंग कम्पनी के अधिकारियों की मिली से नौकरियों की बेचानिकी किया जाता है, जिससे स्थानीय विस्थापित परिवार के बेरोजगार युवकों समायोजन से वंचित रह जाते है। जबकि नार्दन कोलफील्डस लिमिटेड के निर्णय के अनुसार स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को 80 प्रतिशत समायोजन तथा शासनादेश सिंगरौली जिले के आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय विस्थापितों को 70 प्रतिशत समायोजन का प्रतिदिन है उसी के तर्ज पर जनपद सोनभद्र जिले के परियोजना के अनुसार 80 प्रतिशत तक किए जाने को निर्देशित किया जाए वहीं इसी तरह कुछ प्रमुख बिंदुओं मांग पत्र में दिए गए जिनमें उर्जाचल परिक्षेत्र में कोयला परिवहन, राख परिवहन के कारण औद्योगिक प्रदुषण का स्तर मानकों से अत्यधिक है, जिसकी रोकथाम एनजीटी के मानकों के अनुसार किया जाना चाहिए।, उर्जांचल के पुर्नवास गांव के विस्थापित परिवार जिनका नौकरी, प्लाट, दुकान, लम्बित प्रतिकर बकाया रह गया उनको दिलाया जाना सुनिर्षचत किया जाय।, उर्जाचल के पुर्नवास गांव के विस्थापित परिवार के बेरोजगार सदस्यो का एनटीपीसी सिंगरौली तृतीय चरण विस्तार कार्य में समायोजन किया जाय, एवं पीएपी के संविदा कार्यो को छोटे पैकेज में उपलब्ध कराया जाय। उर्जाचल परिक्षेत्र में औद्योगिक प्रदुषण के अत्यधिक स्तर के दृष्टिगत संजीवनी चिकित्सालय एनटीपीसी में सभी विस्थापित परिवार के सदस्यो का निषुल्क चिकित्सा उपलब्ध करायी जाय एवं सजीवनी चिकित्सालय में आवष्यक चिकित्सीय सुविधा का विस्तार किया जाय। पुर्नवास गांव के विस्थापित परिवार के बच्चों को एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना अर्न्तगत विद्यालयों में षिक्षा के अधिकार अर्न्तगत निषुल्क षिक्षा उपलब्ध करायी जाय।

## दो दिवसीय मेले में दंगल का हुआ आयोजन

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में स्वर्गीय बहादुर सिंह की 52वीं पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल दंगल का दूसरे दिन ग्राम प्रधान नोखेलाल यादव ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर शुभारंभ कराया। दूसरे दिन पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी आदि प्रांतों के नामीगिरामी पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्तियां संपन्न हुई। दंगल के दूसरे दिन नंदू मुंगुस ने राजू फतेहगढ़ को हराया। रवि फिरोजाबाद ने विक्की हरियाणा को पटकनी दी। राधेश्याम बांदा ने विवेक हरियाणा को चित किया। विवेक यादव उन्नाव ने सत्येंद्र हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में चित किया। अर्जुन टेढ़ा, रोहित मथुरा, अल्फेज प्रयागराज, भूपेंद्र मथुरा, विशाल हाथरस एवं अल्फेज देवा की कुश्ती बराबरी पर छूट गई। इसके अलावा अन्य दर्जनों कुश्तियां संपन्न कराई गई। दंगल का संचालन पहलवान मनोज कुमार ने किया। रेफरी की भूमिका सूरजपाल सिंह एवं मुन्ना पहलवान ने निभाई। इस मौके पर पूर्व प्रधान सौरभ सिंह, ज्ञानेंद्र अवस्थी, कप्तान सिंह चंदेल आदि सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

# एनसीएल में 19वीं कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में गुरुवार को मुख्यालय में 19वीं कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में प्रबंधन प्रतिनिधियों, संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी), सीएमओएआई और कंपनी सुरक्षा समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक, सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई व एनसीएल जेसीसी श्रमिक संघ सदस्य बीएमएस से श्यामधर दुबे ने बैठक की अध्यक्षता की। द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक में मनीष कुमार, निदेशक (कार्मिक), रजनीश नारायण, निदेशक (वित्त), जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), एनसीएल जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, एचएमएस से अशोक पांडे, सेफ्टी बोर्ड मेंबर्स मोहम्मद जिन्ना, एसडी तिवारी, राकेश कुमार पांडेय, इंद्रेश कुमार, नरेंद्र कुमार, राम प्रकाश मौर्या, विनय राय, तबरेज अहमद, सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह, एनसीएल की सभी परियोजनाओ व इकाइयों के महाप्रबंधकगण, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं अन्य भी शामिल हुए। एनसीएल अपने खनिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न नवाचारी पहलों को अमल में ला रही है, जिसमें रोको-टोको अभियान, सुरक्षा वार्ता, प्रशिक्षण, बैक शिफ्ट निरीक्षण, सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट और द्रुतश्रञ्ज प्लेटफॉर्म का उपयोग आदि शामिल हैं। साथ ही मोबाइल लॉकर सुविधा, ऑडियो क्लिप्स द्वारा जागरूकता, सेफ्टी माइन्स प्लान का पूर्णअनुपालन, और चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों, पारिवारिक परामर्श संगोष्ठी का नियमित आयोजन जैसी लागू की गई पहलों का बैठक में विस्तृत ब्योरा रखा गया। एनसीएल में आगामी 8 फरवरी को डीजीएमएस के तत्वाधान में वार्षिक सुरक्षा सप्ताह का पारितोषिक वितरण समारोह अमलोरी क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसमें डीजीएमएस के वरिष्ठ अधिकारीगण व एनसीएल समेत सिंगरौली परीक्षेत्र की विभिन्न कोयला खनन कंपनियां भाग लेंगी।

# ढाई माह से नहीं आया सुमेरपुर ब्रांच में पानी

अवधनामा संवाददाता



**भरुआ सुमेरपुर।** मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच में पलेवा के बाद अब तक पानी नहीं आने से किसान परेशान है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक जिलाध्यक्ष का आरोप है कि मामले की शिकायत करने से नाराज अधिकारी जानबूझकर किसानों को पानी नहीं दे रहे हैं। इससे किसानों की फैसलें बर्बाद हो रही है। इस वर्ष रबी सीजन में मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच में पलेवा के लिए 15 नवंबर के बाद पानी छोड़ा गया था। जिसके बाद अभी तक दोबारा पानी नहीं दिया गया है। इससे किसान मटर,चना,गेहूं, सरसों आदि की फसलों में निजी नलकूपों से पानी खरीद कर उन्हें बचाने को मजबूर है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष संजय सिंह बंडा ने बताया कि उन्होंने पलेवा के लिए समय पर पानी न छोड़े जाने की शिकायत उच्च स्तर पर की थी। तब पानी मिला था। इसके बाद अधिकारियों ने खुन्नस मान कर दोबारा पानी नहीं छोड़ा है। इससे फैसलें बर्बाद हो रही हैं। बंडा के किसान आशुतोष, बाबू, कमल, लल्लू, रामअवतार आदि ने बताया कि नहर में पानी नहीं आने से फसलें सूखने की कगार पर पहुंच चुकी है। सहायक अभियंता यशवीर सिंह ने बताया कि एक साथ नहर नहीं चलाई जा सकती है। चारों तरफ से पानी की डिमांड हो रही है। शुक्रवार से सुमेरपुर ब्रांच में पानी छोड़ा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### परियोजना प्रमुख अनिल कुमार श्रीवास्तव ने संभाला एनटीपीसी रिहंद का कार्यभार



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना में बुधवार को मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने एनटीपीसी रिहंद का कार्यभार संभाला। अनिल कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न पदों पर रहते हुये अपने कुशल नेतृत्व के द्वारा एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में अपनी लगन निष्ठा मेहनत एवं ईमानदारी से सफलता के नए आयाम स्थापित कर चुके हैं। अनिल कुमार श्रीवास्तव नें एनआईटी भोपाल से सन् 1986 में इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद सितंबर 1986 में एनटीपीसी पीएमआई नोएडा में बतौर कार्यपालक प्रशिक्षु के पद पर रहे। सन 1987 में इनकी पोस्टिंग इलैक्ट्रिकल मैंटेनेंस विभाग एनटीपीसी विंध्याचल में हुई एनटीपीसी विंध्याचल के अतिरिक्त अनिल कुमार श्रीवास्तव नें एनटीपीसी सिंगरौली सोलापुर बरौनी जयपुर एवं एनटीपीसी कायमकुलम में विभिन्न पदों पर रह कर एनटीपीसी परियोजना को ऊंचाइयों तक पहुँचने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इनके कुशल मार्गदर्शन से एनटीपीसी रिहंद नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

### ग्राम प्रधान के भाई पर मारपीट का आरोप

**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के ककरऊ गांव निवासी ग्रामीण ने ग्राम प्रधान के भाई द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। क्षेत्र के ककरऊ गांव निवासी माखन पुत्र जय सिंह व जितेंद्र पुत्र रामसजीवन ने थाने में तहरीर देकर बताया ग्राम प्रधान राम लखन यादव के भाई होरीलाल ने गाली गलौज किया तथा मना करने पर लाठी से धक्का दिया। तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग थाना पुलिस से की है।

### भाई भतीजे पर मारपीट करने का आरोप

**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी ग्रामीण ने भाई भतीज द्वारा दरवाजे में आकर गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी हरिओम पुत्र रामबिहारी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे भाई अरुण कुमार व कृष्ण कुमार तथा भतीजे प्रधुम्न कुमार पुत्र कृष्ण कुमार ने मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया जब मैने उनको गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### तपोस्थली में दिखा ज्ञान, अध्यात्म और तप का संगम

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के महान संत ब्रह्मलीन स्वामी रोटीराम जी की तपस्थली ग्राम इंगोहटा स्थित मुमुक्ष आश्रम इन दिनों भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। यहां स्वामी जी द्वारा वर्ष 1972 में आयोजित विशाल यज्ञ की वर्षगांठ हर वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाती है। इस पावन अवसर पर इस बार अरुण कुमार शास्त्री द्वारा भागवत पुराण कथा पर प्रवचन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त जन आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आचार्य बलदेव शास्त्री के कुशल मार्गदर्शन में वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण और यज्ञ विधि संपन्न की जा रही है।आयोजन के अंतर्गत 5 फरवरी से तीन दिवसीय रामलीला का भव्य मंचन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रभु राम की लीलाओं से प्रेरणा मिल रही है।

# चादरपोशी और लंगर में उमड़ी भीड़



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र के प्रख्यात सूफी संत हजरत पीर सुर्खरु बाबा के तीन दिवसीय उर्स में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित पीरबाबा के तीन दिवसीय उर्स के दूसरे दिन गुरुवार को सुबह बाद नमाज़ फजिर मजार ए पाक पर कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया जबकि दोपहर में मजार पर भारी लंगर का आयोजन किया गया जिसमें अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा इतना ही नहीं मोहल्ले में भी जगह जगह लंगर का आयोजन किया गया था।जबकि दोपहर बाद मोहल्ला बड़ा कसौड़ा के सफिया चौधरी और दादू भाई के यहां से धूमधाम से चादर निकाली गई जो कव्वालियों के साथ मजार पर पहुंची।वहीं बाद नमाज़ असर हजरत हकीम उददीन निजामी(हक्की बाबा) के पुराने घर से कदीमी चादर निकाली गई जो मुख्य रास्ताओं से होकर मजार ए अकदस पर पहुंची।इस दौरान हजारों की संख्या में अकीदत मंद मौजूद रहे।जबकि बाद नमाज़ इशा मजार की खानकाह पर शानदार सूफियाना कव्वालियों की महफिल का आयोजन किया गया जो देररात तक चलता रहा इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

बताते चलें कि मोहल्ला हैदरिया के लोगों के लिए पीरबाबा का उर्स त्योहार के समान होता है जिसके चलते पूरे हैदरिया मोहल्ले सहित कस्बे के लोगों में जोश देखा गया।और मजार के आसपास का इलाका दुल्हन की तरह सजाया गया था।

# इस्लामिया कॉलेज में जश्ने मौला-ए-कायनात का आयोजन

- हज़रत मौलाना सैय्यद अमीनुल कादरी की तक़रीर सुनने उमड़ा जनसमूह
- हैदर-हैदर, नारे हैदरी या अली की सदाओं से गूंज उठा इस्लामिया कॉलेज

वहाज अली निहाल



**इटावा।** इस्लामिया इंटर कालेज में बुधवार को जश्ने मौला-ए-कायनात हज़रत अली शेरे खुदा का आयोजन हुआ।कार्यक्रम स्थल मौला अली के चाहने वालों से खचाखच भर गया।हज़रत मौलाना सैय्यद अमीनुल कादरी की तक़रीर सुनने के लिए जनसमूह उमड़ पड़ा और हैदर-हैदर, नारे हैदरी या अली की सदाओं से इस्लामिया कॉलेज का मैदान गूंज उठा।हज़रत को देखने व सुनने के लिए लोग अपनी-अपनी जगह पर जमे रहे।रात्रि को बाद नमाज़ इशा के शहर से लोग कार्यक्रम स्थल की ओर पहुंचने लगे थे देखते ही देखते कॉलेज का ग्राउंड पूरा भर गया।भीड़ को देखते हुए हज़रत को मंच तक कार द्वारा ले जाया गया हर कोई आप से मिलने व देखने के लिए बेताब दिखा। जश्ने मौला-ए-कायनात कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए मालेगांव महाराष्ट्र से आये मौलाना सैय्यद अमीनुल कादरी ने कहा मौला अली काबे में पैदा इससे मौला अली को नहीं बल्कि काबे को इज्जत मिली।मौला अली जब काबे में पैदा हुए तो तीन दिन तक आंखें नहीं खोलीं जब रसूल अल्लाह सल्ल.आये और उन्होंने मौला अली को अपनी गोद मे लिया तो उन्होंने आंखें खोल दीं।मौला अली रसूल अल्लाह से बहुत मोहबब्त करते थे।मौलाना अमीनुल कादरी ने मौला अली की विशेषताओं का जमकर वर्णन किया।कार्यक्रम आयोजक हाजी अजीम वारसी, हाजी रईस अहमद चिश्ती, नदीम वारसी, वाई के शफी चिश्ती आदि ने मुख्य वक्ता सहित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना अनस रज़ा हाकमी उरई मौजूद रहे।मंच का संचालन मशहूर शायर इंतखाब आलम अशरफी रौनक इटावी के ज़िम्मे था।खा नकाये रशीदिया मैनपुरी के गद्दीनशीन अब्दुल रहमान बबलू मियां भी हज़रत के साथ कार्यक्रम में पहुंचे थे।कारी शाहवाज अनवर कादरी ने तिलावते कुरान पाक से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में मौलाना जाहिद रज़ा कादरी, मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी, मौलाना मोहसिन बरकाती, मौलाना मो.फ़ुरकान रज़ा, शायर साजिद रज़ा शमीमी सुल्तानपुरी ने शिरकत कर तक़रीर और कलाम पेश कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।कार्यक्रम में हाजी मुईन उद्दीन गुड्डू मंसूरी, हाजी हन्नान मंसूरी, हाजी फईम उद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी, शमीम वारसी, मुन्ना वारसी, बिट्टू, अनस अहमद, कलाम उद्दीन चिश्ती, अहमद अली वारसी, शकील वारसी, हाजी शेख़ शकील, शेख़ नवाब, सलमान वारसी, मुमताज चौधरी, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, राहत हुसैन रिज़वी, आरिफ रिज़वी, असरार अहमद, अमान उल्ला, साजिद अली, कामिल कुरैशी, बिलाल सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# डीपीएस के छात्रों ने किया दुबई, यूएई का शैक्षिक भ्रमण

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की शैक्षणिक गतिविधि में अब से एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। विगत वर्षों में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खेल गतिविधियों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन देने के साथ साथ अब डीपीएस के बच्चों ने दुबई, अबूधाबी, शारजाह और अजमान के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया और वहां पढ़ रहे बच्चों से मुलाकात कर विभिन्न शैक्षिक विषयों पर अपने स्वतंत्र विचार भी साझा किए।

भ्रमण के उपरांत बच्चों ने दुबई (यूएई) के कई प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों को भी देखा। सबसे पहले बच्चों ने दुबई के सबसे बड़े स्कूल÷इंडियन हाई स्कूल÷के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और बच्चों से मुलाकात के साथ साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर टेबल टॉक की, स्कूल के बच्चों के साथ फ्रेंडली बास्केटबॉल मैच खेला और उनकी शिक्षा व्यवस्थाओ को समझा और डीपीएस की शिक्षा व्यवस्थाओ को बताया और अपने इनोवेटिव आइडियाज को शेयर किया। उसके बाद दूसरे दिन यूएई के अन्य अमीरात अजमान के डीपीएस का भ्रमण किया और वहां के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और बच्चों से मुलाकात कर अपने देश के शैक्षिक अनुभव, सीबीएसई पाठयक्रम सहित कई खेल गतिविधियों सहित बेस्ट लाइब्रेरी रीडिंग टेक्नीक्स और विभिन्न इनोवेटिव फ्यूचर आइडिया पर भी अपने विचार साझा किए। अगले क्रम में बच्चे दुबई में भारतीय उच्चायोग गये और सीबीएसई के डायरेक्टर, डॉ.राम शंकर से उनके दुबई काउंसलेट में उनसे मुलाकात की। डॉ.राम शंकर ने भी सभी बच्चों का दुबई आगमन पर स्वागत करते हुए बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल कैरियर बनाने के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

डॉ.रामशंकर ने भारत सरकार द्वारा यूएई में आईआईटी, आईआईएम और ऐम्स के कैम्पस स्थापना और उसमें प्रवेश के अवसर के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में बच्चों ने यूएई के सुप्रसिद्ध बिजनेसमैन, सुप्रसिद्ध फूड ब्रांड पूरनमल स्वीट्स के सीईओ अभय अग्रवाल से भी मुलाकात की और उनके संघर्ष और सफलता के बारे में जाना, उन्होंने भी बच्चों के साथ अपने जुमेरा स्थित अपने प्रीमियम रेस्टॉरेंट वेदा बाई पूरनमल में लंच कर सभी को खूब प्रोत्साहित किया। पूरनमल स्वीट्स के यूएई में 45 से अधिक रेस्टॉरेंट हैं और उनको यूएई का हल्दीराम कहा जाता है। तीसरे दिन सभी छात्र यूएई की राजधानी अबू धाबी गये जहाँ उन्होंने अभी हाल ही में यूएई के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा स्थापित कराये गये स्वामी नारायण मंदिर जाकर दर्शन किये और बाद में विश्व की चौथी सबसे बड़ी ग्रैंड मॉस्क का भी भ्रमण किया। भ्रमण के अंत में दुबई में डेजर्ट सफारी, 2071 का फ्यूचर-फ्यूचर ऑफ़ म्यूजियम विश्व का सबसे बड़ा फ्रेम-दुबई फ्रेम, विश्व के सबसे बड़े फाउंटेन-म्यूजिकल फाउंटेन, विश्व का सबसे बड़े मॉल-दुबई मॉल, विश्व की सबसे बड़ी इमारत-बुर्ज ख़लीफ़ा के 125 वें फ्लोर का भ्रमण किया और साथ ही साथ बीच फ्रंट ऑफ अटलांटिक, जुमेराह बीच, यूएई के एक और अमीरात शारजाह के मजाज वाटर फ़्रन्ट को देखा और अंत में दुबई के खूबसूरत मरीना क्रूज पर डिनर किया। डीपीएस के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने बताया कि इस भ्रमण के माध्यम से बच्चों ने दुबई के शानदार शैक्षिक वातावरण सहित, वर्ल्ड क्लास फ्यूचर स्कूल, डिजिटल स्मार्ट लाइब्रेरी और विभिन्न वर्ल्ड क्लास गेम्स एक्टिविटीज को भी नजदीकी से देखा और सीखा है। अब भविष्य में भी डीपीएस द्वारा बच्चों के लिए वर्ल्ड क्लास कैरियर एडवांसमेंट एक्टिविटीज के तहत इस प्रकार के महत्वपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण÷का आयोजन होता रहेगा।

प्रिंसिपल भावना सिंह ने बताया कि इस विशेष शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए सभी बच्चे बेहद ही खुश है और डीपीएस परिवार के साथ जुड़कर प्राउड फील भी कर रहे हैं।

इस एजुकेशनल टूर में बच्चों के साथ डीपीएस की पीआरओ और एचआर, डॉ.सीमा त्रिपाठी और विजकिड फ्रेंड्स कॉलोनी की प्रिंसिपल मिस पूजा भी बच्चों के साथ इस टूर पर गये थे।

## बालकृष्ण की कथा का प्रसंग देख आनंद में डूबे भक्त

**कुरारा हमीरपुर।** झलोखर ग्राम में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक द्वारा कन्हैया जी की बाल लीलाओं की कथा की भक्तो को सुनाई गई। विकास खण्ड क्षेत्र के झलोखर गांव में चल रही श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन बृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य सूर्यकांत जी महाराज द्वारा कन्हैया जी की बाल लीलाओं की मनोहारी प्रसंग को सुनाया गया। वहीं गिरिराज भगवान की लीलाओ का वर्णन किया गया। बाल लीलाओं का प्रसंग सुनकर ग्रामवासी भाव विह्वल हो गये वहीं यज्ञ वेदी में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ परिक्रमा करते नजर आयी वहीं यज्ञाचार्य बृजेश तिवारी द्वारा उच्चारित वेद मंत्रों द्वारा सम्पूर्ण गांव गुंजायमान हो रहा है। यज्ञ समिति के बबलू महाराज ने बताया कि कथा का समापन व यज्ञ की पूर्ण आहुति के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन आगामी 9 फरवरी को समस्त ग्राम वासियो के सहयोग से होगा।

# उन्नाव के विवेक ने हरियाणा के सत्येंद्र को किया चित



अवधनामा संवाददाता

- टेढ़ा के दो दिवसीय दंगल व मेले का हुआ समापन

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में स्वर्गीय बहादुर सिंह की 52वीं पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल दंगल का दूसरे दिन ग्राम प्रधान नोखेलाल यादव ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर शुभारंभ कराया। दूसरे दिन पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी आदि प्रांतों के नामीगिरामी पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्तियां संपन्न हुई।

दंगल के दूसरे दिन नंदू मुंगुस ने राजू फतेहगढ़ को हराया। रवि फिरोजाबाद ने विक्की हरियाणा को पटकनी दी। राधेश्याम बांदा ने विवेक हरियाणा को चित किया। विवेक यादव उन्नाव ने सत्येंद्र हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में चित किया। अर्जुन टेढ़ा, रोहित मथुरा, अल्फेज प्रयागराज, भूपेंद्र मथुरा, विशाल हाथरस एवं अल्फेज देवा की कुश्ती बराबरी पर छूट गई। इसके अलावा अन्य दर्जनों कुश्तियां संपन्न कराई गई। दंगल का संचालन पहलवान मनोज कुमार ने किया। रेफरी की भूमिका सूरजपाल सिंह एवं मुन्ना पहलवान ने निभाई। इस मौके पर पूर्व प्रधान सौरभ सिंह, पूर्व प्रधान परशुराम प्रजापति, पूर्व प्रधान मवई बांदा लल्लू प्रजापति, राजेंद्र यादव, अनिल यादव, धरम ठेकेदार, राजू सिंह चंदेल, अमरीश वर्मा, संतोष यादव, अरुण चौरसिया, रज्जन वर्मा, ज्ञानेंद्र अवस्थी, कप्तान सिंह चंदेल आदि सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे। इसी के साथ दो दिवसीय मेले एवं दंगल का समापन हो गया।

# पाकिस्तान से पहली बार आया 68 श्रद्धालुओं का जत्था



महाकुभ में आकर बेहद खुशी हो रही है : पाक श्रद्धालू

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुंभ नगर/लखनऊ।** महाकुंभ की दिव्यता के बारे में सोशल मीडिया पर देख सुनकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लोग खुद को यहां आने से रोक ना सके और सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था बृहस्पतिवार को यहां पहुंचा। सेक्टर नौ में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में से सिंध प्रांत से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, पिछले दो तीन महीनों में जब से हमने महाकुंभ के बारे में सुना है, हमारी बड़ी इच्छा थी यहां आने की। हम खुद को आने से रोक नहीं सके।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अप्रैल माह में 250 लोग पाकिस्तान से प्रयागराज आए थे और गंगा में डुबकी लगाई थी। इस बार सिंध के छह जिलों- गोटकी, सक्कर, खैरपुर, शिकारपुर, कर्जकोट और जटाबाल से 68 लोग आए हैं जिनमें करीब 50 लोग पहली बार महाकुंभ में आए हैं।

माखीजा ने कहा कि यहां आनंद आ रहा है, बेहद खुशी हो रही है। यहां के अनुभव के बारे में कहने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। कल हम गंगा में डुबकी लगाएंगे। यहां आने पर हमें सनातन धर्म में जन्म लेने का गौरव की अनुभूति हो रही है। सिंध प्रांत के गोटकी से आये मुकेश ने बताया कि वह पहली बार भारत आये है और पहली बार कुंभ में आई है। उन्होंने कहा कि यहां पहली बार हमें अपने धर्म को गहराई से देखने जानने का मौका मिल रहा है। बहुत अच्छा लग रहा है।

सिंध से जत्था में पहुची करिश्मा ने कहा कि मैं पहली बार भारत और इस महाकुंभ में आई हूं। यहां अपनी संस्कृति को देखकर बहुत दिव्य अनुभव हो रहा है। मैं गृहणी हूं और भारत आना मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है। हम पैदा ही वहां हुए और मुस्लिमों के बीच ही रहे। सिंध प्रांत में हिंदुओं के साथ बहुत भेदभाव नहीं हैं जैसा कि मीडिया दिखाती है। लेकिन अपनी संस्कृति को देखने का मौका हमें यहां देखने को मिल रहा है।

भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) कानून को लेकर अपने विचार प्रकट करते हुए सक्कर जिले से आए निरंजन चावला ने कहा कि सिंध में ऐसा माहौल नहीं है कि लोग भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करें। लेकिन राजस्थान (पाकिस्तान के हिस्से वाला) जैसे कुछ इलाकों में हिंदुओं के लिए थोड़ी मुश्किले हैं।

## दूसरे दिन भी जाम में फंसे रहे लोग



सुबह से सड़कों पर रेंगती रहीं गाड़ियां

महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भारी गुरुवार को शहर में भीड़ के चलते सड़कें जाम हो गई हैं। बड़े वाहनों को वाराणसी-प्रयागराज मार्ग पर अंदावा में ही रोक दिया जा रहा है। इसी तरह नैनी रोड पर भी वाहनों को जेल के पहले ही रोका जा रहा है। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सड़कें जाम हो गई हैं। बड़े वाहनों को वाराणसी-प्रयागराज मार्ग पर अंदावा में ही रोक दिया जा रहा है। इसी तरह नैनी रोड पर भी वाहनों को जेल के पहले ही रोका जा रहा है। इसके कारण भयंकर जाम की स्थिति बन गई है। शहर में भी जाम की स्थिति भयावह है। शहर में मेडिकल कॉलेज से लेकर सीएमपी, बालसन चौराहा, बघाड़ा, सोहबतियाबाग, रामबाग, तुलारामबाग, बाई का बाग से लेकर नए यमुना पुल पर भीषण जाम लगा है। वाहन घंटों से रेंग रहे हैं। जाम में स्कूल के बच्चों समेत एंबुलेंस के वाहन भी फंसे हुए हैं। भारी भीड़ को देखते हुए मेले में दोपहिया वाहनों पर फिर से रोक लगा दी गई है।

अंदवा से लेकर अलोपीबाग चुंगी तक भीषण जाम लगा हुआ है। आगे जाने का कोई रास्ता ही नहीं सूझ रहा है। ट्रैफिक पुलिस के सिपाही और दरोगा मूक दर्शक बने हुए हैं।

### पांटूल पुल बंद होने से श्रद्धालुओं की बढ़ी मुसीबत

मेले में भारी भीड़ उमड़ने से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। भीषण जाम के चलते कई लोगों की ट्रेन और फ्लाइट छूट गई, जिससे यात्री बेहद परेशान नजर आए। कई इलाकों में पुलिस को यातायात नियंत्रित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। सुबह मेले में पांटूल पुल को बंद कर दिया गया, जिससे श्रद्धालु आक्रोशित हो गए। पुल बंद होने के कारण श्रद्धालुओं को वैकल्पिक रास्तों से गुजरना पड़ा, जिससे और अधिक अव्यवस्था पैदा हो गई। कई श्रद्धालुओं ने प्रशासन के खिलाफ 7 नारेबाजी भी की। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति को संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया, लेकिन भीड़ इतनी अधिक थी कि यातायात सुचारू नहीं हो सका।

बृहस्पितवार को कई वीआईपी का प्रोटोकॉल होने के कारण कुछ रास्तों पर आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे स्थिति और भी खराब हो गई है।

## महाकुम्भ की भव्यता देख योगी के कायल हुए गोवा के सीएम

- मुख्यमंत्री देव दर्शन यात्रा योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन को भी दिखाई हरी झंडी



**पणजी/महाकुम्भनगर।** तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 का आयोजन हर दिन के साथ दिव्यता व भव्यता के नए सोपानों की ओर अग्रसर है। इस दिव्यता और भव्यता का साक्षी बनने पूरी दुनिया से लोग आ रहे हैं। इसी क्रम में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने गुरुवार को राज्य सरकार की मुख्यमंत्री देव दर्शन यात्रा योजना के तहत पहली तीर्थयात्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर प्रयागराज के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने महाकुम्भ में हुई व्यवस्थाओं को लेकर जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ 2025 विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक आयोजन है। 40 करोड़ से अधिक लोग इसमें भाग ले रहे हैं, और इतने बड़े आयोजन की व्यवस्थाएं करना निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। योगी आदित्यनाथ जी ने इसे सफल बनाने के लिए शानदार व्यवस्थाएं की हैं। हम गोवा के तीर्थयात्रियों को इस पवित्र आयोजन में शामिल होने का अवसर प्रदान कर गर्व महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत भी, विकास भी विजन की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए देश के विकास के लिए भी कार्य करना है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। हमें आने वाली पीढ़ियों को हमारी विरासत से परिचित कराते हुए विकसित भारत@2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा।

### तीर्थयात्रियों के लिए दो अतिरिक्त ट्रेनें 13 व 21 फरवरी को

**प्रयागराज।** कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से संचालित यह विशेष ट्रेन महाकुम्भ 2025 के लिए तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए निर्धारित तीन ट्रेनों में से पहली है। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के साथ समाज कल्याण मंत्री सुभाष फलदेसाई, गोवा भाजपा अध्यक्ष दामू नाइक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महाकुम्भ 2025 के लिए तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए दो अतिरिक्त विशेष ट्रेनें 13 फरवरी और 21 फरवरी 2025 को मडगांव रेलवे स्टेशन से सुबह 8 बजे रवाना होंगी। प्रत्येक ट्रेन में 1,000 तीर्थयात्रियों के बैठने की सुविधा होगी। इतना ही नहीं, इसमें 18 से 60 वर्ष की आयु के बिना किसी चिकित्सीय समस्या वाले योग्य यात्री पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सीटें बुक करा सकते हैं। तीर्थयात्रियों ने इस आध्यात्मिक यात्रा को संभव बनाने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

## रील बनाने वाली जेनरेशन रीयल लाइफ की ओर हो रही अग्रसर

- महाकुम्भ 2025 की सबसे बड़ी उपलब्धि, युवाओं में बढ़ा सनातन का आकर्षण
- श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संपूर्णानंद महाराज ने युवाओं की बढ़ती भागीदारी पर जताई प्रसन्नता

**महाकुम्भ नगर।** सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम प्रयागराज महाकुम्भ में बसंत पंचमी का अमृत स्नान पूर्ण होने के बाद अब धीरे-धीरे यह आयोजन अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि 7 फरवरी से यहां अखाड़ों की रवानगी शुरू हो जाएगी। ऐसे में प्रश्न उठ रहा है कि आखिर इस महाकुम्भ की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या रही। जिस तरह समुद्र मंथन के बाद देवताओं को बहुत सारी चीजें प्राप्त हुई थीं, उसी तरह क्या इस महाकुम्भ से भी कुछ प्राप्त हुआ है। इसका जवाब श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संपूर्णानंद महाराज ने दिया है। उनका कहना है कि यह महाकुम्भ कई मायनों में बेहद सफल रहा है। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि इस बार सर्वाधिक संख्या में देश के युवा वर्ग की इसमें भागीदारी रही है। ऐसी भागीदारी आज तक नहीं देखी गई। उनका मानना है कि महाकुम्भ में इस बार 50 प्रतिशत से ज्यादा वो युवा शामिल हुए, जिनकी उम्र 30 से भी कम रही। ये दिखाता है कि सनातन के प्रति आज के युवाओं में



आस्था तेजी से बढ़ रही है और इसका श्रेय पीएम मोदी और सीएम योगी दोनों को जाता है, जिन्होंने विगत कुछ वर्षों में सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए काफी काम किया है।

महाकुम्भ 2025 में इस बार बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही है। बड़ी संख्या में युवा अकेले या अपने परिजनों को लेकर महाकुम्भ में पहुंचे हैं। संपूर्णानंद महाराज के अनुसार, विगत कुछ वर्षों में भारत में जो सांस्कृतिक पुनर्जागरण हुआ है, उससे युवाओं में सनातन संस्कृति को समझने और उसे आत्मसात करने की प्रेरणा मिली है। बड़ी संख्या में युवा महाकुम्भ में सत्संग, कीर्तन का हिस्सा बन रहे हैं। महाकुम्भ में चल रहीं राम कथा, भागवत समेत तमाम प्रवचनों में जाकर सनातन के विचारों और आध्यात्म को जानने का प्रयास कर रहे हैं। 18 से 30 वर्ष के तमाम युवा हमारे पास अपनी संस्कृति को समझने, उसका उद्देश्य जानने के लिए आ रहे हैं। आज गूगल पर सबसे ज्यादा सनातन और आध्यात्म को सर्वाधिक सर्च किया जा रहा। रील बनाने वाली युवा पीढ़ी अब रीयल लाइफ जीना चाह रही है। यह महाकुम्भ युवाओं को जागृत करने वाला साबित हो रहा है। यह आगामी पीढ़ी के लिए शुभ संकेत है। यदि हमारी भावी पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़कर आगे बढ़ेगी तो सनातन का प्रचार होगा। अपराध कम होंगे और समृद्धि बढ़ेगी।

### आरडीएसओ स्टाफ बेनिफिट फंड कमेटी द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन




**लखनऊ।** आरडीएसओ स्टाफ बेनिफिट फंड (SBF) कमेटी द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आरडीएसओ के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना था, बल्कि छिपी हुई प्रतिभाओं को भी एक सशक्त मंच प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में लगभग 60 प्रतिभागियों ने विभिन्न कला विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शामिल थे, जिन्होंने निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय मूल्यांकन सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आरडीएसओ के महानिदेशक एवं आरडब्ल्यूडब्ल्यूए (RWWA) की अध्यक्षाने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में SBF कमेटी के सदस्यों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही, जिन्होंने सफल आयोजन हेतु उत्कृष्ट प्रयास किए।

## हज़रत कासिम के जन्मदिन पर महफिल और नज़्र का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इमाम हसन के बेटे हजरत कासिम के जन्मदिन की खुशी में गुरुवार को महफिल और नज्र का आयोजन किया गया। गुलामाने शहजादे हजरत कासिम की ओर से सआदतगंज के रुस्तम नगर स्थित रौजए फातमैन के हजरत कासिम हॉल में जश्ने हजरत कासिम का आगाज कारी शेख कुमैल ने तिलावते कलामे पाक से किया। जश्न को मौलाना मोजिज अब्बास ने खिताब करते हुए हजरत कासिम की अजमत बयान की। महफिल का संचालन कम्बर नकवी ने किया। महफिल में हैदर रजा, शमूम आरफी, खुशनूद मुस्तफा, कारी गुलरेज नकी, मौलाना दानिश जैदी, मौलाना मोहम्मद अस्करी, कम्बर नकवी, फैजान जाफर, कासिम रजा आदि शायरों ने अपने कलाम पेश किये। इसी तरह हसनपुरिया स्थित मस्जिद अब्बासिया में हुई महफिल को मौलाना अरशद अली नकवी मुजफ्फरपुरी ने खिताब किया। मौलाना के खिताब के बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर अकीदतमंदों ने अपने घरों में जनाबे कासिम की विलादत की खुशी में नज्र दिलाई और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन की खुशी में शनिवार को कर्बला दियानुतदौला बहादुर में महफिल जश्ने इमाम हुसैन आयोजित होगी।

### प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई खान अब्दुल गफ्फार खान की जयंती

**लखनऊ।** स्वतंत्रत संग्राम सेनानी और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय मोती लाल नेहरू की पुण्यतिथि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और फ्रंटियर गांधी के नाम से मशहूर खान अब्दुल गफ्फार खान की जयंती गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में श्री राय ने मोती लाल नेहरू और सरहदी गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर रोशनी डाली। श्री राय ने कहा कि स्वर्गीय मोती लाल अपने समय के प्रसिद्ध वकील थे और देश की आजादी के साथ ही आजीवन गरीब और कमजोर लोगों की मदद करते रहे। कांग्रेस के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और पार्टी संगठन को मजबूती देने के साथ देश और समाज को समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाई। फ्रंटियर गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान के व्यक्तित्व पर रोशनी डालते हुए श्री राय ने कहा कि स्वर्गीय खान अब्दुल गफ्फार खान का जन्म भारत की सरहद बलूचिस्तान में हुआ था, इसलिए वह सरहदी गांधी के नाम से भारतीय राजनीति में जाने जाते हैं। देश की आजादी के आंदोलन में उनके अप्रतिम योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## घर खरीदारों को सशक्त बनाने के लिए पीएनबी ने लॉन्च किया होम एक्सपो 2025

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, ने पीएनबी होम लोन एक्सपो 2025 की मेजबानी कर रहा है, जो एक दो दिवसीय प्रमुख कार्यक्रम है तथा जिसका उद्देश्य घर खरीदारों और रियल एस्टेट निवेशकों को विशेष वित्तपोषण समाधानों का पता लगाने में मदद करना है।

पीएनबी होम लोन एक्सपो 2025 प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स, वित्तीय विशेषज्ञों और इच्छुक घर खरीदारों को एक छत के नीचे लाएगा, जो घर के स्वामित्व को अधिक सुलभ, किफायती और सुविधाजनक बनाने के लिए कई विशेष लाभ प्रदान करेगा।

एक्सपो में आने वाले लोग प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर अनुकूलित गृह ऋण साल्यूशन्स का लाभ उठा सकते हैं, साथ ही मौके पर पात्रता जांच और अनुमोदन के लिए पीएनबी ऋण अधिकारियों के साथ तत्काल परामर्श भी ले सकते हैं। इसके अलावा, घर खरीदारों को उनके सपनों के घरों पर जानकारी के साथ फैसला लेने में मदद करने के लिए विशेषज्ञ वित्तीय मार्गदर्शन उपलब्ध होगा। पात्र ग्राहक सैद्धांतिक स्वीकृति पत्र भी प्राप्त कर सकते हैं, अनुमोदित आवास परियोजनाओं में गृह ऋण लीड के 72 घंटों के भीतर अंतिम स्वीकृति पत्र जारी किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, एक्सपो में समर्पित डिजिटल टैब उपस्थित लोगों को व्यक्तिगत गृह ऋण प्रस्तावों तक तुरंत पहुंचने में मदद करेगा, जिससे आवेदन प्रक्रिया तेज और अधिक सुविधाजनक हो जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रमुख डेवलपर्स के साथ टाई-अप भी होंगे, जो पात्र ग्राहकों को विशेष लाभों के साथ-साथ विशेष संपत्ति सौदे पेश करेंगे, जिससे एक सहज और फायदेमंद घर खरीदने का अनुभव सुनिश्चित हो सकेगा।

इस मौके पर पीएनबी के एमडी एवं सीईओ श्री अशोक चंद्र ने कहा- पीएनबी में हम घर खरीदारों को अनुकूलित वित्तीय साल्यूशन्स के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो घर के स्वामित्व की उनकी यात्रा को सरल बनाते हैं। पीएनबी होम लोन एक्सपो 2025 एक व्यापक मंच के रूप में कार्य करेगा, जो सर्वोत्तम होम लोन सौदों, विशेषज्ञ वित्तीय मार्गदर्शन और विशेष लाभों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगा। पीएनबी के कार्यपालक निदेशक श्री कल्याण कुमार ने कहा- एक्सपो का उद्देश्य पीएनबी सूर्यघर सहित बैंक के होम लोन उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करना, गुणवत्तापूर्ण खुदरा ऋण उपलब्ध कराना और दीर्घकालिक ग्राहक संबंध बनाकर ब्रांड के प्रति निष्ठा को मजबूत करना भी है।

इच्छुक गृहस्वामी और निवेशक 7-8 फरवरी, 2025 को इस विशेष कार्यक्रम का हिस्सा बन कर अपने घर के स्वामित्व के सपनों को साकार करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा सकते हैं।

## हेरिटेज कॉरीडोर दिलकश नजारों का गुलदस्ता बनेगा लखनऊ

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कैसरबाग से हुसैनाबाद के बीच हेरिटेज कॉरीडोर आकार ले रहा है। लखनऊ की विरासत को संजोने के साथ ही हेरिटेज कॉरीडोर दिलकश नजारों का गुलदस्ता बनेगा। इसमें लखनऊ की तहजीब, कला और संस्कृति की झलक के साथ ही लखनऊ के लजीज व्यंजनों का जायका भी मिलेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने हेरिटेज जोन में किये जा रहे कामों के लिए हेरिटेज कमेटी गठित की है। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद में 9.75 करोड़ रुपये से बना फूड कोर्ट का शुभारम्भ हो गया है। फूड कोर्ट के ग्राउण्ड फ्लोर पर शहर के 5 प्रसिद्ध रेस्टोरेण्ट संचालित हैं। इसके अलावा पहले तल पर रेस्टोरेण्ट और कैफे खुला है, जहां पर्यटक एक ही जगह लखनऊ के लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके बगल में 21.61 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे म्यूजियम ब्लॉक का 97 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। घण्टाघर के पास 3.41 करोड़ की लागत से फ्रैगरेंस पार्क विकसित किया गया है। पार्क में एनबीआरआई हॉर्टीकल्चर काम कर रहा है, जिसके पूरा होते ही पार्क फूलों की खूशबू से महक उठेगा। हुसैनाबाद हेरिटेज जोन को अपग्रेड करने के लिए लगभग 2.40 करोड़ रुपये की लागत से प्लेसमेकिंग, फुटपाथ आदि का काम कराया गया है। इसी के साथ तांगे वाली गली और लजीज गली भी बनायी जा रही है। कैसरबाग चौराहे की दिखने लगी शान लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अंदाज-ए-अवध के तहत कैसरबाग चौराहे के सौंदर्यीकरण व फसाड इम्प्रूवमेण्ट का काम 2.50 करोड़ की लागत से कराया गया है। इससे चौराहे का हेरिटेज लुक दिखने लगा है। लगभग 2.68 करोड़ की लागत से रूट पर प्लेसमेकिंग के काम कराए जा रहे हैं। कोठी दर्शन विलास गुलिस्तां-ए-इरम के बाहरी विकास का काम भी लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। अमीरुद्दौला लाइब्रेरी में कैफे, फाउण्टेन, लाइब्रेरी लॉन आदि के संचालन व अनुरक्षण के लिए ऑपरेटर के चयन को आरएफपी आमंत्रित की जा रही है। जगमगाने लगा बेगम हजरत महल पार्क हजरतगंज में परिवर्तन चौक के पास स्थित बेगम हजरत महल पार्क भी जगमगाने लगा है। इसके लिए लविप्रा ने लगभग 8.54 करोड़ की लागत से पार्क में सौंदर्यीकरण कार्य कराये गये हैं। पार्क के सभी फाउण्टेन संचालित हैं और नया ग्लोब लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसके अलावा 3.45 करोड़ से बटलर झील के पुनर्विकास व सौंदर्यीकरण का काम आखिरी चरण में है। बटलर पैलेस कॉम्पलेक्स व गेट के संरक्षण व पुनर्स्थापन का काम लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो गया है। हेरिटेज कमेटी करेगी निगरानी हेरिटेज जोन व स्मार्ट सिटी के तहत कराए जा रहे कामों को गुणवत्ता व कलात्मकता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के लिए मण्डलायुक्त ने हेरिटेज कमेटी गठित की है। कमेटी में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जोहरा चटर्जी, एकेटीयू के आर्किटेक्चर एण्ड प्लानिंग विभाग की डीन डॉ. वंदना सहगल, फिल्म निर्माता मुजफ्फर अली, रानी मीरा अली, अभिनेता अनिल रस्तोगी, आर्ट्स कॉलेज के पूर्व प्राचार्य जय कृष्णा अग्रवाल, लेखक व कलाकार नीलेश मिश्रा, लेखक प्रस्तुतकर्ता यतीन्द्र मिश्रा व कंजर्वेशन आर्किटेक्ट अंतरा शर्मा व शिखा जैन को शामिल किया गया है।

सभी क्षेत्र वासियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं



पिंटू गुप्ता

ग्राम प्रधान मधुबनी, मिठौरा विकास खंड, महराजगंज।

सभी क्षेत्र वासियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं



विजय शर्मा

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मठिया, विकास खंड मिठौरा, महराजगंज।